हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 19.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 144 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 23 को

**रांची :** मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक मंगलवार को अपराह्न 03:00 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### एसीबी ने रिश्वत लेते अंचल सीआई सहित दो को किया गिरफ्तार

**गिरिडीह :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी धनबाद) की टीम ने गुरुवार को जमीन की दाखिल खारिज करने के एवज में बेंगाबाद अंचल कार्यालय के राजस्व उप निरीक्षक सुरेंद्र यादव और सहयोगी (दलाल) मुकेश कुमार को रंगे हाथ छह हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। टीम एसीबी की टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद ले गयी। बताया गया कि लक्ष्मी कुमारी बरनवाल की ओर से बेंगाबाद अंचल के मोतीलेदा गांव में जमीन खरीदी की गई थी। इसके दाखिल खारिज के लिए तमाम कागजातों के साथ आवेदन दिया गया था। जानकारी के मुताबिक मोतीलेदा में खाता नंबर 74 खेसरा 4045 रकबा 7.34 डिसमिल जमीन का दाखिल खारिज करने के लिए अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी से मिलकर दाखिल खारिज से संबंधित कागजात उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद अंचल अधिकारी की ओर से संबंधित कर्मचारी सह अंचल निरीक्षक सुरेंद्र यादव से मिलने को कहा गया। दाखिल खारिज के लिए सुरेंद्र यादव की ओर से 15000 रुपये की मांग की गई थी।

### एसीबी ने छह हजार रुपये घूस लेते लिपिक को किया गिरफ्तार

**दुमका :** एसीबी की टीम ने जामताड़ा जिला के झारखंड शिक्षा परियोजना के समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय के लिपिक सौरव कुमार सिन्हा को छह हजार रुपये घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम ने गिरफ्तार लिपिक को दुमका एसीबी कार्यालय लेकर गुरुवार को पहुंची। जामताड़ा जिला के समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय के लिपिक सौरव कुमार सिन्हा ने सीआरपी रासबिहारी झा जो नाला में प्रतिस्थापित हैं उनके एक साल के मानदेय भुगतान को लेकर आठ हजार रुपये के रिश्वत की मांग की थी।

### स्वास्थ्य मंत्री ने कई डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

# अगले तीन वर्षों में सभी मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से क्रियाशील होंगे : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रांची स्थित एनएचएम सभागार में स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार द्वारा बंपर बहाली एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिसमें 33 मेडिकल ऑफिसर और 33 सीनियर मेडिकल ऑफिसर शामिल है। समारोह का उद्देश्य राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त करना और मानव संसाधन की कमी को दूर करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उस समय विशेष संदेश सामने आया, जब हिजाब पहनकर नियुक्ति लेने पहुंची एक महिला डॉक्टर को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सम्मानपूर्वक सलाम कर नियुक्ति पत्र सौंपा। यह दृश्य संविधान, नारी सम्मान, धार्मिक स्वतंत्रता और समावेशी शासन व्यवस्था का प्रतीक माना गया। इस अवसर पर डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में पहचान पहनावे से नहीं, बल्कि योग्यता से होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बेटियों, माताओं और सभी धर्मों का समान सम्मान करती है तथा सम्मान के साथ सेवा का अवसर देना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और भाईचारे का प्रतीक है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल नियुक्ति पत्र वितरण नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बीते 11 महीनों में झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए गए हैं और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। डॉ. अंसारी ने आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अगले तीन वर्षों में सभी मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से क्रियाशील होंगे। करीब 10 हजार और नियुक्तियां की जाएंगी।

सभी सिविल सर्जनों को रिक्त पदों की अद्यतन सूची भेजने के निर्देश दिए गए हैं। नए वर्ष के पहले महीने में डॉक्टरों की एक और बड़ी बहाली की जाएगी। अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आवेदन किया है। सदर और रेफरल अस्पतालों का पूर्ण डिजिटलीकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और मंत्री आवास में सेंट्रल कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित किया जाएगा, जिससे रियल टाइम पेशेंट मॉनिटरिंग और हेल्थ डेटा एनालिसिस संभव होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि झारखंड में मेडिको सिटी की स्थापना की जाएगी। ब्लड और जेनेटिक डिसऑर्डर के इलाज के लिए भी नई पहल की जा रही है। सभी जिलों में ब्लड सेपरेशन यूनिट मशीन के लिए नौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। रांची सदर अस्पताल में सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट स्थापित की जाएगी। राज्य गठन के 25 वर्षों बाद पहली बार झारखंड में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय बॉलीवुड फिल्म 'मुर्गा ट्रॉफी' की टीम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बॉलीवुड फिल्म मुर्गा ट्रॉफी की टीम ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री से फिल्म के डायरेक्टर शशि वर्मा ने झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं से जुड़ी कई पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर फिल्म प्रोड्यूसर सुजीत उपाध्याय, चंदन आनंद, विजया लक्ष्मी, को-प्रोड्यूसर जयराम महतो उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री से मिले एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक, दीक्षांत समारोह का दिया न्योता



**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. (डॉ.) गौतम सूत्रधर ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 29 दिसंबर को होने वाले एनआईटी जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। निदेशक ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही समारोह की तैयारियों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी गई। बताया गया कि कार्यक्रम में करीब एक हजार छात्र-छात्राओं को डिग्री दी जाएगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और उच्च शिक्षा में एनआईटी जमशेदपुर के योगदान की प्रशंसा की।

# केंदुआडीह गैस रिसाव : पीएमआरसी की टीम ने संभाला मोर्चा, नाइट्रोजन इंजेक्शन शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिले के केंदुआडीह क्षेत्र में बीते कई दिनों से जारी गैस रिसाव की समस्या प्रशासन और वैज्ञानिक टीम के लिए गंभीर चुनौती बनी हुई है। गैस के रिसाव से आसपास के इलाकों में दहशत का माहौल है। प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी उपायों के साथ विशेषज्ञों की टीम मौके पर डटी हुई है। गैस रिसाव पर नियंत्रण के लिए पीएमआरसी (पेट्रो माइंस रिसर्च सेंटर) की टीम ने गुरुवार से नाइट्रोजन इंजेक्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रो। बीसी पाणिग्रही ने बताया कि नाइट्रोजन इंजेक्शन से पहले बोरहोल की पूरी वैज्ञानिक प्रक्रिया अपनाई गई है। पहले 6 इंच का बोरहोल किया गया, उसके बाद 3 इंच का बोरहोल कर गैसिंग की गई, फिर नाइट्रोजन इंजेक्शन शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान गैस कंट्रोल की विजन मॉनिटरिंग की जा रही है जिससे यह आकलन किया जा सके कि गैस रिसाव पर कितना प्रभावी नियंत्रण हो रहा है।

प्रो. पाणिग्रही ने बताया कि नियंत्रण की गति अंदर की स्थिति पर निर्भर करती है। क्योंकि अंदर की वास्तविक परिस्थितियां प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देतीं। अनुमान और तकनीकी आकलन के आधार पर ही स्थिति का मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि अंदर कोई बड़ी तकनीकी समस्या नहीं रही, तो हालात जल्द सामान्य हो सकते हैं। अन्यथा इसमें कुछ और समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि नाइट्रोजन इंजेक्शन से ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आती है और कूलिंग इफेक्ट उत्पन्न होता है जिससे अंदर चल रही रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि इलाके में तीन स्थानों पर बोरहोल किया जाना है। इनमें से पहला प्वाइंट पूरा किया जा चुका है। दूसरे प्वाइंट पर जल्द काम शुरू होगा, जबकि तीसरा प्वाइंट बाउंड्री के पास होने के कारण अंत में किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान मिथेन गैस की मौजूदगी सामने आई है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अंदर की रिएक्शन अभी भी सक्रिय है। क्षेत्र में सामान्य रूप से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, मिथेन, ऑक्सीजन और नाइट्रोजन गैस मौजूद हैं। पीएमआरसी के चीफ साइंटिस्ट नागेश्वर शाहा ने बताया कि फायर कंट्रोल की स्थिति की जांच के लिए विशेषज्ञ टीम लगातार काम कर रही है।

# लोकसभा में हंगामें के बीच 'वीबी-जी राम जी' विधेयक पारित




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा ने गुरुवार को हंगामें के बीच 'विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी' या वीबी - जी राम जी विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित किया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार और उत्पाद की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। विधेयक को पारित करने के बाद लोकसभा की कार्यवाही को दिनभर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

यह विधेयक मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 की जगह लेने के लिए लाया गया है। यह एक नया प्रस्तावित ग्रामीण रोजगार कानून गांवों में प्रति परिवार साल में 125 दिन का रोजगार प्रदान करेगा। इसमें विकासोन्मुख कार्यों पर जोर दिया गया है और केंद्र और राज्य दोनों की भागीदारी तय की गई है। खर्च में केन्द्र का 60 प्रतिशत और राज्यों का 40 प्रतिशत योगदान रहेगा। वहीं पहाड़ी राज्यों में यह अनुपात 90-10 का होगा। लोकसभा में कल रात करीब 1.30 बजे तक विधेयक पर चर्चा की गई और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर हुई इस चर्चा का आज उत्तर दिया। हालांकि इस दौरान विपक्षी सदस्य सदन के बीचों-बीच आकर नारेबाजी करते रहे।

चर्चा का उत्तर देते हुए केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा की खामियां बतायीं और कहा कि राज्यों ने श्रम पर अधिक और सामग्री की खरीद पर कम खर्च किया है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत विशाल धनराशि का प्रवाधान किया गया है। इस विशाल धनराशि के आवंटन के माध्यम से हम न केवल बेहतर रोजगार के अवसर पैदा करेंदे और अधिक नौकरियां सृजित करेंगे बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इन संसाधनों का प्रभावी उपयोग विकसित भारत मॉडल गांवों के विकास के लिए किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से परिकल्पित विकसित भारत मॉडल में गांव आत्मनिर्भर, रोजगार से समृद्ध, गरीबी मुक्त और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। ये गांव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास केंद्र, डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय, प्रशिक्षण केंद्र, कंप्यूटर प्रयोगशालाएं और अन्य प्रयोगशालाएं प्रदान करेंगे। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा में पीछे न रह जाए।

नाम को लेकर हो रहे विवाद पर उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के लिए कई वर्षों पहले से योजनाएं बन रही हैं। नरेगा से पहले भी लगातार सरकारों ने रोजगार गारंटी योजनाएं शुरू की हैं। वर्ष 2009 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए महात्मा गांधी का नाम नरेगा में जोड़ा गया था। उन्होंने प्रियंका गांधी के आरोपों के जवाब में उन योजनाओं को गिनाया जिसमें नेहरू और गांधी का नाम था। चौहान ने कांग्रेस पर गांधी जी के आदर्शों का अनादर करने का आरोप लगाया।

## 'वीबी-जी राम जी बिल' गरीब विरोधी कांग्रेस करेगी पुरजोर विरोध : प्रियंका



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा से गुरुवार को पारित विकसित भारत- रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक को गरीब विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी। प्रियंका ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि इस विधेयक से मनरेगा खत्म होने जा रहा है। हम इसका पूरी तरह विरोध करेंगे। इस पर सभी विपक्षी पार्टियां सहमत हैं। इसमें लोगों की मजदूरी के दिन 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर देना सिर्फ एक चालाकी है। उन्होंने कहा कि जैसे ही इस विधेयक के खर्च का बोझ राज्य सरकारों पर पड़ेगा, धीरे-धीरे मनरेगा बंद होने लगेगी। मनरेगा योजना देश के सबसे गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा रही है और कोरोना जैसी मुश्किल परिस्थितियों में भी यह उनके साथ खड़ी रही। यह विधेयक गरीब-मजदूरों के खिलाफ है और कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी।

# भारत सरकार प्रवासियों के कल्याण को प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

एजेंसी



**ओमान :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विविधता को भारतीय संस्कृति की नींव बताते हुए गुरुवार को कहा कि यह एक ऐसा मूल्य जो उन्हें किसी भी समाज में घुलमिल जाने में मदद करता है। ओमान में भारतीय समुदाय के प्रति सम्मान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सह-अस्तित्व और सहयोग भारतीय प्रवासी समुदाय की पहचान रहे हैं। प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों के कल्याण के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि जब भी और जहां भी हमारे लोगों को मदद की जरूरत होती है, सरकार उनका हाथ थामने के लिए तत्पर रहती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत और ओमान के बीच मांडवी से लेकर मस्कट तक सदियों पुराने संबंध हैं और प्रवासी समुदाय कड़ी मेहनत और एकजुटता के माध्यम से इसे पोषित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने समुदाय के कल्याण के लिए सुल्तान हैथम बिन तारिक के समर्थन के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने गुरुवार को मस्कट में भारतीय समुदाय की विशाल सभा को संबोधित किया। श्रोताओं में विभिन्न भारतीय स्कूलों के 700 से अधिक छात्र शामिल थे। ओमान में भारतीय स्कूलों के लिए यह वर्ष विशेष महत्व रखता है। यह देश में उनकी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत केवल बाजार नहीं बल्कि वस्तुओं और सेवाओं से लेकर डिजिटल समाधानों तक, दुनिया के लिए एक आदर्श है। उन्होंने पुष्टि की कि भारत-ओमान साझेदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहयोग, डिजिटल शिक्षा, नवाचार साझेदारी और उद्यमिता आदान-प्रदान के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार हो रही है। उन्होंने युवाओं से बड़े सपने देखने, गहन ज्ञान प्राप्त करने और साहसिक नवाचार करने का आह्वान किया ताकि वे मानवता के लिए सार्थक योगदान दे सकें।

प्रधानमंत्री ने भारत की परिवर्तनकारी वृद्धि, परिवर्तन की गति और व्यापकता तथा पिछली तिमाही में 8 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि से परिलक्षित अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बात की। उन्होंने पिछले 11 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में अवसंरचना विकास, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, हरित विकास और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में परिवर्तनकारी बदलाव हुए हैं।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व स्तरीय नवाचार, स्टार्टअप और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करके 21वीं सदी के लिए खुद को तैयार कर रहा है। भारत की यूपीआई (जो वैश्विक स्तर पर किए गए सभी डिजिटल भुगतानों का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है) गर्व और उपलब्धि का विषय है।

## मोदी ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित



**नयी दिल्ली :** ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने भारत-ओमान संबंधों में उनके असाधारण योगदान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'ऑर्डर ऑफ ओमान' पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने यह सम्मान दोनों देशों की पुरानी दोस्ती को समर्पित किया। सुल्तान कबूस बिन सईद ने 1970 में इसे स्थापित किया था। ऑर्डर ऑफ ओमान कुछ चुनिंदा वैश्विक नेताओं को सार्वजनिक जीवन और द्विपक्षीय संबंधों में उनके योगदान की पहचान के रूप में दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर इसे भारत और ओमान के बीच स्थायी दोस्ती की पुष्टि बताया। उन्होंने सम्मान दिए जाने की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने यह सम्मान भारत और ओमान के बीच पुरानी दोस्ती को समर्पित किया। उन्होंने इसे भारत के 1.4 अरब लोगों और ओमान के लोगों के बीच गर्मजोशी और स्नेह को दर्शाने वाला बताया।

# बच्चे की पिटाई का वीडियो वायरल सीएम के निर्देश पर आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के बरही थाना क्षेत्र में एक 11 वर्षीय बच्चे की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को इस पर संज्ञान लेते हुए हजारीबाग पुलिस को कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस ने बिना देरी किए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को रस्सी से बांधकर सड़क पर पैदल चलवाते हुए थाना तक लाई। दरअसल, यह घटना बरही थाना क्षेत्र में हुई। क्रिकेट खेलने के दौरान दो बच्चों के बीच विवाद हुआ था। इस दौरान एक बच्चे के पिता आलोक गुप्ता ने दूसरे बच्चे के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो किसी ने रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में 17 दिसंबर को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर मामले का संज्ञान लिया। उन्होंने हजारीबाग पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। बरही थाना पुलिस ने एक टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई की।

एसडीपीओ बरही अजीत कुमार विमल ने बताया कि पीड़ित बच्चे की मां से आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी आलोक गुप्ता को युवराज होटल के पास से गिरफ्तार किया। आलोक गुप्ता बरही थाना क्षेत्र के हरीनगर, गया रोड का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को रोड मार्च भी कराया। पुलिस के अनुसार, इसका उद्देश्य बच्चों के साथ हिंसा और अमानवीय व्यवहार के प्रति सख्त संदेश देना था। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### बाइक सवार ने बस को मारी टक्कर, दो घायल

**बरही :** बरही गया रोड स्थित भामाशाह सरस्वती शिशु विधा मंदिर के नजदीक बाइक सवार दो युवकों ने पीछे से बस में टक्कर मार दिया, जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जितेंद्र कुमार उम्र करीब 20 वर्ष पिता किशोर रविदास एवं बिट्टू कुमार पिता विक्की रविदास के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के मदद से दोनों घायल युवकों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बिट्टू कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया।

### होमगार्ड पारस सिंह का श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**बड़कागांव :** होमगार्ड पारस सिंह के निधन हो जाने पर निवास जमीरा में श्रद्धांजलि दी गई। होमगार्ड पारस सिंह का निधन 5 दिसंबर को इलाज के दौरान हो गई था, निधन के 12 दिन बाद ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया, जहां पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उनका पुत्र उदय सिंह ने किया। इस समारोह में विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल होकर उनके तस्वीर के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित किया। पारस सिंह के श्रद्धांजलि समारोह में इंस्पेक्टर ललित कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, संजय सागर, सदानंद शर्मा पिंटू कुमार कुशवाहा,आनंद राज दिलीप महतो आदि शामिल हुए।

### पेंशनर कल्याण समाज बरही ने मनाया पेंशनर समाज का स्थापना दिवस

**बरही :** बरही प्रखंड परिसर स्थित बुद्धिजीवी मंच कार्यालय में झारखंड पेंशनर कल्याण समाज अनुमंडल इकाई बरही की ओर से पेंशनर समाज स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया। इस अवसर पर स्थानीय पेंशनरों ने बुधवार को पेंशनर समाज का स्थापना दिवस केक काटकर हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राष्ट्रपति पुरस्कृत ईशो सिंह एवं संचालन महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। अध्यक्ष ईशो सिंह एवं महासचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने बताया कि 17 दिसंबर 2001 को राज्य पेंशनर समाज की स्थापना हुई थी। जिसके 24 वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में पेंशनर समाज के सदस्य उपस्थित रहे और संगठन की मजबूती, पेंशनरों की समस्याओं व अधिकारों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान ईशो सिंह ने अपने संबोधन में पेंशनर समाज की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एकजुट होकर पेंशनरों की हित में संघर्ष जारी रखने की बात कही।

### नव दंपति को पौधा देकर दी बधाई, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के राम जानकी मंदिर गुरु चट्टी निवासी निवासी डॉ अमोल विश्वास के पुत्र अभिषेक विश्वास, बहू मून विश्वास के शादी रिसेप्शन पार्टी में प्रबुद्ध लोगों ने फलदार पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण एवं सुखमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह,केनरा बैंक के प्रबंधक शशि बगे, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, श्मशान घाट सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, कांग्रेस नेता संजय तिवारी, मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, देवी मंडप मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष वीरेंद्र महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, बैद्यनाथ महतो, सरोज महतो ,सनी कुमार ,दीपक महतो व अन्य उपस्थित थे।

## संसद में सांसद मनीष जायसवाल ने किया परमाणु ऊर्जा विधेयक का पुरजोर समर्थन

# परमाणु ऊर्जा से लोगों के जीवन में आयेगा सुधार : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीजेपी सांसद मनीष जायसवाल ने संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार मुखर रहकर जनहित के मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया है। इसी कड़ी में बुधवार को उन्होंने भारत को बदलने के उद्देश्य से लाए गए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और संवर्धन का विधेयक, 2025 जिसे संक्षेप में 'शांति बिल' कहा गया है। उसपर अपना समर्थन वक्तव्य देते हुए इसे भारत का भविष्य, ऊर्जा शक्ति, आर्थिक विकास और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व से जुड़ा एक दूरदर्शी और परिवर्तनकारी विधेयक बताया। परमाणु कार्यक्रम के पुरोधा डॉ. होमी भाभा और डॉ. विक्रम साराभाई को नमन करते हुए बीजेपी सांसद सांसद जायसवाल ने चर्चा की शुरूआत की। सांसद मनीष जायसवाल ने विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष के भय के वातावरण पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केवल सुरक्षा और दुर्घटना के डर में जीते रहने से किसी राष्ट्र का भविष्य तय हो सकता है? क्या सड़क दुर्घटनाओं के डर से सड़कें बंद कर देनी चाहिए? क्या विमान दुर्घटनाओं के डर से हवाई यात्राएँ रोक दी जानी चाहिए? देश यह नहीं भूला है कि पहले बाहरी शक्तियों के दबाव के कारण परमाणु परीक्षण जैसे निर्णयों पर बार-बार झुकना पड़ा था। कांग्रेस के भय के कारण 25 सालों तक इस निर्णय को



लंबित रखा गया। उन्होंने याद दिलाया कि देश ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पोखरण में परमाणु परीक्षण करके विश्व की परवाह किए बिना, भारत को आत्म-सम्मान और सामरिक शक्ति प्रदान की थी। सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट किया कि आधुनिक भारत ने हर क्षेत्र में दुर्घटनाओं पर नियंत्रण की क्षमता विकसित की है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज में इसके पीछे मजबूत नीतियां, तकनीक और जवाबदेह शासन है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपीए शासनकाल में दुर्घटनाएँ और अव्यवस्था आम बात थी जबकि आज हर क्षेत्र में सुरक्षा के साथ-साथ नीतियों को अच्छी तरह से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि मोदी सरकार डर के आधार पर नहीं, तथ्य, विज्ञान और उत्तरदायित्व के आधार पर निर्णय लेती है। यही कारण है कि आज हम परमाणु क्षमता में भी बढ़ रहे हैं, देश को सशक्त बना रहे हैं और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं कर रहे हैं। अपने गृह क्षेत्र झारखंड का उदाहरण देते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने परमाणु ऊर्जा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस ऊर्जा से हम थर्मल पावर (कोयला आधारित बिजली) को रिप्लेस करेंगे, जिससे झारखंड के हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा जैसे जिलों को कोयले और राख (झाँई) के परिवहन से होने वाले प्रदूषण और परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। इस परमाणु ऊर्जा से हम लोगों के जीवन में सुधार लाएंगे। अंत में सांसद मनीष जायसवाल ने इस विधेयक को भविष्य की जरूरत, वर्तमान की चुनौती का समाधान और भारत की आकांक्षाओं का प्रतीक बताते हुए इसका पुरजोर समर्थन किया।

## बड़कागांव में बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड में आज दिन भर बिजली की आंख मिचौनी होती रही। बड़कागांव में आज आधा एक घंटा के लिए बिजली आई और फिर गायब हो गई। आज 6:30 बजे तक बिजली नहीं थी, जिसे बड़कागांव प्रखंड अंधेरे में रहा। जिस कारण सिंचाई, पानी सप्लाई एवं इलेक्ट्रॉनिक दुकान प्रभावित रहा। यहां बिजली की आंख मिचौनी कोई नई बात नहीं है बल्कि यहां हर दिन आंख मिचौनी होती रहती। इस संबंध में बड़कागांव के लोगों का कहना है कि एनटीपीसी के आने से पहले कहा जाता था कि एनटीपीसी का स्थापित होने से बिजली 24 घंटे मिलेगी, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। एनटीपीसी कोल कंपनी में बिजली जलती नजर आती है, वही बरकागांव में बिजली नहीं रहने कारण अंधेरे में रहता है। विद्यार्थियों का कहना है की पढ़ाई लिखाई के दौरान ही बिजली नहीं रहती है जिस कारण पठन पाठन पत्थर में भी परेशानी होती है। बिजली नहीं रहने के कारण बड़कागांव प्रखंड के गांव देहात में अंधेरा छाया रहता है। यहां बिजली कब आती है, कब चली जाती है, इसका कोई ठौर ठिकाना नहीं रहता है। बिजली की आंख मिचौनी के कारण लोग इनवर्टर भी चार्ज नहीं कर पाते है। इस कारण लोगों को अंधेरे में भी बिताना पड़ रहा है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह बड़कागांव पश्चिम मंडल के सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार का कहना है कि अगर बिजली में सुधार नहीं होगी,तो संवैधानिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साव का कहना है कि बिजली की स्थिति बड़कागांव में बेहतर नहीं है। जबकि उपभोक्ता समय पर बिजली बिल दे रहे हैं।

## गौरियाकरमा में बरही विधायक ने दो उन्नयन कार्यों का किया शिलान्यास



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने डीएमएफटी मद से दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने मध्य विद्यालय गौरियाकरमा में चार नए कमरों के निर्माण एवं चरवाहा प्राथमिक विद्यालय गौरियाकरमा के उन्नयन कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। जानकारी के अनुसार मध्य विद्यालय गौरियाकरमा में चार अतिरिक्त कमरों के निर्माण पर लगभग 91 लाख रुपये की लागत आएगी, वहीं चरवाहा प्राथमिक विद्यालय गौरियाकरमा के उन्नयन कार्य पर 43 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन दोनों योजनाओं के पूर्ण होने से विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत होगी और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए मजबूत शैक्षणिक ढांचा जरूरी है, इसी उद्देश्य से विद्यालयों में भवन, कक्षाओं एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि आगे भी शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारा जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय मुखिया कुमारी मीरा यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, उपमुखिया संजय कुशवाहा, प्रधानाध्यापक कंचन कुमार, नागेश्वर यादव, अमरेंद्र यादव, मनोज विश्वकर्मा, सूरज मेहता, घनश्याम मेहता, छोटू यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## यातायात नियमों की अनदेखी पड़ेगी भारी, चौपारण में सघन वाहन जांच, 46 वाहनों पर कार्रवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** सड़क सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चौपारण पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव की सक्रिय निगरानी भी रही, जिससे जांच कार्य और अधिक प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। अभियान के दौरान थाना गेट के सामने से गुजरने वाले दोपहिया वाहनों को रोककर बारीकी से जांच की गई। बिना हेलमेट और वैध कागजात के अभाव, ट्रिपल राइडिंग तथा नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर विशेष सख्ती बरती गई। कुल 46 वाहनों की जांच की गई, जिनमें नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की गई। जुमार्ने की राशि का निर्धारण संबंधित कार्यालय द्वारा किया जाएगा। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यह अभियान आवश्यक हो गया था। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा अपराधियों की आवाजाही पर रोक लगाना है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार बनें। वहीं सीओ संजय यादव ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि क्षेत्र में अनुशासन बना रहे और सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़े।

## पीएम श्री मध्य के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** पीएम श्री मध्य के विद्यार्थियों को रांची के हुंडरू फॉल, भगवान बिरसा जैविक उद्यान में शैक्षणिक भ्रमण व वन भोज कराया गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की टीम ने हुंडरू फॉल एवं पहाड़ों एवं चट्टानों का अध्ययन किया। इसके बाद नाव यात्रा का भी आनंद लिया। तत्पश्चाप विद्यार्थी ने वन भोज किया। हंड्रफ हॉल के बाद शिक्षकों एवं विद्यार्थी की टोली भगवान बिरसा मुंडा जैविक उद्यान का यात्रा किया यहां बाघ, शेर, हाथी, मगरमच्छ, घड़ियाल, हिरण, दरियाई घोड़ा, नीलगाय, लकड़बग्घा, सियार आदि जानवरों का अवलोकन किया। मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा विभिन्न जानवरों के बारे में खानपान रहन-सहन एवं उसकी विशेषता बताई गई। शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व शिक्षक चेतलाल राम, हेमेंद्र कुमार, दीपक राणा कमलेश श्रीवास्तव, रवि कुमार रवि, संजय सागर, राजू कुमार, देवनाथ कुमार, शिक्षिका निगार सुलताना, उषा कुमारी, पुष्पा कुमारी, रजनी कुमारी, बसंती कुमारी ने किया। मौके पर तिलेश्वरी कुमारी, राधिका कुमारी, करिश्मा कुमारी, सोनी कुमारी, छोटू कुमार, शिवम मिश्रा, किरण कुमारी,साहिल कुमार, कृष्ण कुमार, डालेश्वर कुमार, कन्हैया कुमार, सत्यम कुमार, शिवांशु कुमार, विक्रम कुमार समेत दर्जनों विद्यार्थी शामिल थे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, ब्लैकमेल और जान से मारने की धमकी का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने, पैसे की मांग और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ग्राम भटको, थाना मनिका, जिला लातेहार की निवासी है। पीड़िता द्वारा बरही थाना में दिए गए लिखित आवेदन में आरोप लगाया गया है कि लगभग दो वर्ष पूर्व सरफराज उर्फ फैयाज, पिता रशीद मियां, निवासी शाकरी मोहल्ला, कोनरा (छोटा तालाब के बगल), थाना बरही, जिला हजारीबाग ने फोन के माध्यम से संपर्क कर शादी का



प्रलोभन दिया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के घर के पास, बरही स्थित धमना मोड़ के नजदीक अपनी दुकान में तथा करसो के एक होटल में ले जाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और इस दौरान अश्लील फोटो व वीडियो भी बनाए।

पीड़िता के अनुसार जब उसने शादी की बात रखी तो आरोपी ने पैसों की मांग शुरू कर दी। इस संबंध में पीड़िता ने अपने माता-पिता को जानकारी दी, जिसके बाद शादी के लिए उसके अभिभावकों द्वारा फोनपे के माध्यम से एक लाख रुपये तथा नकद एक लाख रुपये, कुल दो लाख रुपये आरोपी को दिए गए। इसके बावजूद आरोपी ने छह लाख रुपये और मांगते हुए पैसे नहीं देने पर अश्लील फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने और जान से मारने की धमकी दी। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी का रिश्तेदार मुकीम अंसारी, पिता मुस्ताक, निवासी कोनरा शादी मुहल्ला, बरही इस पूरे मामले का मुख्य षड्यंत्रकारी है, जो शादी नहीं करने के लिए आरोपी को उकसाता रहा और पीड़िता को लगातार धमकियां देता रहा। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता एक दैनिक मजदूर हैं और इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थ हैं, जिसके कारण उसे लगातार प्रताड़ित और भयभीत किया जा रहा है।

पीड़िता ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। बरही थाना पुलिस द्वारा आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है। साथ ही पुलिस ने पीड़िता की 164 के तहत बयान भी दर्ज कराई है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोल इंडिया के नए चेयरमैन बी. साईराम को बधाइयों का तांता, क्षेत्र में जगी नई उम्मीदें



**बड़कागांव :** बी साइराम कोल इंडिया लिमिटेड के नए अध्यक्ष बनने पर लोगों ने बधाई दी है। सोनू इराकी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सोनू इराकी ने कहा कि बी. साईराम का व्यापक अनुभव, दूरदर्शी सोच एवं कुशल नेतृत्व कोल इंडिया लिमिटेड को नई मजबूती प्रदान करेगा। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके सशक्त मार्गदर्शन में कंपनी निरंतर प्रगति करते हुए देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगी।उन्होंने आगे कहा कि नए चेयरमैन के नेतृत्व में मजदूरों के हित, सुरक्षा, सम्मान एवं कल्याण से जुड़े मुद्दों पर ठोस और सकारात्मक पहल की होगी। वहीं इनके पदभार संभालने से क्षेत्र के विस्थापितों एवं रैयतों में रोजगार को लेकर एक नई उम्मीदें जगी है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि कोल इंडिया लिमिटेड के मजदूरों की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

### मुखिया संघ अध्यक्ष के पिता की दूसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**चौपारण :** चौपारण मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक के पिता स्व नथुनी रजक के दूसरी पुण्यतिथि पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों लोग शामिल हुए। वहीं श्रद्धांजलि सभा में मौजूद सभी ने बारी – बारी से स्व नथुनी रजक के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।।वहीं मौके पर मौजूद लोगों ने उनके जीवन और आदर्शों को याद किया। साथ ही इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक ने उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व मुखिया कुंती देवी, मिंटू रजक, राजेश कुमार रजक, संगीता देवी, पूनम देवी, ममता देवी, मंजू देवी, पंसस सहदेव यादव, उपमुखिया संजय साव, पूर्व मुखिया भैरो साव, पूर्व उपमुखिया भोला साव, वरिष्ठ समाजसेवी भुनेश्वर यादव, मिसर रजक, राजेश रवानी, रामावतार रजक, महावीर रजक, आर्यन राज, बिरेंद्र चंद्रवंशी, टिंकू कुमार, संजय ठाकुर, शंकर दयाल साव, नकुलदेव रजक, मनोज यादव, विनोद साव, बहादुर रजक, बिपिन रजक, अशोक रजक, मनोज रजक, रघुनाथ रजक, राजेश स्वर्णकार, नीरज सिन्हा, प्रसादी साव, रामस्वरूफ साव एवं संजय साव मुख्य रूप से मौजूद थे।

### मीडिया टैलेंट हंट के तहत हुआ साक्षात्कार कई लोगों ने लिया हिस्सा




**हजारीबाग :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा कांग्रेस पार्टी के मिडिया विभाग को शसक्त एवं सुव्यवस्थित करने हेतु चलाए जा रहे मीडिया टैलेंट हंट के तहत जो कांग्रेस के मूल्यों और विचारधारा के प्रति प्रतिबद्धता, स्पष्ट सोच और त्वरित प्रतिक्रिया देने की क्षमता, भाषा पर नियंत्रण और बेहतर संवाद कौशल राजनीतिक सजगता तथा इतिहास की समुचित जानकारी तहत हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम चार जिला हजारीबाग, रामगढ़, चतरा एंव कोडरमा के आवदकों को समन्वयक राकेश किरण महतो व निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. मोहम्मद अयूब द्वारा चयन हेतु इन्टरव्यू लिया गया । ज्ञात हो अखिल भारतीय कांग्रेस में गतिशील प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्ट रिसर्च कॉडीनेटर प्रचार कॉडीनेटर के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा की खोज शुरू की गई है । इस अभियान के अंतर्गत झारखंड राज्य को आठ जोन में विभक्त किया गया है। कार्यक्रम के सहयोग करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव जिला कांग्रेस के मीडिया अध्यक्ष निसार खान वरिष्ठ कांग्रेसी साजिद हुसैन प्रदेश युवा कांग्रेस महासचिव कोमल कुमारी, कार्यालय प्रभारी अनिल कुमार भुईंया उपस्थित थे ।

### पानी संकट से राहत, पीएचडी हाउस जलमीनार के लिए मिला

**चौपारण :** प्रखण्ड खेल मैदान स्थित पीएचडी हाउस का मोटर खराब होने की वजह से चौपारण चट्टी में जलापूर्ति योजना ठप पड़ा था। बरही विधायक मनोज कुमार यादव के विशेष प्रयास से जलमीनार के लिए नया मोटर उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे लगाने का कार्य जारी है। मालूम हो कि क्षेत्र में पानी की किल्लत को लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार विधायक को शिकायतें मिल रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने स्वयं स्थल निरीक्षण किया था। समस्या के समाधान के लिए विधायक ने उपायुक्त हजारीबाग से मुलाकात कर डीएमएफटी मद से अविलंब नया मोटर उपलब्ध कराने की मांग की थी। उपायुक्त के निर्देश के बाद विभाग द्वारा मोटर उपलब्ध कराया गया। इस संदर्भ में भाजपा नेता रिशु बर्णवाल ने कहा कि जलापूर्ति ठप होने से क्षेत्र के लोग परेशान थे, लेकिन विधायक के अथक प्रयास से यह मांग पूरी हुई है। इसके लिए उन्होंने चौपारण वासियों की ओर से विधायक के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया। कहा जल्द ही मोटर इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा होते ही चौपारण वासियों को नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो जाएगा। इस संबंध में विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। कहा जनहित कार्यों के लिए सदैव तत्पर रहा हूँ और आगे भी चौपारण की जनता की हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध रहूँगा।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार को लेकर एनएचआरए की तैयारी समिति की हुई बैठक

**बरही :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश की कार्यक्रम समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति की अध्यक्षता में हुई । संचालन प्रदेश संयोजक भरत यादव ने किया। बैठक ने बताया गया कि आगामी 11 जनवरी को उरवा स्थित सिल्वर लेक व्यू रिसॉर्ट में एक दिवसीय राष्ट्रीय मानवाधिकार सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में झारखंड के साथ साथ यूपी, बिहार, गुजरात, बंगाल, उड़ीसा, दिल्ली सहित कई राज्यों से सैकड़ों मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम आयोजन कमेटी की ओर से कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। सर्वसम्मति से भोजन व्यवस्था, होर्डिंग बैनर पोस्टर लगाने, टेंट, स्टेज , मोमेंटो एवं स्वागत तथा सम्मान से संबंधित निर्णय को अंतिम रूप दिया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चुकी कार्यक्रम झारखंड में हो रहा है। इसलिए कार्यक्रम को बेहतर बनाने एवं ऐतिहासिक रूप देने में झारखंड प्रदेश की टीम की अहम भूमिका होगी। मौके पर मौजूद सभी मानवाधिकार से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना आर्थिक एवं शारीरिक सहयोग करने का संकल्प लिया। साथ ही कोष की व्यस्था पर अपनी रणनीति बनाई।

# मनरेगा पर हमला : जेएमएम ने VB-G RAM G योजना को बताया गरीब, मजदूर और आदिवासी विरोधी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रोजगार की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार के ताजा फैसले के खिलाफ झारखंड की सियासत में तीखी हलचल तेज हो गई है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को समाप्त कर उसकी जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी लागू करने की घोषणा का झारखंड मुक्ति मोर्चा ने कड़ा विरोध किया है। आज रांची में आयोजित प्रेस वार्ता में जेएमएम ने इस प्रस्तावित विधेयक को गरीब, मजदूर, आदिवासी और ग्रामीण भारत के खिलाफ बताया और कहा कि यह योजना मनरेगा के मूल उद्देश्य को खत्म करने का प्रयास है। पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मनरेगा कोई सरकारी योजना भर नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए कानूनी सुरक्षा कवच है, जिसे कमजोर करना सामाजिक असमानता को और गहरा करेगा।

**मनरेगा : रोजगार का कानूनी अधिकार**

जेएमएम ने स्पष्ट किया कि मनरेगा 2005 केवल एक रोजगार योजना नहीं, बल्कि ऐसा कानून है जिसने ग्रामीण नागरिकों को काम का कानूनी अधिकार दिया। कोई भी ग्रामीण व्यस्क, जो अकुशल शारीरिक श्रम करने को तैयार हो, साल के किसी भी समय काम मांग सकता है।

मनरेगा की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि यह मांग-आधारित व्यवस्था है। यदि 15 दिनों के भीतर काम नहीं मिलता, तो मजदूर को बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान है। इसने विशेष रूप से महिलाओं, भूमिहीन मजदूरों, दलित-आदिवासी समुदायों को मोलभाव की ताकत दी और ग्रामीण मजदूरी बाजार में संतुलन बनाया।

**VB-G RAM G : न गारंटी, न सार्वभौमिक अधिकार**

जेएमएम का आरोप है कि प्रस्तावित वीबी-जी राम जी विधेयक इस पूरे ढांचे को खत्म कर देता है। नई योजना के तहत काम का अधिकार सार्वभौमिक नहीं रहेगा। केंद्र सरकार तय करेगी कि किन ग्रामीण क्षेत्रों में काम दिया जाएगा। यदि कोई क्षेत्र केंद्र द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया, तो वहां रहने वाले लोगों के पास रोजगार का कोई कानूनी अधिकार नहीं बचेगा। जेएमएम ने इसे केंद्र की इच्छा पर चलने वाली विवेकाधीन योजना बताया। इसके अलावा, केंद्र सरकार हर वित्तीय वर्ष में राज्य-वार एक तय मानक आवंटन निर्धारित करेगी। इससे अधिक खर्च होने पर जिम्मेदारी राज्यों की होगी। पार्टी का कहना है कि यह व्यवस्था रोजगार के दिनों पर अनौपचारिक सीमा लगा देगी और मनरेगा को अधिकार-आधारित कानून से एक सीमित बजट वाली योजना में बदल देगी। जेएमएम ने केंद्र सरकार पर राज्यों पर वित्तीय बोझ डालने का आरोप लगाया। मनरेगा में मजदूरी का खर्च 100 प्रतिशत केंद्र सरकार वहन करती थी, लेकिन वीबी-जी राम जी में 60:40 लागत-साझेदारी मॉडल प्रस्तावित है। इससे राज्यों पर भारी दबाव पड़ेगा।

## सीमेंट कारोबारी राधेश्याम साहू पर फायरिंग मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने सीमेंट कारोबारी राधेश्याम साहू पर गोली चलाने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान चंदन के रूप में हुई है। उसे रांची से ही पकड़ा गया है। पुलिस के मुताबिक रांची एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर दलादली ओपी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई की और गोलीबारी की वारदात में प्रत्यक्ष तौर पर शामिल आरोपित चंदन को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर अब रांची पुलिस इस पूरी घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना 15 अक्टूबर की है। कटहल मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए आरोपितों ने सीमेंट कारोबारी राधेश्याम साहू को निशाना बनाकर उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रांची के पल्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

## एसीबी जिस तरह से पूछताछ कर रही है, वह बड़े लोगों को बचाने की साजिश है : मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज शराब घोटाले की चल रही एसीबी जांच के बीच मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य में हुए शराब घोटाले में आईएएस अधिकारी विनय चौबे शामिल हैं। कहा कि शराब घोटाले में एसीबी जांच चल रही है। इस मामले में तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे जेल में बंद हैं। एसीबी जांच में उत्पाद आयुक्तों अमित कुमार, कर्ण सत्यार्थी,फैज अहमद से हो रही पूछताछ में लगभग एक जैसे बयान मीडिया में छप रहे हैं। अमित कुमार ने कहा कि जो विनय चौबे ने चाहा वही हुआ, कर्ण सत्यार्थी ने कहा है कि विनय चौबे ने मामले में केस दर्ज करने से मना किया था। ऐसे बयान कोई सामान्य नहीं बल्कि बड़े और गंभीर भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसीबी के द्वारा जिस तरह से पूछताछ की जा रही है, वह बड़े लोगों को बचाने की सुनियोजित साजिश है। मरांडी आज पार्टी कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जिनके बयान की चर्चा हुई वे सभी आईएएस अधिकारी हैं। इनको यदि सचिव दबाव डालकर नियम विरुद्ध काम करा रहे थे, वे फाइल में नोटिंग करते,मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री से मिलकर शिकायत करते कि गलत हो रहा है। उनपर अनुचित दबाव डाला जा रहा है। शराब के ठेके में चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए कहा जा रहा है। यह स्वाभाविक सवाल है और जांच का नया विषय भी। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि इन लोगों ने फाइल में अनुचित दबाव का नोटिंग क्यों नहीं किया, सीएस,सीएम से मिलकर क्यों शिकायत नहीं की? और अगर किया तो फिर क्या उत्तर मिला? लेकिन इन अधिकारियों के बयान से यही झलक रहा कि ये रटे रटाए तोते की तरह बोल रहे। इन लोगों को अदालत में भी ऐसा ही बोलने का निर्देश है।

## झारखंड में बादल और पछुआ हवाओं ने फिर बढाई कनकनी, आज भी कुहासे को लेकर येलो अलर्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में बादल छाने और मध्यम दर्जे की पछुआ हवाओं ने फिर से कनकनी बढा दी है। वहीं मौसम विभाग ने गुरुवार को बताया कि राज्य में उत्तर-पश्चिमी और उत्तर मध्यवर्ती जिलों में शुक्रवार को भी कुहासा छाया रहेगा। इसे लेकर विभाग ने येला अलर्ट जारी किया है। बादल छाने से रांची सहित कई जिलों में अधिकतम तापमान में मामूली बढोत?तरी दर्ज की गई है। विभाग ने जिन जिलों के कुहासे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है उनमें गढवा, पलामू, लातेहार, चतरा, हजारीबा, कोडरमा, गिरिडीह और देवघर शामिल है। इधर, झारखंड के विभिन्न जिलों पुनः पछुआ हवाओं के प्रवेश करने से राज्य में कडाके की ठंड पडने लगी है। गुरुवार को रांची, खूंटी, लोहरदगा, रामगढ, पलामू, गढवा और चतरा जिले में दिनभर बादल छाया रहा और मध्यम दर्जे की ठंडी हवाएं चलीं। इससे वातावरण में भारी कनकनी महसूस की गई। लोग धूप सेकने के लिए अपने घर के आसपास और खुले मैदान में बैठे दिखे, लेकिन धूप में तल्खी महसूस नहीं हुई। कई लोगों ने ठंड से बचने के लिए आग जलाकर शरीर को गर्म किया। वहीं ठंड बढने से वृद्ध और बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 27 डिग्री और सबसे कम तापमान रांची में 6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं,गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 23 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री, जमशेदपुर में 25.6 और 12.8 डिग्री, डालटेनगंज में 26.2 और 8.1 डिग्री, बोकारो में 23.2 और 9.5 डिग्री, चाईबासा में 27 डिग्री और 11 डिग्री, खूंटी में 25.4 और 7.5 डिग्री, लोहरदगा में 21.9 और 6.8 डिग्री, लातेहार में 18.6 और 7.7 डिग्री और सरायकेला में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## रांची रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से 14 किलो गांजा बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्कोस के तहत बड़ी सफलता मिली है। कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट रांची और फ्लाइंग टीम ने रांची रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान ट्रेन में तीन संदिग्ध बैग से 14 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा की अनुमानित बाजार कीमत लगभग सात लाख रुपया बताई जा रही है। आरपीएफ से गुरुवार को मिली जानकारी के अनुसार रांची रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्लेटफॉर्म एक पर ट्रेन संख्या 15027 के कोच एस-3 की गहन जांच की गई। जांच के दौरान तीन बैग संदिग्ध अवस्था में पाए गए, जिसके पास दो पुरुष और एक महिला बैठे थे। आरपीएफ की टीम ने तीनों व्यक्तियों से पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि बैग उनका है लेकिन बैग में रखे सामान के संबंध में उन्होंने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। लगातार पूछताछ के बाद आखिरकार उनमें से एक व्यक्ति ने बैग में गांजा होने की बात स्वीकार कर ली। तीनों संदिग्धों को उनके बैग सहित तत्काल प्लेटफॉर्म एक पर उतार लिया गया, जिसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। प्लेटफॉर्म पर आगे की पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि उनके बैग में मादक पदार्थ गांजा है, जिसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संत चार्ल्स स्कूल के टेक्नो आर्ट नेक्सेस में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बोलीं– किताबी नहीं, बाहरी शिक्षा और इनोवेशन पर दें जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की गुरुवार को संत चार्ल्स स्कूल हेसाग हटिया में आयोजित टेक्नो आर्ट नेक्सेस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। मौके पर छात्रों ने ग्रीन फार्मिंग, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रो पावर प्लांट, ज्वालामुखी, वायुमंडलिय परतें सहित अन्य मॉडल प्रस्तुत किए। मंत्री ने कहा कि अभिभावक और स्कूल प्रबंधन शिक्षा को सिर्फ डिग्री नहीं समझें। बच्चों को किताबी ज्ञान से ज्यादा बाहरी शिक्षा पर जोर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डिग्री ज्यादा मायने नहीं रखता। कई युवा प्लस टू या डिग्री लेकर घूम रहे हैं। ऐसे में छात्रों को शिक्षा के साथ साथ जिज्ञासा और इनोवेशन दोनों होना चाहिए और यह तभी संभव है जब बच्चे क्लासरूम की शिक्षा-सिलेबस से बाहर निकलकर एक्स्ट्रा एक्जीविशन में हिस्सा लें। स्कूल प्रबंधन भी इसका ध्यान रखे कि छात्रों को सर्टिफिकेट और स्कूली ज्ञान देने के अलावे बाहरी दुनिया के बारे में अधिक जानकारियां दें। ताकि बच्चों का तीव्र गति से बौद्धिक विकास हो सके। मंत्री ने कहा कि प्रबंधन छात्रों को यदि सिर्फ एक सर्टिफिकेट देकर संतुष्ट करता है तो वह बेहतर काम नहीं कर रहा है। मौके पर कक्षा आठवीं के पीयूष सुरीन और आशीष ने मिलकर इलेक्ट्रिक बाइक मॉडल बनाया। पीयूष ने बताया कि बाइक को चैन सिस्टम से ऑपरेट किया जाता है। उनके बनाए इस मॉडल में एक ऐसा चैन सिस्टम है जिससे बाइक के चक्के को एक्स्ट्रा पावर मिलता है। छह से 24 होल्स के चैन में इंजन रन करता है। वहीं नौंवी कक्षा के शुभम प्रमाणिक और अचल सिंह के बनाए प्रोजेक्ट पोटैटो कैनन आकर्षण का केंद्र रहा। इससे निकली गेंद, 20 मीटर से अधिक रेंज में बंदूक से निकलने वाली गोली की तरह दूर जाती नजर आई। इस कैनन में छात्रों ने कैल्सियम कार्बाइट का उपयोग किया। एसिटाइट से कैल्सियम कार्बाइट पानी से मिलकर मिस पार्क होने पर गेंद दूर तक जाती है। इधर, कक्षा पांचवीं के दिव्यांश, अर्पित, असत्य भास्कर, आरोहण, अनुग्रह ने खास तौर पर एंटी स्लिप अलार्म चश्मा बनाया। दिव्यांश ने बताया कि इस चश्में को पहनकर यदि चालक गाड़ी चलाते समय ड्राइवर सो जाए तो उसकी पलकें झपकते ही उसकी गाड़ी की इंजन सीज होकर तत्काल रुक जाएगी। कार्यक्रम में प्राचार्य आभा शाह, वाइस प्रिंसिपल सिस्टर मंजू, मैनेजर सिस्टर जेन, प्रोविंशियल सिस्टर मेरी कुट्टी, स्पोर्ट्स टीचर अरविंद सुरीन, वंदना कुमारी सहित स्कूल के सैकडों छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

## एक नजर

### झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की वार्षिक आमसभा 21 को

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की वार्षिक आमसभा 21 दिसंबर को रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी परिसर में पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इस आमसभा में संघ से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।आमसभा के दौरान संघ के बायलॉज में आवश्यक संशोधन, आय-व्यय विवरण की प्रस्तुति तथा नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए अध्यक्ष एवं महासचिव के चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके अलावा सदस्यों की ओर से रखे जाने वाले सुझावों और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।संघ के महासचिव राहुल कुमार ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में पदस्थापित झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इस बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने जिलों के पदाधिकारियों को मुख्यालय छोड़कर आमसभा में शामिल होने की अनुमति प्रदान करें।संघ की अध्यक्ष रंजिता हेंब्रम ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर आमसभा को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह आमसभा संघ के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### रेलवे ट्रैक पर बरामद हुई अज्ञात महिला की लाश इलाके में सनसनी

**रांची :** पुंदाग ओपी अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास आज दोपहर एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। मृतका की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार, महिला ने काले और सफेद रंग का पैजामा पहन रखा था, जबकि शरीर पर छिटदार रंग की ओढ़नी थी। शव मिलने की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्रों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। यदि किसी थाना क्षेत्र में इस हुलिए से मेल खाने वाली किसी गुमशुदा महिला की रिपोर्ट दर्ज कराई गई हो, तो संबंधित थाना या पुंदाग ओपी को सूचना देने की अपील की गई है। पुलिस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है और पहचान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सूचना आयोग व पेसा पर वर्षों की चुप्पी, रिम्स अतिक्रमण पर 72 घंटे में बुलडोजर : नायक

**रांची :** झारखंड में न्यायिक प्रक्रिया की गंभीर असमानता और दोहरे मापदंडों को उजागर करते हुए आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं माननीय भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक संयुक्त पत्र ईमेल के माध्यम से भेजा है। पत्र में राज्य के उन संवैधानिक मुद्दों पर चिंता जताई गई है, जिन पर वर्षों से न्यायिक मौन बना हुआ है, जबकि अन्य मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई देखने को मिल रही है। नायक ने आगे बताया की पत्र में यह जानकारी दी है कि राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति तथा पेसा अधिनियम, 1996 के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित जनहित याचिकाएँ झारखंड उच्च न्यायालय में कई वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। आज पांच वर्ष से अधिक दिन हो चुके है सुचना आयुक्तों की नियुक्ति नही हो सकी है। इन मामलों में केवल तारीखें तय होती रही हैं, हलफनामे और सप्लीमेंट्री हलफनामे दाखिल होते रहे हैं, लेकिन कोई समयबद्ध और निर्णायक आदेश अब तक नहीं आया है। इसका परिणाम यह हुआ है कि सूचना का अधिकार निष्क्रिय हो गया है और अनुसूचित क्षेत्रों में आदिवासी समुदायों का स्वशासन कमजोर पड़ गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोक भवन में राष्ट्रीय युवा दिवस पर रक्तदान महायज्ञ का हुआ आयोजन



**रांची :** गुरुवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निदेश पर आज लोक भवन में आयोजित भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, झारखंड राज्य शाखा की बैठक में माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी ने सोसाइटी के सदस्यों से कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा 12 जनवरी, 2026 (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर लोक भवन द्वारा रक्तदान महायज्ञ के आयोजन हेतु निदेशित किया गया है। अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा बैठक में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे इस रक्तदान महायज्ञ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इस महायज्ञ में रांची स्थित सभी विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों, सेना की स्थानीय बटालियन, अर्धसैनिक बलों की स्थानीय इकाइयों, झारखंड सशस्त्र बल, एनसीसी यूनिट तथा महाविद्यालयों की एनएसएस शाखाओं को सक्रिय रूप से जोड़े जाने के निदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इससे जरूरतमंद मरीजों को पर्याप्त रक्त उपलब्ध तो होगा, साथ ही ऐसे आयोजन युवाओं में सेवा, करुणा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और सुदृढ़ करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय राज्यपाल महोदय की यह मंशा है कि राज्य के ब्लड बैंकों में पर्याप्त रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित हो, सभी मरीजों को आसानी से रक्त मिले। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि रक्तदान शिविर के आयोजन में झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी को भी सक्रिय रूप से सम्मिलित किया जाए। इसके अतिरिक्त, रांची में रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। बैठक में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की सभी जिला शाखाओं की बेहतर सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय पर विशेष बल दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि इस रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक ब्लड सेंटर भाग लें, ताकि अधिक संख्या में जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। यह रक्तदान महायज्ञ लोक भवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित किया जाएगा।

### बीआईटी मेसरा में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ आयोजन




**रांची :** बीआईटी मेसरा में 'आर्ट एंड साइंस ऑफ सिम्युलेटिंग कॉम्प्लेक्स सिस्टम्स : चैलेंजेस एंड ऑपर्च्युनिटीज' विषय पर चल रहे तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने मानव जीवन और पृथ्वी में मौजूद वानस्पतिक संबंधों पर प्रकाश डाला। धरती में मौजूद एक तिहाई वनों की मौजूदगी और इससे जलवायु परिवर्तनों और वर्तमान समय में वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से देश में इसके मापन और इस संदर्भ में चल रहे शोध पर भी उन्होंने उपस्थित श्रोताओं के समक्ष अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि प्रो जगनाथन भारत के ऐसे पहले वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने जलवायु परिवर्तन पर मानव जीवन पर वानस्पतिक प्रभावों का परिमापन किया है। इसके लिए उन्होंने भारत के विभिन्न इलाकों में आधुनिकतम वैज्ञानिक यंत्रों का इस्तेमाल कर पारिस्थितिकी तंत्र की मॉनिटरिंग भी की। इस विषय पर उनके रिसर्च पेपर विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में भी प्रकाशित हुए हैं। विश्वविख्यात दलमा अभयारण्य में जलवायु परिवर्तन पर उनके द्वारा किए गए कार्य चर्चा का विषय रहे हैं। सम्मेलन के अवसर पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ जियोमैग्नेटिज्म के निदेशक प्रो. ए. पी. डिमरी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. राजेश कुमार माल एवं प्रो. राजीव बाटला, बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना, डॉ. आर. के. सिन्हा, डॉ. निधि श्रीवास्तव, डॉ. मधु प्रिया समेत अन्यान्य उपस्थित रहे।

### सीसीएल में क्रिसमस समारोह का भव्य आयोजन



**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा 18 दिसंबर, 2025 को सीसीएल मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर में क्रिसमस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर 600 से अधिक कर्मचारियों, पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, सीसीएल तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, सीसीएल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही सीसीएल मुख्यालय के महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षों सहित मसीही समुदाय की सक्रिय भागीदारी ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की। यह आयोजन सीसीएल में क्रिसमस उत्सव के 25 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक रहा, जिसमें सामूहिक सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता एवं आपसी भाईचारे की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान कैरल गायन एवं विभिन्न उत्सवी गतिविधियों ने समूचे वातावरण को उल्लासमय एवं यादगार बना दिया। समारोह ने आनंद, एकता तथा सौहार्द के संदेश के साथ क्रिसमस की सच्ची भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

### लाखों लोग नागरिकता छोड रहे, सरकार आपदा में अवसर तलाश रही : पंकज मिश्र

**रांची :** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने केंद्र सरकार को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। उन्होने कहा कि हम विश्व गुरु होने का दावा कर रहे हैं जबकि स्थितियां उसके विपरीत नजर आ रही है। हर वर्ष लाखों लोग भारत की नागरिकता छोड़कर किसी अन्य देश में बने जा रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में 9 लाख भारत छोड़कर चले गये। यह आंकड़ा चिंताजनक है और सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। श्री मिश्र ने कहा कि यह आंकड़ा किसी एजेंसी की ओर से नहीं दिया गया है बल्कि विदेश मंत्रालय द्वारा सदन के पटल पर रखा गया है। वर्ष 2011 में जहां एक लाख 22 हजार 819 लोगों ने भारत की नागरिकता छोडी वहीं 2024 में 2लाख 6हजार 378 भारतीय देश छोड़कर चले गये। इसका मतलब साफ है कि हम दावों का पहाड तो दिखा रहे मगर लोगों को मूलभूत सुविधा देने में अक्षम हैं। सरकार आपदा में अवसर तलाशने की हास्यास्पद सीख दे रही। जबकि जनता में मायूसी है। सरकार को बताना चाहिए कि भारत की नागरिकता छोड़कर जाने वाले अगर लाखों में हैं तो कितने वैसे विदेशी हैं जो अपनी देश छोड़कर भारत की नागरिकता स्वीकार किए हैं। सरकार को दावों और सच्चाई के बीच के फर्क को समझ कर नीति बनाने की जरूरत है।

## एक नजर

### सांसद खेल महोत्सव जूडो 23 दिसंबर को एमजीएम स्कूल बोकारो में

धनबाद : लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बोकारो विधानसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 14 से 25 दिसंबर तक आयोजित है जिसमें बहुत सारे खेलों का आयोजन किया जा रहा है उन खेलों में जूडो का आयोजन 23 दिसंबर को एमजीएम स्कूल बोकारो में किया जाएगा बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव सिंह ने बताया की खेल के क्षेत्र में सांसद द्वारा बहुत सराहनीय कार्य किया जा रहा है इससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को भी आगे आने का मौका मिलेगा तथा खेल के प्रति उनकी रुचि बढ़ेगी बच्चे प्रोत्साहित होंगे उन्होंने बताया कि 23 तारीख को जूडो में पूरे बोकारो विधानसभा क्षेत्र से करीबन ढ़ाई सौ बच्चे भाग लेंगे जिसमें बालक और बालिकाएं दोनों शामिल है जो बच्चे अपने-अपने वेट कैटेगरी में चुने जाएंगे उन बच्चों का फाइनल धनबाद विधानसभा क्षेत्र में चुने गए बच्चों के साथ कराया जाएगा तथा स्वर्ण पदक एवं रजत पदक जीतने वाले बच्चों को आकर्षक पारितोषिक दिया जाएगा।

### अश्लील वीडियो भेज ने वाला गया जेल

**बोकारो:** बालीडीह थाना क्षेत्र में अश्लील वीडियो भेजने वाले को पुलिस ने जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पिड़िता के द्वारा एक टंकित आवेदन दिया गया कि सुजीत तिवारी, पिता-शम्भु तिवारी, सा०-पाण्डेय टोला, थाना-बालीडीह, जिला-बोकारो द्वारा अपने फेसबुक एकाउण्ट से पिड़िता के फेसबुक एकाउण्ट पर अश्लील विडियो भेज दिया गया था, जिसके आधार पर बालीडीड थाना काण्ड सं0-358/25, दि०-15.12.25, धारा-74/76/77/79/329(4)/115(2)/351(2)/126(2) बी०एन०एस० एवं 66 (ई)/67/67 (ए) आई०टी० एक्ट दर्ज कर काण्ड की गंभीरता को देखते हुए तत्काल काण्ड के प्राथ० अभियुक्त सुजीत तिवारी, पिता-शम्भु तिवारी, सा०-पाण्डेय टोला, थाना-बालीडीह, जिला-बोकारो को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है तथा इनके पास से घटना में प्रयुक्त मोबाईल भी बरामद कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन को पुलिस ने जब्त किया है। छापामारी दल में पुनि नवीन कुमार सिंह, थाना प्रभारी, बालीडीह थाना। पुअनि अजय कुमार राय, हवलदार जबरा मुण्डू एवं आ-503 लालदेव मोची शामिल थे।

### बच्चों की सुविधाओं में एक प्रतिशत की कटौती बर्दाश्त नहीं : डीसी

**पलामू:** जिले के बच्चों को आंगनवाड़ी स्तर से मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं तय समय पर मिले, यह सभी सीडीपीओ, महिला पर्यवेक्षिका यह सुनिश्चित करें। बच्चे हमारे देश और राज्य के भविष्य हैं, ऐसे में इन्हें सरकार के स्तर से मिलने वाली किसी भी सुविधा में एक प्रतिशत की कटौती भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उक्त बातें उपायुक्त समीरा एस ने कही। वे गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित कार्यों की समीक्षा कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि जिला स्तर की टीम द्वारा जब आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाता है तो कई खामियां उजागर होती हैं जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक-दो को छोड़कर कोई भी महिला पर्यवेक्षिका कार्य में रुचि नहीं लेती हैं। डीसी ने स्पष्ट रूप से कहा कि अगली माह के बैठक में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित महिला पर्यवेक्षिका के विरुद्ध प्रपत्र क गठित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कई सेविकाओं को समर ऐप में लॉगिन करने नहीं आता है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। आप सभी एलएस अपने-अपने क्षेत्रों अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। सभी बीडीओ भी अलग से समाज कल्याण विभाग के कार्यों की मॉनिटरिंग करें।

# सिमडेगा में पीडीएस डीलरों के बीच 4G ई-पोस मशीन का वितरण, ई-केवाईसी व आधार सीडिंग पर विशेष

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुचारु एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पीडीएस डीलरों के बीच 4G ई-पोस मशीन का वितरण किया गया। इस अवसर पर मशीन की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं तकनीकी विशेषताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी भी दी गई। इसके पश्चात विजनटेक दल द्वारा सिमडेगा जिला के पाँच प्रखंडों सिमडेगा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र, पाकरटांड़, ठेठईटांगर, बोलबा तथा बांसजोर के सभी PDS डीलरों के बीच 4G ई-पोस




मशीनों का वितरण किया गया। वितरण के साथ-साथ डीलरों को मशीन के संचालन, लाभुक सत्यापन, लेन-देन प्रक्रिया एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि भविष्य में खाद्यान्न वितरण में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। उपायुक्त कंचन सिंह ने सभी ढऊ डीलरों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 4ॠई-पोस मशीन का नियमित एवं सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने डीलरों को लाभुकों के साथ अच्छा व्यवहार बनाए रखते हुए ससमय खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लाभुकों का ई-केवाईसी पूरा कराने पर बल दिया गया। उपायुक्त महोदया ने यह भी निर्देशित किया कि जिन लाभुकों के राशन कार्ड में अभी तक आधार सीडिंग नहीं हुई है, उनके लिए समय-सारिणी निर्धारित कर आधार सीडिंग की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए। इसके अतिरिक्त आयोग्य राशन कार्डधारियों की पहचान कर उनकी छंटनी करने का भी निर्देश दिया गया, जिससे वास्तविक एवं पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री नरेश रजक सहित जिले के सभी ढऊ दुकानदार उपस्थित रहे।

## बोकारो में ट्रांसफार्मर क्वाइल चोरी का पुलिस ने किया पदार्फाश, तीन अपराधी जेल भेजे




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** नावाडीह थाना क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्वाइल चोरी के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एसपी हरविंद्र सिंह ने नावाडीह थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले का ब्यौरा दिया।एसपी ने बताया कि नावाडीह थाना क्षेत्र के ग्राम चपरी में संयुक्त ग्रामीण जलापूर्ति परियोजना के तहत भवन निर्माण कार्य चल रहा था। इसी दौरान 10 से 15 अज्ञात अपराधियों ने वहां तैनात मुंशी और गार्ड को बंधक बनाकर उनके साथ जमकर मारपीट की तथा ट्रांसफार्मर की क्वाइल चोरी कर फरार हो गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तेनुघाट के नेतृत्व में विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई में ग्राम छोटकीकुड़ी और अदलबेडा में छापेमारी कर तीन अभियुक्तों-सुंदरलाल मराडी, जितेंद्र मुर्मू और फुलचंद हॉसड़ा-को गिरफ्तार किया गया। तीनों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।

## लापरवाह अधिकारियों को कड़ी चेतावनीः झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** गुरुवार को मारवाड़ी पंचायत भवन, चास में झारखंड मुक्ति मोर्चा बोकारो महानगर समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने की। इस सभा में संगठन की मजबूती और आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने कहा कि हेमंत सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना हम सभी कार्यकताओं का प्राथमिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं बना रही है और उन्हें धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। झामुमो नेता मंटू यादव ने चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद के नेताओं और कार्यकताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नगर निकाय चुनाव की घोषणा राज्य सरकार द्वारा कभी भी की जा सकती है। उन्होंने कहा, आप सभी अभी से चुनावी तैयारियों में जुट जाएं और वार्ड स्तर पर बूथ कमेटियों को यथाशीघ्र सशक्त बनाएं, ताकि निकाय चुनाव में अधिक से अधिक वार्ड पार्षद झामुमो की झोली में आ सकें। मंटू यादव ने कार्यकताओं को क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर सजग रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि संबंधित अधिकारियों से मिलकर जनता की समस्याओं का समाधान करवाएं। यदि किसी अधिकारी द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाती है, तो उसकी सीधी शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की जाएगी और ऐसे अधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

## नाबालिग को अगवा कर शारीरिक शोषण का आरोप, दो बच्चों का पिता फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा करने और शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप एक दो बच्चे के पिता पर लगा है। इस संबंध में पीड़िता के मामा ने कसमार थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

**क्या है पूरा मामला :**

शिकायत के अनुसार, पीड़िता अपनी मां के निधन के बाद से कसमार के एक गांव में अपने मामा के घर में रह रही थी। बीते 21 नवंबर 2024 को वह अचानक घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद स्वजनों को पता चला कि मंजुरा स्थित लाहरटांड निवासी प्रमोद कुमार महतो उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। नाबालिग के अनुसार आरोपी उसे बोकारो से तमिलनाडु ले गया था।



वहां एक कमरे में बंधक बनाकर रखा और शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाया। बाद में पीड़िता को पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है। जब उसने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी।

- नाबालिग बच्ची को बीच रास्ते में छोड़कर भागा आरोपी :

बीती 17 दिसंबर 2025 को आरोपी पीड़िता को तमिलनाडु से वापस लेकर आया और के पास बीच सड़क पर उतारकर खुद बाइक से फरार हो गया। पीड़िता किसी तरह रोते-बिलखते अपने घर पहुंची और स्वजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए कसमार थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। वहीं स्वजनों ने भी पुलिस प्रशासन से आरोपी को सख्त सजा दिलवाने के लिए न्याय की गुहार लगाई है। इधर सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने इस मामले में पोक्सो अधिनियम तथा अपहरण केश के तहत आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग बोकारो पुलिस से की है।

## बीमा कानून संशोधन विधेयक के खिलाफ हजारीबाग में द्वार प्रदर्शन का आह्वान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** संसद द्वारा बीमा कानून संशोधन विधेयक 2025 पारित होने के विरोध में बीमा एवं बैंकिंग उद्योग की प्रमुख यूनियनों ने आज दोपहर भोजनावकाश के दौरान सभी शाखाओं के समक्ष 'एक द्वार प्रदर्शन' आयोजित करने का आह्वान किया है। विशेष रूप से विधेयक में बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने के प्रावधान पर तीखा विरोध जताया जा रहा है।बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के महामंत्री ने सभी शाखा सचिवों से अपील की है कि क्लास-1 फेडरेशन, पेंशनर्स एसोसिएशन और बैंक संगठनों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि यह कदम बीमा कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है और इसका जोरदार विरोध दर्ज कराना आवश्यक



है।यूनियन नेताओं का मानना है कि एफडीआई सीमा बढ़ाने से विदेशी कंपनियों का दबदबा बढ़ेगा, जिससे कर्मचारियों की नौकरियां और सेवा शर्तें खतरे में पड़ सकती हैं। प्रदर्शन में नारेबाजी और विरोध पोस्टरों के माध्यम से संसद के फैसले का पुरजोर विरोध किया जाएगा। हजारीबाग सहित झारखंड के अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है।

# राजस्व संग्रहण लक्ष्य हासिल करने को लेकर अपर उपायुक्त ने की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को अपर उपायुक्त जयवर्धन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण, म्यूटेशन एवं उत्तराधिकार से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता जिला परिवहन पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित रहे। विभागवार राजस्व संग्रहण की समीक्षा के क्रम में अपर उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के निर्धारित वार्षिक एवं मासिक लक्ष्यों के विरुद्ध प्राप्ति की क्रमवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि जिले की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़



करने तथा विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु लक्ष्य के अनुरूप राजस्व संग्रहण अत्यंत आवश्यक है। इस हेतु सभी विभागों को ठोस, व्यावहारिक एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। समीक्षा के क्रम में विभागवार दिए गए दिशा-निर्देश वाणिज्य कर अंचल अंचल क्षेत्रांतर्गत सभी कर योग्य प्रतिष्ठानों का अनिवार्य पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा विभागीय प्रावधानों से वंचित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्ययोजना निर्धारित कर जीएसटी राजस्व संग्रहण में सुधारात्मक प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हेतु स्पष्ट कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी डिफॉल्टर वाहनों/संस्थानों की सूची तैयार कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने, मोटर वाहन अधिनियम एवं यातायात नियमों के अनुपालन हेतु नियमित निरीक्षण, जांच एवं आवश्यकतानुसार छापेमारी अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए। ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, बिना वैध कागजात एवं बिना फिटनेस/बीमा के वाहन परिचालन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित करने के निर्देश दिए गए। खनन विभाग अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा नियमित चेकिंग एवं औचक निरीक्षण अभियान जारी रखने के निर्देश दिए गए। निबंधन कार्यालय निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप निबंधन शुल्क संग्रहण सुनिश्चित करने एवं लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। मत्स्य विभाग जिले के शत-प्रतिशत तालाबों की बंदोबस्ती सुनिश्चित करने, मत्स्य किसान समितियों से समन्वय स्थापित करने तथा जिले में मछली उत्पादन में वृद्धि हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आवश्यकता अनुसार केज (उँ) की संख्या में वृद्धि करने एवं किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंहडीह में बिनोद बाबु को दी श्रंद्धाजलि



**चास :** प्रखण्ड बिजुलिया पंचायत के सिंहडीह बिनोद बिहारी चौक पर झारखंड आंदोलन के प्रणेता बिनोद बाबु की 34 वी पुण्यतिथि धुमधाम से मनाई गई। बिनोद बाबु की मुर्ति पर पुष्प अर्पित कर लोगों ने श्रद्धांजलि दिया। जेल कैंप नेता चंदनक्यारी विधानसभा के रहे प्रत्याशी अर्जुन राजवान ने कहा विनोद बाबू के नीति और सिद्धांत पर चलकर ही विनोद बाबू की सच्ची श्रद्धांजलि होगी विनोद बाबू ने कहा था पढ़ो और लड़ो आगे बढ़ो उनका सपना हमारा झारखंड शोषण मुक्त झारखंड हो मौके पर विनोद मेला सिंहडीह के संस्थापक टुपलाल महतो जिला परिषद प्रतिनिधि सुसेन रजवार अर्जुन रजवार, अरुण महतो,मनोज महतो शंकर महतो रूपचंद महतो नेमचंद महतो नेमचंद रजवार मेरा साइन मोहन महतो रामविलास महतो सूर्यकांत रजवार भोलानाथ रजवार लतीफ अंसारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोकारो थर्मल पावर प्लांट पर संकटः चार माह से बंद छाई ट्रांसपोर्टिंग से प्लांट बंद होने का खतरा



**बोकारो :** डीवीसी के एडिशनल डायरेक्टर पीपी साह के निरीक्षण के बाद बोकारो थर्मल पावर प्लांट पर काला बादल मंडरा रहा है। एस पौंड चार माह से पूरी तरह भर चुका है और छाई ट्रांसपोर्टिंग का काम ठप होने से 500 मेगावाट क्षमता वाला यह प्लांट बंद होने की कगार पर पहुंच गया है। श्री साह ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि 14 दिनों के अंदर छाई ट्रांसपोर्टिंग शुरू न करने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंदोलन और ठेकेदार की लापरवाही के कारण यह काम ठप पड़ा है। यदि सुधार न हुआ तो प्लांट बंद करना पड़ेगा, जिससे झारखंड समेत कई राज्यों में बिजली संकट पैदा हो जाएगा।डीवीसी मुख्यालय कोलकाता से आए श्री साह ने बोकारो थर्मल प्लांट और एस पौंड का निरीक्षण किया। उन्होंने पौंड की स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह प्लांट बिजली उत्पादन में सबसे उत्कृष्ट इकाइयों में शुमार है और कई अवॉर्ड भी जीत चुका है। प्लांट बंद होने से देश-राज्य स्तर पर रोजगार पर बुरा असर पड़ेगा।निरीक्षण के बाद श्री साह ने डीवीसी अधिकारियों के साथ बैठक की और प्लांट संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख सुशील कुमार अरजरीया सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बोकारो हवाई अड्डा पर विनोद बाबू को श्रद्धांजलि, नामकरण की मांग



**बोकारो:** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकताओं ने झारखंड के पुरोधा स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो की 34वीं पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो और प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में बोकारो हवाई अड्डा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा, ३स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो वह महान विभूति हैं, जिन्होंने 'पढ़ो और लड़ो' के नारे से हर झारखंडी के दिल में गर्व जगाया। झारखंड के जन्मदाता ने समृद्ध राज्य का सपना देखा था, लेकिन आज खनिज संपदा के बावजूद विकास ठहरा हुआ है और लोग पलायन को मजबूर हैं।३ उन्होंने राज्य सरकार से अपील की कि बोकारो हवाई अड्डे का नाम विनोद बाबू के नाम पर किया जाए।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजा पांडे, कार्यकारिणी सदस्य गणेश प्रजापति, संजय कुमार, पंकज कुमार, चंडी कुमार प्रजापति, कृष्णा सिंह, वकील कुमार, मीना सिंह, रंजीत कुमार, उपेन्द्र कुमार, किशोर कुमार सिंह, डॉ. ललन प्रसाद, नरेश यादव, बिट्टू कुमार, विशाल कुमार, अमरजीत कुमार, महाराजा पांडेय, शिवम पांडे, कन्हैया पांडेय, विशाल यादव, सूरज कुमार, रवि कुमार, आशीष कुमार, सुमित कुमार और शब्दर साह समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएवी विद्यालय में तीन दिवसीय पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ




**सिल्ली:** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में बुधवार को तीन दिवसीय पुस्तक मेले का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में हिंडालको के कुमार अभिषेक प्रताप सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अरुणुमा पब्लिक स्कूल, सिल्ली के प्राचार्य राधेश्याम साहू,ममता सिंह, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बी शरण तथा इनचार्ज प्रिंसिपल सरकारी हाई स्कूल बंता के प्राचार्य समीर हजाम सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इसके अलावा हिंडालको के अधिकारी,अरुणुमा पब्लिक स्कूल के शिक्षक, तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।गवर्नमेंट हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक मोतीलाल, विद्यालय के एल.एम.सी. मेंबर प्रवीण अग्रवाल भी शामिल हुए।समारोह को संबोधित करते हुए एचआर हेड कुमार अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि पुस्तकें जीवन का मार्गदर्शन करती हैं तथा दूसरों के अनुभवों से सीखने का सशक्त माध्यम हैं।इनचार्ज प्रिंसिपल समीर हजाम ने कहा कि पुस्तकों के बिना शिक्षा और करियर की कल्पना संभव नहीं है। प्रधानाध्यापिका बी शरण ने कहा कि पुस्तक मेला विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो उनके ज्ञान, सोच एवं नैतिक मूल्यों को मजबूत करता है। मुख्य अतिथि बीडीओ अनिल कुमार ने पुस्तकों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकों से प्राप्त ज्ञान व्यक्ति को सही दिशा एवं प्रेरणा प्रदान करता है।

# टेलर का चपेट में आने से दो बच्चे घायल स्थानीय नर्सिंग होम में चल रहा इलाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ लगातार ग्रामीण व आमजनों की शिकायत पर गुरुवार को विधायक सविता महतो ने निर्माणधीन चांडिल गोलचक्कर से कांड्रा सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक के साथ पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार रजक भी उपस्थित थे। इस दौरान विधायक ने सड़क का निरीक्षण कर संवेदक को सड़क का निर्माण मानक के आधार पर करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों के शिकायत मिलने पर सड़क का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को कड़ी हिदायत दी गई की सड़क निर्माण में किसी प्रकार की कोताही न बरते। इस दौरान विधायक ने सड़क निर्माण में उपयोग हो पिच का ऊंचाई को देखा, साथ ही सड़क निर्माण में उपयोग हो रहे मैट्रियल का गुणवत्ता को देखा। मालूम हो कि 8 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से चांडिल कांड्रा मार्ग मरम्मती कार्य चार माह में पूरे किए जाने का लक्ष्य है। उक्त 6.3 किमी सड़क काफी जर्जर अवस्था में था विधायक सविता महतो ने सड़क का शिलान्यास कर मरम्मती कार्य प्रारंभ किया था ।इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार रजक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, समर भुईयां, मोतीलाल सोरेन, शिमल बेसरा, राहुल वर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित थे। देखा, साथ ही सड़क निर्माण में उपयोग हो रहे मैट्रियल का गुणवत्ता को देखा। मालूम हो कि 8 करोड़ 31 लाख रुपए की लागत से चांडिल कांड्रा मार्ग मरम्मती कार्य चार माह में पूरे किए जाने का लक्ष्य है। उक्त 6.3 किमी सड़क काफी जर्जर अवस्था में था विधायक सविता महतो ने सड़क का शिलान्यास कर मरम्मती कार्य प्रारंभ किया था । इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार रजक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, समर भुईयां, मोतीलाल सोरेन, शिमल बेसरा, राहुल वर्मा आदि ग्रामीण उपस्थित थे। यल हो गए। दोनों बच्चों का हालत खतरे से बाहर बताया जा रहा है। टेलर का ठोकर से दोनों साईकिल कवाड़ी बन गया। गनिमत रहा कि बच्चे टेलर के बाहर सड़क पर गीरा जिससे एक बड़ी हादसे पर गया। एस आई हिलाल कुमार के पहल पर इलाज के लिए टेलर मालिक द्वारा सहयोग किया गया।

## वृद्ध ने की खुदकुशी जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के तांतनगर ओपी क्षेत्र अंतर्गत दारा गांव के देवरीसाई टोला में वृद्ध ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान दुर्गा गागराई (60) के रूप में हुई है। यह घटना गुरुवार तड़के सुबह की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्गा गागराई ने अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित खेत के पास एक पेड़ में फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। परिजन और ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी।

## "नारी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" : अब्दुल इमाम अंसारी



**अनगड़ा :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी समारोह में नियुक्ति पत्र देने के समय एक मुस्लिम डॉ नुसरत परवीन के साथ जो हिजाब खींचने का कु कृत्य किया है जो अत्यंत शर्मनाक अपमानजनक अनैतिक कार्य निंदनीय कृत है। नीतीश कुमार को जानना चाहिए कि किसी भी नारी की इज्जत पल्लू हिजाब परिधान में होता है ,कोई भी दूसरे मर्द चाहे मुख्यमंत्री हो या प्रधानमंत्री किसी भी नारी के परिधान को छू नहीं सकता है। साथ साथ भारतीय संविधान के द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का खुलम खुला उल्लंघन है।


कार्यालय, अनुमण्डल सह जिला कृषि पदाधिकारी,कोडरमा
संयुक्त कृषि भवन, समाहरणालय परिसर जिला कृषि कार्यालय, कोडरमा

अति अल्प कालिन निविदा सूचना

अनुमंडल कृषि कार्यालय, उद्यान कार्यालय एवं आत्मा कार्यालय अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं में INM/IPM की आवश्यकता अनुसार अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अनुमंडल सह जिला कृषि कार्यालय, संयुक्त कृषि भवन, समाहरणालय परिसर में जमा करने की अंतिम तिथि 29.12.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक होगी एवं उसी दिन 03:00 बजे अपराह्न में अनुमंडल कृषि कार्यालय, कोडरमा के सभा कक्ष में क्रय समिति एवं निविदा दाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
सामग्री की सूची एवं निविदा की शर्त्ते www.atmakoderma.org //https://koderma.nic.in पर उपलब्ध है।

PR 368901 Agriculture,Animal Husbandry
And Co-opretive Department(25-26).D

जिला कृषि पदाधिकारी,
कोडरमा


# तीन दिवसीय गूंज महोत्सव की हुई शुरूआत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सेवा,सम्मान एवं संस्कृति के कार्यक्रमों से भरपूर तीन दिवसीय गूंज महोत्सव गुरुवार को सिल्ली स्टेडियम में शुरू हो गया।पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने स्व विनोद महतो के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके एवं दीप जलाकर महोत्सव की शुरूआत की।तीन दिनों तक चलने वाला यह कार्यक्रम का पहला दिन सिल्ली, दूसरे दिन जोन्हा महोत्सव एवं अंतिम दिन राहे में कार्यक्रम होंगे।पहले दिन सिल्ली में महावीर मेडिका हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क आई कैंप,सिल्ली सरकारी अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, असहायों के बीच कम्बल वितरण, गरीबों को भोजन सहित जनता के सेवा से जुड़े कई विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने स्टेडियम परिसर में लगे सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायत के 2 हजार से अधिक गरीब, असहाय,वृद्धा के बीच सुदेश कुमार महतो एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी,लुपुंग पंचायत समिति सदस्य ज्योति कुमारी एवं अन्य सदस्यों ने कंबल का वितरण किया। चिकित्सा शिविर में आए हुए ग्रामीणों को सुदेश महतो ने स्वयं खिचड़ी का वितरण किया एवं उन्होंने ने भी साथ बैठकर खिचड़ी का आनंद लिया।सिल्ली अस्पताल की ओर से चिकित्सा शिविर में 2 सौ मरीजों की जांच कर निः शुल्क दवाइयां दी गई। इनके अलावा कई महिलाओं के बीच अस्पताल की ओर आयरन की गोली का वितरण किया गया। इस मौके पर चिकित्सक डॉ विवेक कुमार,सुरेन्द्र महतो,भरत सिंह आदि उपस्थित थे।

## कुरमी/कुड़मी अधिकार महारैली की तैयारी को लेकर सारी प्रक्रिया पूरी

**सिल्ली :** सिल्ली आगामी 21 दिसंबर को आहुत कुरमी/ कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन सिल्ली के पतराहातू में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारी कि सारी प्रक्रियाएं पुरी कर ली गई है। महारैली में मुख्य रुप से मंत्री कान्त माहातो बंगाल सरकार, पूर्व कुरमी डेवलपमेंट बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्वांचल आदिवासी कुड़मी समाज के मुल महंता सुनील कुमार माहातो,कारीनाथ महतो अध्यक्ष कुरमी महासभा, रणधीर चौधरी अध्यक्ष कुरमी विकास परिषद, डाक्टर रमणेश प्रसाद सिंगपुर मुरी, डाक्टर नरसिंह महन्त कालीमाटी, खिरोधर महतो बोकारो, मनसा महतो सरायकेला खरसावां, उपेन्द्र नारायण सिंह रांची, निवारण चन्द्र माहातो बागमुन्डी, हरीष महन्त उड़ीसा, हिरालाल महतो धनबाद, त्रिनयन कुमार रांची आदि कुरमी नेता उपस्थित रहेंगे।

## ठंड से राहत, बीडीओ ने बिरहोर टोला में बांटे कंबल, गरीबों ने दी दुआएं

**सरिया :** कड़कड़ाती ठंड में गरीबों की सुध लेते हुए सरिया प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने मानवीय संवेदना की मिसाल कायम की है। बुधवार को उन्होंने मंडरामों पश्चिम स्थित बिरहोर टोला तथा अमनारी बिरहोर टंडा पहुंचकर अत्यंत गरीब बिरहोर आदिवासी परिवारों के बीच कंबल वितरित किए। इस नेक काम से ठिठुरती सर्दी में लोगों ने राहत की गहरी सांस ली। बिरहोर समुदाय, जो देश के सबसे पिछड़े और असुरक्षित आदिवासी समूहों में से एक है, अक्सर मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहता है। ठंड के मौसम में कंबल जैसी छोटी सी मदद भी उनके लिए जीवनदायिनी साबित होती है।

# क्रिसमस गैदरिंग का भव्य आयोजन सरहुल बागान मुरी में , 21 दिसंबर को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिल्ली :** मुरी रेलवे आदिवासी परिवार, मुरी शाखा के तत्वावधान में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुरूप दिनांक 21 दिसंबर को क्रिसमस गैदरिंग का भव्य एवं गरिमामय आयोजन सरहुल बागान, मुरी किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल, स्वच्छ एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से सरहुल बागान की साफ-सफाई एवं सज्जा का कार्य डॉ. झरिया कच्छप के निर्देशन में प्रारंभ कर दिया गया है। इस कार्य में बलवीर सिंह, कुसुम मुंडा के साथ-साथ रेलवे आदिवासी परिवार के कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ता देवेंद्र कुमार बड़ाइक, निरंजन बाघवार, विषुन हेमरोंम, एम. एल. मांझी, शिबू पहान, ए. के. समुद्रा ,अमर उरांव तथा समस्त समिति सदस्य पूरे उत्साह, एकजुटता और सेवा भावना के साथ जुटे हुए हैं। यह क्रिसमस गैदरिंग केवल एक पर्व का आयोजन नहीं, बल्कि प्यार, भाईचारा, आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का सशक्त संदेश है। क्रिसमस हमें यह सिखाता है कि समाज में प्रेम, क्षमा, सेवा और सहयोग के माध्यम से ही एक सशक्त एवं सकारात्मक भविष्य का निर्माण संभव है। यह आयोजन समाज के हर वर्ग को जोड़ने, आपसी भेदभाव मिटाने और मानवता को सर्वोपरि रखने का प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

# ईचागढ़ पुलिस के द्वारा जागरुकता अभियान चलाते हुए किया गया बीज का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावाँ पुलिस द्वारा वर्तमान फसलीय वर्ष में जिलांतर्गत अफीम की अवैध खेती की संभावना को नगण्य करने हेतु प्री कल्टीवेशन ड्राइव चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान जिला पुलिस द्वारा विभिन्न माध्यमों से अफीम की अवैध खेती की रोकथाम तथा वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने हेतु अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के दौरान पुलिस के द्वारा पिछले फसलीय वर्ष में जिन-जिन जगहों पर अवैध अफीम की खेती की गई थी उनका सत्यापन किया जा रहा है जिसमें सत्यापन के क्रम में पाया गया कि बहुत से खेतों पर ग्रामीणों के द्वारा अफीम की खेती के स्थान पर दूसरे खेती लगाने के लिए जुताई किया गया है जिस पर वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देते हुए किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु आज ईचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग महतो के द्वारा ईचागढ़ थाना अन्तर्गत सीतु पंचायत के कुटाम ग्राम में उच्चतम गुणवत्ता वाले चना , सरसों एंव गेहूं के बीज का वितरण किया गया जिसमें करीब 250 किलोग्राम बीज का वितरण किया गया है जिससे कि किसान अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती सब्जियों एवं अनाज की खेती अपने खेतों में कर सके ।इस बीज वितरण के कार्यक्रम के दौरान करीब 40 से 50 किसान परिवारों को बीज का वितरण किया गया है । सरायकेला खरसावां पुलिस आमजनों से अपील करती है कि अफीम की खेती को पूर्ण रूप से बहिष्कार करते हुए पारंपरिक सब्जियां एवं अनाजों की खेती को बढ़ावा दे । मौके पर एस आई हिलाल कुमार, विश्वजीत तिवारी, एएसआई नारायण साह, मुखिया लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग(जिला भू-अर्जन कार्यालय, राँची)

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन) ''गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना''

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है मौजा–मूरी, थाना संख्या–89, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना गोला–मूरी चार लेन पथ निर्माण परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–मूरी, थाना संख्या–89, अंचल–सिल्ली, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश कुल रकबा–5.911 एकड़ भूमि मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–मूरी

| क्र० सं० | खाता सं० | सर्वे प्लॉट सं० | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं०) उ० | द० | पू० | प० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 27 | 4 | सिकमी | 0.134831 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 02 | 101 | 6 | रैयती | 0.310558 | हरी कुरमी, वल्द – लखन कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 03 | 75 | 7 | रैयती | 0.100205 | धरमा कुरमी, पेशरान – रामु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व मोहना कुरमी, वल्द – अमडु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व सुकुआ कुरमी, पेशरान – रामु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह | 9 | 10 | 7 | 6 |
| 04 | 27 | 8 | रैयती | 0.334365 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 51 | 52 | 49 | 48 |
| 05 | 102 | 10 | रैयती | 0.004608 | हीरालाल मुन्डा, वल्द – रतु मुन्डा, , जाति– मुण्डा, निवासी– साकिन देह | 53 | 54 | 51 | 50 |
| 06 | 75 | 12 | रैयती | 0.046806 | धरमा कुरमी, पेशरान – रामु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व मोहना कुरमी, वल्द – अमडु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व सुकुआ कुरमी, पेशरान – रामु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह | 54 | 55 | 52 | 51 |
| 07 | 53 | 13 | रैयती | 0.085093 | पती राम कुरमी, वल्द – मेघु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 55 | 56 | 53 | 52 |
| 08 | 103 | 14 | रैयती | 0.208682 | हिरालाल मुन्डा, वल्द – रुतु मुन्डा, , जाति– मुण्डा, निवासी– साकिन देह | 62 | 63 | 60 | 59 |
| 09 | 103 | 15 | रैयती | 0.048151 | हिरालाल मुन्डा, वल्द – रुतु मुन्डा, , जाति– मुण्डा, निवासी– साकिन देह | 63 | 64 | 61 | 60 |
| 10 | 37 | 49 | रैयती | 0.000153 | चनदु कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व जोधा कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व पुसुआ कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व मुसमात रखलीआ कुरमीन, जौजे – मोन्दु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह | 64 | 65 | 62 | 61 |
| 11 | 27 | 50 | रैयती | 0.018841 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 102 | 103 | 100 | 99 |
| 12 | 65 | 51 | रैयती | 0.058665 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 129 | 130 | 127 | 126 |
| 13 | 27 | 52 | रैयती | 0.019751 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 132 | 133 | 130 | 129 |
| 14 | 27 | 53 | रैयती | 0.000194 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 134 | 135 | 132 | 131 |
| 15 | 27 | 54 | रैयती | 0.087467 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 135 | 136 | 133 | 132 |
| 16 | 27 | 61 | रैयती | 0.118624 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 136 | 137 | 134 | 133 |
| 17 | 27 | 62 | रैयती | 0.008806 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 137 | 138 | 135 | 134 |
| 18 | 27 | 63 | रैयती | 0.195411 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 138 | 139 | 136 | 135 |
| 19 | 65 | 95 | रैयती | 0.003850 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 20 | 65 | 96 | रैयती | 0.290469 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 8 | 9 | 6 | 5 |
| 21 | 65 | 97 | रैयती | 0.012389 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 13 | 14 | 11 | 10 |
| 22 | 65 | 98 | रैयती | 0.244516 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 10 | 11 | 8 | 7 |
| 23 | 53 | 112 | रैयती | 0.018481 | पती राम कुरमी, वल्द – मेघु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 11 | 12 | 9 | 8 |
| 24 | 53 | 126 | रैयती | 0.012432 | पती राम कुरमी, वल्द – मेघु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 14 | 15 | 12 | 11 |
| 25 | 65 | 129 | रैयती | 0.189525 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 113 | 114 | 111 | 110 |
| 26 | 27 | 131 | रैयती | 0.044203 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 127 | 128 | 125 | 124 |
| 27 | 27 | 133 | रैयती | 0.294845 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 128 | 129 | 126 | 125 |
| 28 | 27 | 134 | रैयती | 0.015722 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 144 | 145 | 142 | 141 |
| 29 | 27 | 135 | रैयती | 0.099851 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 15 | 16 | 13 | 12 |
| 30 | 27 | 136 | रैयती | 0.084854 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 16 | 17 | 14 | 13 |
| 31 | 27 | 137 | रैयती | 0.160545 | छुटु महतो, वल्द – मेघु महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 20 | 21 | 18 | 17 |
| 32 | 30 | 139 | रैयती | 0.093501 | चन्दु कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व छुटु महतो, पेशरान – मेघु कुरमी, दो हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व पती राम कुरमी, पेशरान – मेघु कुरमी, दो हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व पुसा कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व रखलीआ कुरमीन, जौजे – मन्दु कुरमी, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व वुधु महतो, पेशरान – भगतु कुरमी, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व वोधा कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व सोखा महतो, पेशरान – भगतु कुरमी, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह | 50 | 51 | 48 | 47 |
| 33 | 37 | 140 | रैयती | 0.042093 | चनदु कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व जोधा कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व पुसुआ कुरमी, पेशरान – जगतु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व मुसमात रखलीआ कुरमीन, जौजे – मोन्दु कुरमी, वहिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह | 103 | 104 | 101 | 100 |
| 34 | 38 | 141 | रैयती | 0.109673 | चन्दु कुरमी, पेशरान – भगतु कुरमी, तीन हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरी टोला व पुसुआ कुरमी, पेशरान – भगतु कुरमी, तीन हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरी टोला व भोधा कुरमी, पेशरान – भगतु कुरमी, तीन हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरी टोला व मुसमात रखलीआ कुरमीन, जौजे – चन्दु कुरमी, 1हीस्सा, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरी टोला | 141 | 142 | 139 | 138 |
| 35 | 53 | 143 | रैयती | 0.117758 | पती राम कुरमी, वल्द – मेघु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 52 | 53 | 50 | 49 |
| 36 | 54 | 144 | रैयती | 0.087063 | पतीराम कुरमी, वल्द – मेघु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरी दार | 96 | 97 | 94 | 93 |
| 37 | 65 | 145 | रैयती | 0.140888 | वुधु महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार व सोघा महतो, पेशरान – भगतु महतो, वह, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देहलटोला टुगरीधार | 97 | 98 | 95 | 94 |
| 38 | 42 | 151 | रैयती | 0.269900 | तेजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह व रजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह | 98 | 99 | 96 | 95 |
| 39 | 42 | 155 | रैयती | 0.175131 | तेजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह व रजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह | 99 | 100 | 97 | 96 |
| 40 | 42 | 156 | रैयती | 0.117982 | तेजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह व रजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह | 130 | 131 | 128 | 127 |
| 41 | 42 | 157 | रैयती | 0.187752 | तेजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह व रजला मोमीन, पेशरान – महमद मोमीन, वहिस्सा बराबर, जाति– जोलहा, निवासी– साकिन देह | 146 | 147 | 144 | 143 |
| 42 | 45 | 160 | रैयती | 0.039783 | धरमा कुरमी, वल्द – रामु कुरमी, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह टोला टुगरीधार | 140 | 141 | 138 | 137 |
| 43 | 11 | 264 | रैयती | 0.262776 | गुना कुम्हार, वल्द – जगडु कुम्हार, , जाति– कुम्हार, निवासी– साकिन देह | 142 | 143 | 140 | 139 |
| 44 | 49 | 265 | रैयती | 0.215718 | नन्दा महतो, वल्द – दुखीआ महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन लेआदाग व वनसिंह महतो, वल्द – जगला महतो, , जाति– कुरमी, निवासी– साकीन लेआदाग | 144 | 145 | 145 | 141 |
| 45 | 61 | 266 | रैयती | 0.244068 | करमा महतो, पेशरान – मोगला महतो, 1 हिस्सा, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व मानकी महतो, वल्द – वीनोद महतो, 1हीस्सा, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह व वादीआ महतो, पेशरान – मोगला महतो, 1 हिस्सा, जाति– कुरमी, निवासी– साकीन देह | 148 | 149 | 146 | 145 |
| 46 | 100 | 267 | रैयती | 0.082246 | खेदना पाहन, पेशरान – गोपाल पाहन, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– मुण्डा, निवासी– साकीन देह व चेतन पाहन, पेशरान – गोपाल पाहन, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– मुण्डा, निवासी– साकीन देह व हरी पदो पाहन, वल्द – भगतु पाहन, 1हीस्सा, जाति– मुण्डा, निवासी– साकीन देह | 153 | 154 | 151 | 150 |
| 47 | 100 | 268 | रैयती | 0.471969 | खेदना पाहन, पेशरान – गोपाल पाहन, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– मुण्डा, निवासी– साकीन देह व चेतन पाहन, पेशरान – गोपाल पाहन, एक हिस्सा हिस्सा बराबर, जाति– मुण्डा, निवासी– साकीन देह व हरी पदो पाहन, वल्द – भगतु पाहन, 1हीस्सा, जाति– मुण्डा, निवासी– साकीन देह | 271 | 272 | 269 | 268 |
| | | | कुल | 5.911 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 368955 Land Reforms (25-26)_D
अमीन, जि०भू०अ०का० ,राँची।
कानूनगो, जि०भू०अ०का०,राँची।
जि० भू० अ० पदा०, राँची।
अपर समाहर्त्ता, राँची।
उपायुक्त, राँची।

# ऑस्ट्रेलिया में बढ़ती यहूदी विरोधी हिंसा

ऑस्ट्रेलिया को लंबे समय तक ऐसे बहुसांस्कृतिक लोकतंत्र के रूप में देखा गया है, जहाँ विविध धार्मिक, नस्ल और सांस्कृतिक समुदायों ने अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण सह अस्तित्व का अनुभव किया। यहूदी समुदाय भी इस सामाजिक संरचना का सशक्त और सम्मानित हिस्सा रहा है। किंतु हाल के वर्षों में, विशेषकर साल 2023 के बाद यहूदी संस्थानों, सभास्थलों और व्यक्तियों के विरुद्ध लक्षित हिंसा की घटनाओं में वृद्धि ने इस धारणा को गंभीर चुनौती दी है। आगजनी, नफरत, धमकियाँ और हमलों की घटनाएँ केवल आपराधिक कृत्य नहीं हैं बल्कि वे ऑस्ट्रेलियाई समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण, असहिष्णुता और असुरक्षा की गहरी परतों को उजागर करती हैं। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यहूदी विरोधी हिंसा क्यों बढ़ रही है और शासन व्यवस्था आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए नागरिक स्वतंत्रता का संतुलन कैसे बनाए। यहूदी विरोधी हिंसा के उभार को समझने के लिए सबसे पहले वैश्विक भू-राजनीतिक संदर्भ पर ध्यान देना आवश्यक है। इजराइल-गाजा संघर्ष जैसे अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रह गए हैं। डिजिटल मीडिया और वैश्विक सूचना प्रवाह के कारण इनका प्रभाव दूरस्थ समाजों तक तत्काल पहुँचता है। ऑस्ट्रेलिया में भी इस संघर्ष ने भावनात्मक ध्रुवीकरण को जन्म दिया है, जहाँ विदेश नीति या सैन्य कार्रवाइयों की आलोचना कई बार यहूदी समुदाय के सामूहिक दोषारोपण में बदल जाती है। राजनीतिक असहमति और धार्मिक-जातीय पहचान के बीच की यह रेखा धुंधली पड़ना यहूदी विरोधी हिंसा को वैचारिक वैधता प्रदान करता है। इसके साथ ही चरमपंथी विचारधाराओं का विस्तार एक गंभीर कारक बनकर उभरा है। दक्षिणपंथी अतिवाद, श्वेत वर्चस्ववादी सोच और कुछ कट्टरपंथी नेटवर्क लंबे समय से यहूदियों को षड्यंत्र सिद्धांतों से जोड़ते रहे हैं। डिजिटल युग में इन विचारों का प्रसार तेज और व्यापक हो गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स और ऑनलाइन फोरम ऐसे "इको-चैम्बर्स" बनाते हैं, जहाँ नफरत को सामान्य व्यवहार की तरह प्रस्तुत किया जाता है। जब व्यक्ति लगातार एक ही प्रकार की भड़काऊ सामग्री देखता है तो हिंसा धीरे-धीरे वैध और आवश्यक प्रतिक्रिया के रूप में चित्रित होने लगती है। दुष्प्रचार और साजिश की कथाएँ भी यहूदी विरोधी हिंसा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐतिहासिक रूप से यहूदियों को आर्थिक संकटों, महामारी और राजनीतिक अस्थिरता के लिए दोषी ठहराने की प्रवृत्ति रही है। आधुनिक समय में यही प्रवृत्ति सोशल मीडिया के माध्यम से नए रूप में सामने आती है। कोविड-19 महामारी, वैश्विक आर्थिक मंदी या अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से जुड़ी जटिलताओं को यहूदी समुदाय से जोड़कर प्रस्तुत किया जाता है। बार-बार दोहराए जाने पर ये झूठे आख्यान सामाजिक चेतना में स्थान बना लेते हैं और हिंसा के लिए मानसिक आधार तैयार करते हैं। आंतरिक सुरक्षा ढांचे की कुछ संरचनात्मक कमजोरियाँ भी इस समस्या को गहराती हैं। हाल की घटनाओं ने यह सवाल उठाया है कि हथियार लाइसेंसिंग प्रणाली, मानसिक स्वास्थ्य आकलन और खुफिया निगरानी कितनी प्रभावी है। यदि संभावित हिंसक प्रवृत्तियों के संकेत समय रहते पहचान में न आएँ तो तथाकथित "लोन वुल्फ" हमले गंभीर नुकसान पहुँचा सकते हैं। यह केवल पुलिस की विफलता नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था को चुनौती है, जहाँ जोखिमों का पूवार्नुमान और समय पर हस्तक्षेप अत्यंत आवश्यक होता है। इन परिस्थितियों में शासन के सामने आंतरिक सुरक्षा और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखने की सबसे बड़ी चुनौती है। लोकतांत्रिक समाज में सुरक्षा का अर्थ केवल कठोर कानून और निगरानी नहीं हो सकता। राज्य की पहली जिम्मेदारी कानून के शासन को बनाए रखना है, जिसमें घृणा अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई शामिल है। यहूदी विरोधी हिंसा के मामलों में सख़्त अभियोजन और दंड का स्पष्ट संदेश देना आवश्यक है कि समाज में नफरत और हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। साथ ही, पीड़ितों को न्याय और सहायता उपलब्ध कराना विश्वास बहाली के लिए अनिवार्य है। खुफिया तंत्र का समन्वय आंतरिक सुरक्षा की रीढ़ है। संघीय और राज्य स्तर की एजेंसियों के बीच सूचना साझा करने में देरी या असंगति संभावित खतरों को अनदेखा कर सकती है।

## सूडोकु नवताल- 7648

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7647 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा था

**विजय केसरी**

स्वाधीनता आंदोलन के शिखर पुरुष, संविधान सभा के सदस्य, लोकसभा में पृथक झारखंड के पहले उदघोषक, हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबू राम नारायण सिंह का संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहा था। उनकी राजनीति पंचायत व्यवस्था और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए अग्रसर रही थी। वे कांग्रेस पार्टी की दलीय राजनीति से ऊपर उठकर पूर्ण स्वराज्य के लिए संघर्षरत रहे थे। देश की आजादी के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की दिशाहीनता से नाराज होकर उन्होंने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने कभी भी सत्ता की राजनीति नहीं की बल्कि एक सेवक के रूप में कार्य करना बेहतर समझा था । भारत की संसद में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की नीतियों के खिलाफ बाबूराम नारायण सिंह ने पुरजोर तरीके से अपनी बातों को रखकर एक नई पहचान निर्मित की थी। उनकी राजनीति ग्राम पंचायत से शुरू होकर केंद्रीय सत्ता तक पहुंचती थी। उनका मत था कि इसी नीति पर चलकर भारत पूर्ण स्वराज्य प्राप्त कर सकता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था। उनकी राजनीति का उद्देश्य सिर्फ देश हित था । सत्य और अहिंसा का प्रथम पाठ उन्होंने गांधीजी से ही सीखा था । इस धर्म का पालन उन्होंने अपने जीवन के अंतिम क्षण तक किया था।

आज की बदली परिस्थिति में जहां राजनीति जाति आधारित बन चुकी है। वोट के लिए राजनीति का ध्रुवीकरण हो रहा है। नेताओं के कथनी और करनी में आसमान और जमीन का फर्क दिख रहा है। राजनीति से धीरे धीरे कर नैतिकता का लोप होता चला जा रहा है। इस विषम परिस्थिति में हम सबों को बाबू राम नारायण सिंह की राजनीति से त्याग और बलिदान की सीख लेनी चाहिए। उनकी राजनीति समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास से जुड़ी हुई थी। आजादी का मतलब सिर्फ देश की संप्रभुता ही नहीं थी, बल्कि देश में निवास करने वाले हर एक व्यक्ति की संपूर्ण आजादी थी। उनकी राजनीति गांव और पंचायत से शुरू होकर जिला, प्रांत और केंद्र तक पहुंचती थी। वे महात्मा गांधी की तरह चाहते थे कि आजादी के बाद सबसे अधिक अधिकार ग्राम सभाओं को प्राप्त हो। उसके बाद राज्य को अधिकार प्राप्त हो। इसके बाद केंद्र को अधिकार प्राप्त हो। जबकि देश की आजादी के बाद इस विचारधारा पर देश चला ही नहीं। देश में एक अलग व्यवस्था काम में हुई। उन्होंने संविधान सभा की बैठक में पुरजोर तरीके से ग्राम सभाओं को सबसे अधिक अधिकार दिए जाने की बात कही थी। क्रमशः प्रांत और केंद्र को ग्राम सभाओं से कम अधिकार मिले। लेकिन उनकी बातों को नहीं माना गया था। अगर देश उनके विचारधारा पर चला होता तब आज आजादी के 78 वर्ष बीत भी जाने के बाद भी देश के गांवों की स्थिति में बहुत कुछ फर्क नहीं दिख रहें हैं। विकास सिर्फ शहरों तक ही सिमट कर रह गया है।

देश की आजादी के संघर्ष बाबू राम नारायण सिंह आठ बार जेल गए थे। वे लगभग 10 वर्षों तक जेल में बंद रहे थे। उनकी जेल यात्रा 1920 से शुरू हुई थी। वे अंतिम बार 1942 में गिरफ्तार हुए और 1944 में रिहा कर दिए गए थे। वे झारखंड के पहले सांसद रहे, जिन्होंने लोकसभा में पृथक झारखंड के लिए 16 अगस्त 1956 को यादगार भाषण किया था। इस बात का जिक्र झारखंड के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार, लेखक बलबीर दत्त ने अपनी पुस्तक 'कहानी झारखंड आंदोलन की' में जिक्र भी किया है।

उन्होंने देश की आजादी के बाद सत्ता की राजनीति से अलग हटकर समाज सेवा का मार्ग चुना था। वे पक्के गौ सेवक थे। वे खुद गायों को पालते और जब भी अवसर मिलता गायों की सेवा किया करते थे। वे गायों के संरक्षण और संवर्धन चाहते थे । गाय को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पशु मानते थे। वे देश भर में गायों की हो रही हत्या के प्रबल विरोधी थे। 1956 में उन्होंने गौ हत्या के विरुद्ध उत्तर प्रदेश के मथुरा में भाषण दिया था। उनके भाषण का ऐसा असर हुआ कि मथुरा पुलिस ने 19 जनवरी 1956 को चतरा जिले के दंतार ग्राम से उन्हें गिरफ्तार कर मथुरा के जेल में डाल दिया था। उस समय देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर जवाहरलाल नेहरू विराजमान थे। बाबू राम नारायण सिंह की गिरफ्तारी की बात जब तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के पास पहुंची तब उन्होंने एक पत्र बाबूराम नारायण सिंह के लिखा। डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रयास से 31 मई 1956 को बाबू राम नारायण सिंह को जेल से रिहा कर दिया गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी चाहते थे कि देश की आजादी के बाद स्वाधीनता आंदोलन की यह राजनीतिक कांग्रेस पार्टी की यात्रा यहीं समाप्त हो जाए। सत्ता की राजनीति के लिए कोई अन्य पार्टी गठन हो। इस निमित्त बाबू राम नारायण सिंह,आचार्य कृपलानी, जे.बी. कृपलानी जैसे कई नेताओं ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिया था। 1952 में जब पहली बार लोकसभा का चुनाव हुआ था। तब बाबू राम नारायण सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में हजारीबाग से चुनाव लड़े थे। वे कांग्रेस पार्टी के ज्ञानी राम को अठारह हजार वोटों से हराकर सांसद चुने गए थे।

वे देश के तमाम बड़े नेताओं महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, आचार्य कृपलानी, जे.बी. कृपलानी, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सुभाष चंद्र बोस, विनोबा भावे, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि नेताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर स्वाधीनता आंदोलन की लड़ाई लड़े थे। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रिय साथी थे । बाबू राम नारायण सिंह के पोता डॉ प्रमोद सिंह ने डॉ राजेंद्र प्रसाद एवं दादा जी के बीच हुए पत्राचार की प्रति जब दिखाया, उन चिट्ठियों को पढ़कर मन तृप्त हो गया । किस तरह देश के दो बड़े नेता कितने सहज, सरल शब्दों में अपनी भावनाओं एवं देश की चिंता से एक दूसरे को अवगत कराया करते थे ।

बाबू राम नारायण सिंह 1952 से 1957 तक हजारीबाग के सांसद रहे। संविधान सभा के सदस्य रहे। देश भर के अग्रणी नेताओं की पंक्ति में खड़े थे, किंतु उन्होंने इसका किसी भी तरह का लाभ अपने परिवार के किसी भी सदस्य तक नहीं पहुंचने दिया। वे चाहते तो अपने छोटे पुत्र ग्रेजुएट महादेव सिंह को किसी भी सरकारी नौकरी में ऊंचे पद पर भेज सकते थे , किंतु उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। बल्कि अपने पुत्र को उन्होंने खेती गृहस्थी का मार्ग सुझाया। पिता के आदेश पर वे कृषक बने। अब वे हमारे बीच नहीं है। वे बतौर कृषक अपने पिता के मार्ग पर आजीवन चलते रहे।

बाबू राम नारायण सिंह के सुपौत्र डॉ. प्रमोद सिंह हाल ही में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विभाग सेवा निवृत्त हुए। उन्होंने बाबू राम नारायण सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक पुस्तक प्रकाशित किया है। अपने लोकप्रिय दादा की स्मृतियों को बहुत ही सहेज कर रखे हैं ।अपने यहां आने वाले अतिथियों को दादा बाबू राम नारायण सिंह की स्मृतियों को बड़े ही गर्व से दिखाते हैं। महात्मा गांधी, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी आदि की दर्जन भर से अधिक लिखीं चिठियां जो स्वाधीनता आंदोलन के क्रम में बाबू राम नारायण सिंह को लिखी गई थी। पढ़ने से प्रतीत होता है कि इतने बड़े-बड़े नेताओं को समाज की छोटी से छोटी बातों व चीजों पर भी इतना ध्यान रहता था ।

उन्होंने देश की सत्ता की राजनीति की बदली दिशा पर 'स्वराज लुट गया' नामक पुस्तक लिखकर विरोध दर्ज किया था। उन्होंने इस संघर्ष को धारदार बनाने के लिए देश भर के नेताओं से मुलाकात किया। इसी बीच आज से 60 वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में 79 वर्ष की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई। उनके विचारों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# काकोरी कांड : आजादी के संघर्ष का अमर अध्याय

**योगेश कुमार गोयल**

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास केवल राजनीतिक आंदोलनों, प्रस्तावों और समझौतों का क्रम नहीं है बल्कि यह उन असंख्य क्रांतिकारियों की त्यागमयी गाथा भी है, जिन्होंने मातृभूमि की आजादी के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। इन बलिदानों ने गुलामी की जड़ों को भीतर से हिलाया और जनता के मन में यह विश्वास जगाया कि अंग्रेजी हुकूमत अजेय नहीं है। ऐसी ही एक ऐतिहासिक और निर्णायक घटना है काकोरी कांड, जिसने न केवल ब्रिटिश सत्ता को गहरी चुनौती दी बल्कि भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की।




काकोरी कांड भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष का वह अध्याय है, जिसने सिद्ध कर दिया कि आजादी केवल याचिकाओं और प्रार्थनाओं से नहीं मिलेगी बल्कि उसके लिए साहस, संगठन और बलिदान की आवश्यकता होगी। यही कारण है कि काकोरी कांड में शामिल क्रांतिकारी केवल इतिहास के पात्र नहीं बल्कि क्रांति की नींव रखने वाले शूरवीर माने जाते हैं। उनकी शहादत की स्मृति में हर वर्ष 19 दिसम्बर को काकोरी शहीद दिवस मनाया जाता है, जो हमें स्वतंत्रता की कीमत और उसकी रक्षा की जिम्मेदारी का बोध कराता है।

बीसवीं सदी के प्रारंभिक दशकों में भारत का राजनीतिक परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा था। महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन ने देश में जन-जागरण की लहर पैदा की थी। साल 1920 में शुरू हुआ यह आंदोलन ब्रिटिश शासन के लिए गंभीर चुनौती बन गया था लेकिन फरवरी 1922 में चौरी-चौरा कांड के बाद गांधीजी द्वारा आंदोलन वापस लिए जाने से देश के एक बड़े वर्ग, विशेषकर युवा क्रांतिकारियों में गहरी निराशा फैल गई। वे मानते थे कि जब अंग्रेज दमन और हिंसा का सहारा ले रहे हैं तब केवल अहिंसा के माध्यम से आजादी पाना कठिन है।

यही वह ऐतिहासिक मोड़ था, जहां से संगठित क्रांतिकारी आंदोलन ने नई दिशा पकड़ी। निराश लेकिन दृढ़ निश्चयी युवाओं ने यह ठान लिया कि वे किसी भी कीमत पर स्वतंत्रता के लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे। इसी सोच के परिणामस्वरूप साल 1923 में शचीन्द्रनाथ सान्याल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचआरए) की स्थापना हुई। इस संगठन का उद्देश्य केवल ब्रिटिश शासन का विरोध करना नहीं बल्कि एक ऐसे स्वतंत्र, गणराज्यात्मक भारत की स्थापना करना था, जहां शोषण और अन्याय का कोई स्थान न हो। एचआरए के प्रमुख सदस्यों में राम प्रसाद बिस्मिल, योगेशचंद्र चटर्जी, शचीन्द्रनाथ बख्शी जैसे साहसी क्रांतिकारी शामिल थे। बाद में चंद्रशेखर आजाद और भगत सिंह जैसे तेजस्वी क्रांतिकारी भी इस विचारधारा से जुड़े। संगठन का स्पष्ट मत था कि क्रांति के लिए संसाधन चाहिए और संसाधनों के लिए धन। लेकिन चंदा मांगना न केवल संगठन की गोपनीयता को खतरे में डाल सकता था बल्कि अंग्रेजी खुफिया तंत्र को भी सतर्क कर सकता था। ऐसे में निर्णय लिया गया कि ब्रिटिश सरकार के ही खजाने को निशाना बनाया जाए। इस विचार को कार्यरूप देने की जिम्मेदारी संगठन के सेनापति रामप्रसाद बिस्मिल को सौंपी गई। प्रारंभिक प्रयासों में क्रांतिकारियों ने कुछ धन जुटाने की कोशिश की लेकिन वह हथियारों और क्रांतिकारी गतिविधियों के लिए पर्याप्त नहीं था। अंततः यह निर्णय लिया गया कि सीधे सरकारी खजाने पर हाथ डाला जाए। यह फैसला न केवल साहसिक था बल्कि अत्यंत जोखिम भरा भी क्योंकि असफलता की स्थिति में इसका परिणाम मृत्यु या आजीवन कारावास हो सकता था।

8 अगस्त 1925 को बिस्मिल के घर गुप्त बैठक हुई, जिसमें ब्रिटिश सरकार के खजाने को लूटने की विस्तृत योजना बनाई गई। अगले ही दिन 9 अगस्त 1925 को एचआरए के 10 क्रांतिकारी सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन में सवार हुए। इनमें रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र लाहिड़ी, शचीन्द्रनाथ बख्शी, मन्मथनाथ गुप्त, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल, केशव चक्रवर्ती और मुकुंदी लाल शामिल थे। लखनऊ के निकट काकोरी रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चेन खींच कर उसे रोका गया। योजना के अनुसार, राजेंद्र लाहिड़ी ने नेतृत्व संभाला और कुछ ही क्षणों में सरकारी खजाने को कब्जे में ले लिया गया। यह कार्रवाई इतनी सुनियोजित थी कि यात्रियों को अधिक नुकसान नहीं हुआ। हालांकि दुर्भाग्यवश एक आकस्मिक गोली चलने से एक यात्री की मृत्यु हो गई, जिसे बाद में ब्रिटिश सरकार ने पूरे मामले को और अधिक संगीन बनाने के लिए प्रमुख आधार बनाया। इस लूट में कुल 4601 रुपये प्राप्त हुए जो उस समय एक बड़ी राशि थी। अगले ही दिन यह खबर अखबारों के माध्यम से पूरे देश और विदेश में फैल गई। लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स तक में इस घटना की चर्चा हुई। ब्रिटिश सरकार हिल गई और उसने इसे अपनी सत्ता के लिए खुली चुनौती माना। इसके बाद जो दमनचक्र चला, वह भारतीय इतिहास के सबसे कठोर अभियानों में से एक था। ब्रिटिश सरकार ने एचआरए के लगभग 40 क्रांतिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाया। लंबी सुनवाई और कठोर पूछताछ के बाद अंग्रेजी अदालत ने 4 क्रांतिकारियों को फांसी की सजा सुनाई। राजेंद्रनाथ लाहिड़ी को 17 दिसम्बर 1927 को गोंडा जेल में फांसी दी गई। इसके दो दिन बाद 19 दिसम्बर 1927 को राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान और रोशन सिंह को अलग-अलग जेलों में फांसी दे दी गई। इन फांसियों ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। हिंदू-मुस्लिम एकता की अद्भुत मिसाल बने बिस्मिल और अशफाक की मित्रता ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता संग्राम किसी एक धर्म या समुदाय का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र का संघर्ष था। उनकी शहादत ने असहयोग आंदोलन के बाद ठहर गई क्रांतिकारी चेतना को फिर से प्रज्वलित कर दिया।

काकोरी कांड का सबसे अनछुआ पहलू यह है कि यह केवल धन लूट की घटना नहीं थी बल्कि यह एक वैचारिक विद्रोह था, जिसका उद्देश्य अंग्रेजी शासन की नैतिक वैधता को चुनौती देना और यह संदेश देना था कि भारत अब दासता स्वीकार नहीं करेगा। इस घटना ने आगे चलकर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं को भी गहराई से प्रभावित किया।

आज, जब हम काकोरी शहीद दिवस मनाते हैं तो यह केवल अतीत को स्मरण करने का अवसर नहीं है बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए प्रेरणा लेने का दिन है। काकोरी के शूरवीरों ने हमें सिखाया कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं बल्कि कर्त्तव्य भी है उसकी रक्षा का, उसकी गरिमा बनाए रखने का। काकोरी कांड के शहीदों का बलिदान भारतीय इतिहास में सदैव अमर रहेगा। उनका साहस, त्याग और राष्ट्रप्रेम आने वाली पीढ़ियों को याद दिलाता रहेगा कि भारत को आजादी यूं ही नहीं मिली बल्कि इसके पीछे अनगिनत वीरों का लहू बहा है। भारत आज भी उनका ऋणी है और सदैव रहेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# गोवा मुक्ति दिवसः राष्ट्रवादी विचारों का संकल्प

**डॉ. रमेश ठाकुर**

गोवा को आजाद हुए आज 64 वर्ष पूरे हो गए। इसे हर वर्ष 19 दिसंबर को "गोवा मुक्ति दिवस" के रूप में मनाया जाता है। "मुक्ति दिवस" एक ऐसा राष्ट्रवादी विचारों वाला अहसास है जो प्रत्येक भारतीयों में अपने अधिकारों के लिए लड़ने को न सिर्फ प्रेरित करता है बल्कि सहासिक संबल भी प्रदान करता है। 15 अगस्त 1947 को जब पूरा देश स्वतंत्रता का उत्सव मना रहा था, तब गोवा पुर्तगाली शासन की जंजीरों में जकड़ा था। गोवा मुक्ति दिवस इसी अन्याय के अंत और गोवा की वास्तविक आजादी का जश्न है। भारत की आजादी के 14 वर्षों बाद गोवा मुक्त हुआ। इसे "गोवा क्रांति" के नाम से जाना जाता है जिसकी आज 64 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

गोवा की आजादी के लिए सैन्य बलों और क्रांतिकारियों ने 19 दिसंबर की तारीख तय की थी। यह गोवा में पुर्तगाली औपनिवेशिक शासन के अंत और हिंदुस्तानी सशस्त्र बलों के साहसिक अभियान का प्रतीक है।

गौरतलब है कि 16वीं शताब्दी से पुर्तगालियों ने गोवा पर कब्जा करना आरंभ कर दिया था। साल 1498 में "वास्कोडिगामा" समुद्री मार्ग से भारत पहुंच कर पुर्तगालियों को धीरे-धीरे भारत के तटीय क्षेत्रों में बसाना शुरू कर दिया था। उसके बाद उन्होंने अपने व्यापारिक और राजनीतिक किले बनाने आरंभ किए। धीरे-धीरे उन्होंने वर्चस्व स्थापित कर लिया। उनके साम्राज्य का 1961 में अंत कर दिया गया। गोवा को आजाद कराने के लिए भारतीय सैन्य अभियान इतना तेज शुरू हुआ कि उसके सामने पुर्तगाली सेना महज कुछ घंटे टिक सकी। अभियान के बीच में ही करीब 10 हजार पुर्तगाली सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर हथियार जमीन पर डाल दिए। वर्ष 1961 में भारतीय सेना ने अपने अदम्य शौर्य से "ऑपरेशन विजय" के तहत गोवा को करीब 450 साल के पुर्तगाली शासन से मुक्त कराया। भारतीय सेना ने लगभग 36 से 40 घंटे बिना रूके सैन्य अभियान चलाकर गोवा, दमन और दीव को पुर्तगालियों के चुंगल से छुड़वाने में सफलता हासिल की थी।

पुर्तगाली शासन से मुक्ति के बाद साल 1987 में गोवा को भारत का 25वां राज्य घोषित किया गया।

गोवा सन 1510 से लेकर 1961 तक पुर्तगालियों के कब्जे में रहा। पुर्तगाली किसी भी स्थिति में गोवा छोड़ना नहीं चाहते थे। गोवा की प्राकृतिक सुंदरता और कुदरती संपदा पर वे कब्जा बनाए रखना चाहते थे। भारत को अंग्रेजों से 1947 में आजादी मिल गई लेकिन गोवा तब भी पुर्तगालियों का गुलाम रहा। इसलिए उस समय भारत को पूर्ण आजाद नहीं माना जा रहा था क्योंकि देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पर्तगालियों के शासन में था। गोवा की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम 1940 के दशक में शुरू हुआ। साल 1946 में डॉ. राममनोहर लोहिया ने पुर्तगालियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए भारतीयों को प्रेरित किया। उनके आह्वान को स्वीकारते हुए गोवा मुक्ति की लड़ाई राष्ट्रवादी विचारों से प्रभावित लोगों ने सामूहिक रूप से लड़ी, जिसका नजीता ये निकला कि गोवा मुक्त हुआ। गोवा को मुक्त करवाने के लिए क्रांतिकारियों ने सबसे पहले अहिंसा, शांति पाठ और कूटनीतिक रास्ता अपनाया। लेकिन उनकी उदारता का पुर्तगाल सेना ने नाजायज फायदा उठाकर अपना दमन जारी रखा। आखिरकार आंदोलनकारियों ने भी हथियार उठाए।


साल 1947 के बाद गोवा में स्वतंत्रता की भावना और तेज हुई। गोवा मुक्ति को लेकर आंदोलन न सिर्फ गोवा में हुए बल्कि पूरे देश में यह अभियान तेज हुआ। डॉ. राममनोहर लोहिया जैसे राष्ट्रीय नेताओं ने गोवा आकर आंदोलन की दिशा को धार दी। कई गुमनाम क्रांतिकारी भी कूदे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने भी मोर्चा संभाला। सत्याग्रह, विरोध प्रदर्शन और जनसभाओं के जरिए पुर्तगाली शासन के खिलाफ आवाज उठाई।

पुर्तगाली सरकार ने आंदोलन को कठोरता से दबाने का प्रयास किए, कई स्वतंत्रता सेनानियों को जेल में डाल कर उनपर अत्याचार और जुल्म किए। इसके बाद भारत सरकार ने सेना को लगाया। सेना ने "ऑपरेशन विजय" चलाकर पुर्तगालियों की कमर तोड़ दी। गोवा की आजादी के लिए यह ऑपरेशन निर्णायक साबित हुआ। 17 दिसंबर 1961 को ऑपरेशन आरंभ हुआ था। जिसमें भारतीय थल सेना, नौसेना और वायु सेना के लगभग 30,000 सैनिक शामिल थे। भारतीय सेना ने रणनीति के तहत पुर्तगालियों के मुख्य मार्गों पर सबसे पहले नियंत्रण किया। गोवा में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग को पुर्तगालियों ने धमाके से उड़ा दिया था, ताकि वह घुस न पाएं लेकिन भारतीय सैनिक नहीं रूके। उसके बाद भारतीय वायु सेना ने भी पुर्तगालियों के ठिकानों पर जमकर बमबारी की और थल सेना ने चारों ओर से मोर्चा संभाला। तब पुर्तगालियों ने महसूस किया कि अब वो टिक नहीं पांएगे। तभी पुर्तगाली गवर्नर मेन्यू वासलो डी सिल्वा ने औपचारिक रूप से घुटने टेक कर समर्पण पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए और गोवा से पुर्तगालियों की वापसी शुरू हो गई।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग


**18 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2025 वर्ष का 352 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 05.00 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 20.07 बजे को समाप्त। **योग** धृति 15.06 बजे को

## दैनिक पंचांग

**19 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.22 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 08.31 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.17 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.50 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.21 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.01 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 16.59 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.29 बजे से |
| | | कन्या | 23.40 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | तुला | 01.51 बजे से |
| | | वृश्चिक | 04.06 ब.से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 353 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या अहोरात्र। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 22.51 बजे को समाप्त। **योग** शूल 15.47 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 05.00 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 25' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872563 **जूलियन दिन** 2461028.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 27 **विशेष** पौष अमावस्या, हनुमत जयन्ती।

दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया

# अवैध खनन व परिवहन पर लगेगी पूरी तरह रोक, उपायुक्त का सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने की। बैठक में जिले में अवैध खनन एवं परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने अवैध खनन के विरुद्ध किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी ली और और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने और अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों और एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने और अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी और सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## रामगढ़ की डॉ प्रज्ञा कुमारी ने हासिल किया गोल्ड मेडल, यूनिवर्सिटी में बनीं टॉपर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शहर की डॉ प्रज्ञा कुमारी ने अपनी मेहनत और लगन से एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एंड आयुष यूनिवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़ से एमडीएस (पीजी) की पढ़ाई में गोल्ड मेडल हासिल कर यूनिवर्सिटी टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। डॉ प्रज्ञा कुमारी ने डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है। उनकी इस सफलता से परिवार और शहर में खुशी का माहौल है।

शहरवासियों ने उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और इसे रामगढ़ के लिए गर्व का क्षण बताया। रायपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में डॉ प्रज्ञा कुमारी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जैसवाल जी ने उन्हें गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। डॉ प्रज्ञा कुमारी ने टऊ सत्र 2021-24 के फाइनल परीक्षा परिणाम में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। डॉ प्रज्ञा कुमारी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे शहर को गर्व है। उनकी इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे।

## सिमडेगा में जनता दरबार का आयोजन, ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र द्वारा जिला मुख्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अपर समाहर्ता के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान अपर समाहर्ता ने एक-एक कर सभी मामलों की गंभीरता से समीक्षा की और संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार में भूमि विवाद, नलकूप एवं चापाकल की मरम्मति, बिजली जुमार्ना माफी, पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलाने, चौकीदार के रिक्त पद हेतु द्वितीय मेधा सूची जारी करने एवं नियुक्ति, कृषि ऋण उपलब्ध कराने, टाना भगत विकास प्राधिकार के अंतर्गत जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक आयोजित कराने, टाना भगत की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति, प्रवासी मजदूर की मृत्यु के बाद सहायता राशि दिलाने, रैयती भूमि पर बीएसएनएल टावर स्थापना, जिला निबंधन कार्यालय द्वारा जमीन का निबंधन नहीं करने, लैम्पस बैंक से राशि निकासी, पति द्वारा धोखाधड़ी से विवाह एवं मानसिक-शारीरिक प्रताड़ना करने, आवास योजना, बीमारी के तहत इलाज हेतु चिकित्सा सहायता, रैयती भूमि पर अवैध कब्जा को मुक्त कराने सहित कई अन्य मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। अपर समाहर्ता ने सभी मामलों को संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए शीघ्र निष्पादन कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवेदकों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## रामगढ़ टोल टैक्स पर ट्रैफिक पुलिस का नशा मुक्ति अभियान, ट्रक चालकों की हुई अल्कोहल जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने रामगढ़ टोल टैक्स के पास नशा मुक्ति अभियान चलाया, जिसमें बड़े ट्रक ड्राइवरों की दारू की जांच मशीनों के द्वारा की गई। इस अभियान में इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडे,एस आई मनोज सिंह, एस आई मुन्ना सिंह, एस आई दिनेश कुमार, एस आई सतीश कुमार, ए एस आई संकर सिंह और ए एस आई सुरेंद्र मंडल सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। पुलिस ने ड्राइवरों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और उन्हें नशे से दूर रहने की सलाह दी। पुलिस ने बताया कि नशे की वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, इसलिए नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्राइवरों को नशे की जांच के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे नशे की सही जानकारी मिल सके। इस अभियान में पुलिस ने कई ट्रक ड्राइवरों की जांच की, जिसमें से कुछ ड्राइवर नशे में पाए गए। पुलिस ने उन्हें समझाया और उन्हें नशे से दूर रहने की सलाह दी। इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडे ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, और इसके लिए नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एस आई मनोज सिंह ने बताया कि नशे की वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं, इसलिए नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ड्राइवरों को नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है, और नशे की जांच के लिए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। ए एस आई संकर सिंह ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान में पुलिस का सहयोग करने के लिए आम जनता से अपील की जा रही है। उन्होंने बताया कि नशे की जानकारी पुलिस को देने से नशे के खिलाफ लड़ाई में मदद मिलेगी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर हुई बैठक, हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** गुरुवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ सह जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। चुट्टूपालू घाटी में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने घाटी में लगाई गई लाइटों के नियमित रूप से कार्य करने की जानकारी ली। साथ ही घाटी में साइन बोर्ड की संख्या बढ़ाने और वाहनों की गति कम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाने, हाई मास्ट लाइट लगाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, वाहन जांच अभियान चलाने और जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटना के दौरान मददगारों को सम्मानित करने की बात कही, ताकि लोगों में जागरूकता बढ़े और दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके। बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, एनएचएआई के अधिकारी, कार्यपालक अभियंता और अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी संपन्न, जल्द होगा नए अध्यक्ष का ऐलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) रामगढ़ जिला अध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को रायशुमारी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। लगभग 5 घंटे तक चली इस प्रक्रिया में पार्टी के विभिन्न स्तर के नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। प्रदेश संगठन चुनाव पर्यवेक्षक उषा पांडे, चुनाव पदाधिकारी सरोज सिंह एवं सुनील साहू की देखरेख में यह प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस रायशुमारी में जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम लिखकर लिफाफे में बंद कर दिए गए। जल्द ही भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठावान और समर्पित है। आज के रायशुमारी में सभी मतदाता ने बहुत ही उत्साह के साथ शामिल हुए। दावा है कि रायशुमारी में दर्जनों नामों के लेकर चर्चा हुई, जिनमें पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ.कूंटू बाबु, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, दिलीप सिंह संजीव कुमार बबला, संतोष शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजीत पांडेय, विजय ओझा, युगेश महतो, राजेश ठाकुर सहित कई नाम शामिल हैं। रायशुमारी में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, मण्डल प्रतिनिधि, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री शामिल हुए।

### भाजपा कार्यालय में अध्यक्ष को लेकर हुई रायशुमारी

**सिमडेगा :** नए जिला अध्यक्ष के चुनाव हेतु आज जिला कार्यालय में राय शुमारी का आयोजन किया गया जहां 98 प्रतिशत कार्यकर्ताओं ने नए जिला अध्यक्ष के लिए अपना तीन-तीन नाम दिया। राइसमारी से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से सभी अपना वोट करें क्योंकि हम सभी भारतीय जनता पार्टी के परिवार के सदस्य हैं नया जिला अध्यक्ष कोई भी बने पार्टी हित में कार्य होना चाहिए। जिला चुनाव प्रभारी किशलय तिवारी ने उपस्थित कार्यकताओं को चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया की योग्य मतदाता तीन-तीन नाम अपना राजकुमारी में देंगे जिसे पर्यवेक्षक इन नाम को लेकर प्रदेश को सौंप देंगे और प्रदेश नए जिला अध्यक्ष का घोषणा करेगा। पर्यवेक्षक के रूप में आए प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में जिला अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई जा रही है चुनाव प्रक्रिया चलते रहेगी पर पार्टी का कार्य निरंतर चलता रहेगा हम सबों को झारखंड की जनता को बताना है कि २१ क्यो जरूरी है मतदाता गहन पुनरीक्षण केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं है बल्कि यह हमारी लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है महात्मा गांधी ने कहा था कि परिवर्तन वह होना चाहिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।

## एक नजर

### सिमडेगा में आदिवासी लोहरा समाज की हुई बैठक



**सिमडेगा :** जिले के घोड़बाहार में आदिवासी लोहरा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष बासुदेव तिर्की की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में समाज को जागरूक करने एवं निरंतर योगदान देने वाले पदाधिकारियों को अंगवस्त्र एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान समाज के प्रति निष्ठा, समर्पण और सक्रिय भूमिका निभाने वाले सदस्यों की सराहना की गई। वहीं, आदिवासी लोहरा समाज संयोजक मंडली, रांची के निर्देशानुसार सर्वसम्मति से 10 प्रतिनिधियों का चयन किया गया। चयनित प्रतिनिधि इस प्रकार हैं हीरा राम, आश्रित इन्दवार, बासुदेव तिर्की, सिद्धेश्वर केरकेट्टा, रामेराम लोहरा, अघनु तिर्की, साधु लोहरा, मुनेश्वर तिर्की, आशीष इन्दवार,सुखन तिर्की, राजु इन्दवार। प्रतिनिधियों का चयन समाज की मजबूती एवं संगठन विस्तार को ध्यान में रखकर किया गया। बैठक में जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी एवं पंचायत कमेटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने समाज को संगठित,जागरूक और सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक का समापन आदिवासी लोहरा समाज को एकजुट कर आगे बढ़ाने और अधिकारों के लिए संगठित प्रयास करने के संकल्प के साथ किया गया।

### यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल 'रीझ-रंग 2025-26' में भाग लेने रवाना हुए सेंट जेवियर कॉलेज के छात्र

**सिमडेगा :** सेंट जेवियर कॉलेज, सिमडेगा के छात्र-छात्राएं रांची यूनिवर्सिटी, रांची द्वारा आयोजित यूनिवर्सिटी यूथ फेस्टिवल 'रीझ-रंग 2025-26' में भाग लेने के लिए आज रांची के लिए रवाना हुए। इस महोत्सव में कॉलेज के 42 विद्यार्थी 12 विभिन्न प्रतियोगितात्मक इवेंट्स में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। छात्रों के साथ प्रोग्राम मैनेजर के रूप मेंसहायक प्राध्यापक निम्मी टोपनो (अंग्रेजी विभाग) एवं सहायक प्राध्यापक मार्सेल हेम्ब्रोम (भूगोल विभाग) रवाना हुए। इस अवसर पर कॉलेज की कल्चरल कमेटी की को-ऑर्डिनेटर रैनी आल्मा लकड़ा, बर्सर सह उप-प्राचार्य ब्रूनो टोप्पो सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। सभी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कॉलेज के प्राचार्य फा. रोशन बा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और उन्हें पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन करना चाहिए। कॉलेज प्रबंधन को विद्यार्थियों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और पूरे संस्थान की ओर से उन्हें सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### सिमडेगा में जिला मिलेट अनुश्रवण समिति की बैठक संपन्न

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना के तहत जिला मिलेट अनुश्रवण समिति (डीएमसी) की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले में मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की समीक्षा करना एवं योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी मति माधुरी टोप्पो द्वारा समिति को विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में मोटे अनाज की खेती के लिए 6160 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लक्ष्य के विरुद्ध किसानों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली है। जिले में कुल 9382 एकड़ भूमि पर 4427 किसानों द्वारा मोटे अनाज की खेती की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य से काफी अधिक है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला कराटे प्रतियोगिता में भुरकुंडा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, राज्य स्तरीय मुकाबले के लिए चयन



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा के अंबेडकर स्थल में कोच कंचन दास से कराटे प्रशिक्षण लेने वाले छात्र-छात्राओं ने जिला कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर भुरकुंडा का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों का चयन अब राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 19-21 दिसंबर को जमशेदपुर में आयोजित होगी। 15 दिसंबर को जिद्दी में सिलेक्शन टूर्नामेंट संपन्न हुआ, जिसमें कोच कंचन दास ने बताया कि भुरकुंडा के कराटे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोर दिखाया है। मुख्य अतिथि भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने सफल प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सर्वश्रेष्ठ कराटे कार का खिताब चार गोल्ड मेडल जीतने वाली कराटे प्रशिक्षिका आस्था सिंह को मिला, जो एलां एंगलाइज सीबीएसई स्कूल में 11वीं क्लास में पढ़ाई कर रही है। इसके अलावा विकास कुमार, शिवांश राज, रेयांश राज, स्मृति मुंडा, सिमरन टोप्पो, चित्रलेखा कुमारी, भूमि करमाली और अनन्या कुमारी का भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। मुखिया अजय पासवान ने इन सभी कराटे खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भुरकुंडा के कराटे खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है और आस्था सिंह लड़कियों में प्रेरणा स्रोत बन गई है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ आत्मरक्षा के लिए सभी लड़कियों को मार्शल आर्ट का ट्रेनिंग जरूर लेना चाहिए।

### ठंड में गायब, मौसम बदलते ही 'समाजसेवी 'सक्रिय, भुरकुंडा में दिखावटी सेवा पर उठे सवाल



**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिला अंतर्गत भुरकुंडा कोयलांचल में कड़ाके की ठंड के दौरान जरूरतमंद राहत के इंतजार में ठिठुरते रहे, वहीं अधिकांश समाजसेवी संस्थाएँ और क्लब पूरी तरह नदारद नजर आए। लेकिन जैसे ही ठंड समाप्ति की ओर बढ़ेगी, वही चेहरे अचानक समाजसेवा के मसीहा बनकर सामने आ जाएंगे। सूत्रों की मानें तो ठंड खत्म होते-होते महज चंद सौ रुपये से भी कम कीमत के दस कंबलों के साथ दर्जनों लोग समाजसेवी का चोला ओढ़े नजर आएंगे। कैमरे की फ्लैश लाइट के बीच, पत्रकारों को बुलाकर फोटो सेशन होगा, बयान दिए जाएंगे और सोशल मीडिया पर सेवा की चमकदार कहानियाँ परोसी जाएंगी। वास्तविकता यह होगी कि जब ठंड अपने चरम पर थी, तब न तो ये कंबल नजर आए और न ही ये तथाकथित समाजसेवी। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सेवा नहीं, बल्कि प्रचार की राजनीति है। जरूरत के समय चुप्पी साध लेना और हालात सामान्य होते ही तस्वीरों के सहारे खुद को समाजसेवा का प्रतीक बताना, मानवीय संवेदनाओं का खुला मजाक है। समाजसेवा का मतलब अखबारों की सुर्खियों में आना नहीं, बल्कि संकट के समय बिना शोर किए मदद पहुंचाना होता है। भुरकुंडा कोयलांचल की जनता अब इस दिखावटी सेवा को पहचानने लगी है। सवाल यह है कि क्या समाजसेवा सिर्फ कैमरे के सामने निभाई जाने वाली औपचारिकता बनकर रह जाएगी, या फिर कोई संस्था आगे बढ़कर सच्चे अर्थों में जरूरतमंदों का सहारा बनेगी? यह आने वाला वक्त तय करेगा। इस तरह की दिखावटी समाजसेवा से भुरकुंडा कोयलांचल की जनता को सावधान रहने की जरूरत है। समाजसेवा का सही अर्थ है जरूरतमंदों की मदद करना, न कि सिर्फ फोटो खिंचवाना।

### अनिमिया मुक्त भारतः जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** गुरुवार को सभागार, सिविल सर्जन कार्यालय में सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में अनिमिया मुक्त भारत कार्यक्रम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग तथा महिला एवं समाज कल्याण के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। प्रोग्राम के दौरान नीरज कुमार, क्षेत्रीय प्रतिनिधि एविडेंस एक्शन के द्वारा बताया गया कि हमारे राज्य में तथा जिले में अनिमिया एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। यहाँ हर समूह के लोग अनिमिया से पीड़ित हैं, इसलिए इस समस्या को रोकने के लिए सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। आयरन की कमी से होने वाले अनिमिया के कारण बच्चों के बौद्धिक विकास बाधित होता है, इसलिए विभिन्न आयु वर्ग के लिए जैसे कि 6 माह से 59 माह के बच्चों को आयरन सिरप सप्ताह में दो बार (बुधवार एवं शनिवार) तथा विद्यालय जाने वाले बच्चों को सभी सरकारी विद्यालयों में प्रत्येक बुधवार के दिन शिक्षक की निगरानी में खाना खाने के बाद आयरन की गोली खिलाई जाती है। वहीं विकास शीत, UNICEF के द्वारा बताया गया कि पूरे राज्य में लगभग 68 प्रतिशत बच्चे अनिमिया से ग्रसित हैं। वहीं 45-55 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं अनिमिया से पीड़ित हैं, उनके द्वारा अनिमिया मुक्त झारखंड सप्ताह जो कि 15 दिसंबर से 21 दिसंबर के बीच मनाया जा रहा है, इस दौरान सभी कर्मियों को ळ4 कैंप का आयोजन एवं स्क्रीनिंग एवं उपचार तथा डाटा संधारण समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा कहा गया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी विभाग के बीच समन्वय होना आवश्यक है, उन्होंने निर्देश दिया कि आयरन फॉलिक एसिड टबलेट की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने बताया कि दवा सेवन के साथ रहन सहन के तौर तरीके में बदलाव ला कर भी अनिमिया को हमलोग खत्म कर सकते हैं। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, CDPO, शिक्षा पदाधिकारी एवं DPMU के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### किशोरी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सिमडेगा प्रखंड में नुक्कड़ नाटक रथ को किया गया रवाना



**सिमडेगा :** छोटानागपुर कल्याण निकेतन के रेबिल्ड इंडिया इनिशिएटिव के तहत सिमडेगा जिला अंतर्गत सिमडेगा प्रखंड में किशोरी शिक्षा को लेकर करमा नुक्कड़ नाटक रथ को रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ को बीरु पंचायत के मुखिया गंगाधर लोहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गांव गांव यह संदेश दिया जा रहा है कि सभी लड़कियों को शिक्षा पाने का समान अधिकार है और माता पिता को चाहिए कि वे अपनी बेटियों को पढ़ाई के साथ साथ घरेलू या अन्य कार्यों में न लगाएं, जिससे उनकी शिक्षा बाधित न हो। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना और किशोरियों के भविष्य को सुरक्षित बनाना है। इस अवसर पर संस्था की सचिव प्रियंका सिन्हा, प्रदीप कुल्लू, रवि कुमार, शकुंतला सिंह सहित बड़ी संख्या में किशोरियां उपस्थित रहीं। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी के साथ यह अभियान किशोरी शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

## एक नजर

### मुखिया के मोहर व हस्ताक्षर का दुरुपयोग करने को लेकर थाना में शिकायत

**साहिबगंज:** जिला के उधवा प्रखंड के मध्य पियारपुर के मुखिया राशेमा बीबी के नाम पर फर्जी हस्ताक्षर व मोहर लगाकर जाति, निवास, आय व अन्य दस्तावेज तैयार करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मुखिया राशेमा बीबी ने राधानगर थाना में आवेदन देकर अमानत बाजार के मतिउर शेख पर फर्जी हस्ताक्षर व मोहर लगाकर वोटर व आधार बनाने के लिए दस्तावेज तैयार कर ग्रामीणों को दे रहे हैं। मुखिया ने बताया कि अशाय की जानकारी होने पर उक्त व्यक्ति के दुकान पर पहुंचकर पुछताछ किया तो आग बबुला हो गए और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने लगें। इधर मुखिया ने पूरे भारत में चल रहे एसआईआर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर विरोधियों द्वारा साज़िश के तहत मुखिया को फसाने की साज़िश कर रहे हैं। मामले को लेकर राधानगर थाना पुलिस छानबीन कर रही है।

### अवैध बालू खनन पर जिला प्रशासन का छापेमारी अभियान, 3 ट्रैक्टर और 15,000 घनफीट बालू जब्त



**सरायकेला:** उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला खनन विभाग, पुलिस निरीक्षक , राजनगर थाना प्रभारी एवं सशस्त्र पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुजू में अवैध बालू उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध औचक निरीक्षण सह छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बालू खनिज का अवैध परिवहन करते हुए 03 ट्रैक्टर वाहनों को विधिवत जब्त कर राजनगर थाना को सुपुर्द किया गया। साथ ही मौके से अवैध रूप से भंडारित लगभग 15,000 घनफीट बालू खनिज को भी विधिवत जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में संबंधित धाराओं के अंतर्गत राजनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी।

### सिदो-कान्हू स्टेडियम विस्तार कार्य में लगे ड्राइवरों से मारपीट, दो आरोपी गिरफ्तार



**साहिबगंज:** शहर के सिदो कान्हू स्टेडियम को विस्तारीकरण किया जा रहा है। जिसको गुलाबी कंस्ट्रक्शन कंपनी काम करवा रही है और जोरो सोरों से काम चल रही है। जहां स्टेडियम में गुरुवार को विस्तारीकरण के दौरान कर्मपहाड़ से उतरे कुछ लोगों ने अचानक पोपलेन व हाइवा ड्राईवर पर अचानक हमला कर दिया इस हमले में दोनों गाड़ी के ड्राइवर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि साहिबगंज जिले के रांगा थाना क्षेत्र तालबड़ीया निवासी ड्राइवर शहाबुद्दीन मोमिन (40) व चतरा जिला अंतर्गत लुतिडिह बागरा सिमरिया थाना निवासी प्रयाग साव (51) दोनों ड्राइवर सिद्ध कान्हू स्टेडियम को विस्तारीकरण का काम कर रहे थे। जहाँ दोनों ड्राइवर हाइवा में मिट्टी दे रहा था। पहाड़ के ऊपर से दो लोगों ने पहले आया और गाड़ी के शीशा में मारा इसके बाद करीब आने के बाद हाथ में डंडा था, डंडे से मरने लगा दूसरा ड्राइवर ने जब बचाने के लिए दौड़ा तो उसे भी मारने लगे ड्राइवर ने बताया कि पहाड़िया लोग थे बोल रहा था की जमीन हमारा है।

# संत जेवियर स्कूल मंडली का वार्षिक उत्सव का हुआ आयोजन

# प्रेरणादायक संदेश व अनुशासन का पालन करें बच्चे : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** संत जेवियर स्कूल मुण्डली का गुरुवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि राजमहल विधायक एमटी राजा और विशिष्ठ अतिथि संत जेवियर स्कूल सहिबगंज के प्राचार्य फादर अरुल डोस एसजे शामिल हुए। दोनों ही अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और विशिष्ठ अतिथि का स्वागत साल ओढ़कर और पौधा देकर किया गया। विधायक ने कहा कि राजमहल क्षेत्र में संत जेवियर्स संस्थान बेहतर शिक्षा, अनुशासन व प्रेरणादायक संदेश दे रहे हैं। इसे बच्चों को जीवन में पालन करने की आवश्यकता है। अभिभावक भी इसका ध्यान रखें। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में प्रेयर डांस, वेलकम संग, डांस, नाटक, रैम्स डांस, भाषण सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर है। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल सिस्टर लीना, विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, विकास यादव, आशीष मंडल, मो मकसुद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**शैक्षणिक भ्रमण पर पहुंचे सिलीगुड़ी के छात्र छात्राओं का विधायक ने किया स्वागत**

पर्यटन एक्टिविस्ट राज बसु के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के मोडेला केयरटेकर सेंटर एंड स्कूल के 50 छात्र-छात्राएं तीन दिवसीय शैक्षाणिक भ्रमण के दूसरे दिन गुरुवार को उधवा पक्षी अभ्यारण्य झील पहुंचे। इस दौरान राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने पर्यटकों को गुलदस्ता भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया।इस दौरान आदिवासी महिलाओं ने परंपरागत तरीके से नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। शैक्षाणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं को पक्षी अभ्यारण्य झील के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्कूली बच्चों ने वॉच टॉवर,वन कुटीर, शिकारा बोट सहित अन्य जगहों में घूम-घूमकर आनंद लिया।विदेशी पक्षियों को देखकर स्कूली बच्चें काफी उत्साहित हो गए। इस दौरान राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि यह राज्य का इकलौता पक्षी अभ्यारण्य सह रामसर साइट है। पक्षी अभयारण्य प्रकृति की अनमोल धरोहर हैं। यहां ठंड के मौसम में दर्जनों प्रकार के सैकड़ों प्रवासी पक्षी एवं सालभर यहां स्थानीय पक्षी की चहचहाहट हमे आनंदित करती हैं। ये जगह जैव विविधता को संरक्षित करती हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यहां देश-दुनिया भर से लोग यहां आते है और आनंद होते है। विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि यहां अनेकों योजनाओं के माध्यम से विकास होगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली, केंद्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान, काजू मल्लिक, मुखिया भैया किस्कू, नसीम अख्तर, यासीन शेख, फिरोज शेख,कीनू सोरेन, जहांगीर अली, लूतफुल हक,मंगल हेंब्रम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जितेंद्र यादव निर्विरोध चुने गए पतना प्रखंड के उपप्रमुख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के पतना प्रखंड सभागार में करीब एक साल से खाली उपप्रमुख पद के लिए चुनाव गुरुवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिसमें 13 पंचायत के 16 पंसस में से 13 पंसस चुनाव में शामिल हुए। चुनाव प्रक्रिया राजमहल एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी सदानंद महतो की देखरेख में किया गया। जिसमें उपप्रमुख पद के लिए मात्र एक ही सदस्य जितेंद्र यादव ने पर्चा दाखिल किया। सारी प्रक्रिया पूरा होने के बाद उन्हें निर्विरोध उपप्रमुख घोषित किया गया। उन्हें एसडीओ सदानंद महतो ने जीत का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मौके पर बीडीओ कुमार देवेश द्विवेदी पंसस छीता बास्की, राजेश यादव, हिरामुनी मुर्मू, ईश्वर टुडू, रेहाना खातुन, संटु हांसदा, लुपसी मुर्मू व अन्य थे। उपप्रमुख चुनाव प्रक्रिया समापन होने के बाद निर्विरोध चुने गये उपप्रमुख जितेंद्र यादव प्रखंड के सभागार से निकलते ही जीत की खुशी में झामुमो के कार्यकताओं समर्थकों ने माला पहनाकर उन्हें स्वागत व बधाई दी। इधर प्रखंड परिसर में समर्थकों द्वारा मिठाई भी बाटी गई। बधाई देने में जिला सचिव सुरेश टुडू, प्रखंड अध्यक्ष गुरू हेम्ब्रम, सचिव मो शाहबाज, अब्दुल रहमान, दिनेश कर्मकार, फागु मंडल, अख्तर आलम, इस्लाम शेख, जयदेव साह, टिंकु शेख, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## झारखंड विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** झारखंड विधान सभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आज परिसदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रत्यायुक्त विधान समिति के माननीय सभापति सरयू राय द्वारा की गई। बैठक में जिले के सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारीगण अपने-अपने विभागीय प्रतिवेदन के साथ ससमय उपस्थित हुए। समिति के समक्ष विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं चर्चा की गई। बैठक के दौरान सेवा का अधिकार, राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना, स्वास्थ्य विभाग, नई शिक्षा नीति, उधवा बर्ड सैंक्चुरी, मंडरो फॉसिल पार्क, राजमहल पहाड़ी क्षेत्र में उपलब्ध जीवाश्मों (फॉसिल्स) के संरक्षण, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना, विद्युत विभाग, हर घर नल जल योजना, मध्याह्न भोजन योजना तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन वितरण) से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। माननीय सभापति सरयू राय ने सभी योजनाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जनहित से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने तथा कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## बरहरवा में प्रशासनिक सख़्ती: आंगनबाड़ी व विद्यालयों का औचक नरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहरवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक निरीक्षण टीम का गठन किया। गठित टीम ने कोटालपोखर पंचायत एवं बड़ा सोनाकड़ पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों तथा बालक प्राथमिक विद्यालय का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार का वितरण, साफ-सफाई की स्थिति, अभिलेखों के संधारण एवं केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं की बारीकी से जांच की गई। वहीं विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन व्यवस्था, नामांकन पंजी, मध्यान्ह भोजन योजना तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण टीम ने संबंधित कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का संचालन नियमानुसार और नियमित रूप से किया जाए। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संतुलित पोषण उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर सख़्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मौके पर बीपीआरओ अरुण साहा, गणेश गुप्ता, कोटालपोखर पंचायत की मुखिया सेरोफिना हेंब्रम, पंचायत सचिव राजेन्द्र प्रसाद साहा, रोजगार सेवक सनत टुडू, पंचायत सहायक अमित कुमार साहा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।

## राजमहल प्रखंड सभागार में रबी फसल कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राजमहल प्रखंड सभागार में गुरुवार को किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य रबी फसलों की उन्नत खेती, नई तकनीकों, बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन एवं सिंचाई व्यवस्था की जानकारी किसानों तक पहुँचाना था। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख लक्ष्मी उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. यूसुफ, जिला परिषद सदस्य मो अब्दुल बारीक एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सूर्य नारायण चौधरी के संयुक्त में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस संबंध में बीडीओ ने बताया कि कृषि कार्यशाला किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विभागीय योजनाओं, अनुदान, बीज वितरण एवं कृषि यंत्रों की जानकारी देते हुए किसानों को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने किसानों को आपसी सहयोग से खेती करने और प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाने का सुझाव दिया। वही एटीएम प्रवीण कुमार ने किसानों को बताया कि झारखंड सरकार द्वारा रबी फसलों के लिए उन्नत बीज वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरक प्रबंधन, एवं फसल प्रदर्शन जैसी योजनाएँ चलाई जा रही हैं। उन्होंने किसानों को समय पर बुवाई, संतुलित खाद के प्रयोग और कीट-रोग प्रबंधन के बारे में भी जागरूक किया।

# कांग्रेस के प्रदर्शन प्रयास पर भाजपा में आक्रोश, सुधांशु ओझा ने दिया चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट की हालिया सुनवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा गुरुवार को साकची स्थित जमशेदपुर महानगर भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन की चर्चा से ही भाजपा कार्यकताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। सुबह से ही भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकताओं का जुटान शुरू हो गया और जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। इस दौरान महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जिला प्रशासन को स्पष्ट शब्दों में चेताया कि यदि कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा जिला कार्यालय के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन करते हैं, तो भाजपा कार्यकर्ता उसका पुरजोर विरोध करेंगे और जवाबी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यालय भारत माता के चरण वंदना का स्थल है, यहां लुटेरी पार्टी कांग्रेस की गुंडागर्दी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन भाजपा कार्यालय से कुछ दूरी पर बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकताओं को रोक दिया। इस पूरे घटनाक्रम पर आक्रोश व्यक्त करते हुए सुधांशु ओझा ने कहा कि नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार केस में गांधी परिवार को कोर्ट से कोई क्लीन चिट नहीं मिली है, बल्कि केवल तकनीकी आधार पर अस्थायी राहत मिली है। परंतु कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर ऐसे तांडव कर रहे हैं, जैसे उन्हें बेगुनाही का प्रमाण पत्र मिल गया हो। यह सिर्फ झूठा प्रचार कर लोगों को भ्रमित करने साजिश है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच जारी है और आगे भी जांच संभव है, लेकिन कांग्रेस जानबूझकर कोर्ट की तकनीकी राहत को 'मामला खत्म' होने की तरह प्रचारित कर रही है। इससे न्यायपालिका का भी खुला अपमान हो रहा है। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने स्पष्ट किया कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी अभी जमानत पर हैं, वे बेगुनाह साबित नहीं हुए हैं। कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही है झूठ बोलो, बार-बार झूठ बोलो और लोगों को भ्रमित कर अपनी राजनीति करो। ऐसी नीति के कारण ही आज कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व विलुप्त होने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता के बल पर कांग्रेस सोचती है कि वे भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर लेंगे और हम मूकदर्शक बने रहेंगे, यह कभी नहीं हो सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 25 दिसंबर को कुलटांड मंदिर में मिलन समारोह का होगा आयोजन, पूर्व केंद्रीय अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के पंचमुखी हनुमान मंदिर कुलटांड प्रांगण में शरत सिंह सरदार की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम को विशेष कारण से स्थगित करते हुए आगामी 25 दिसंबर को बनवासी कल्याण केंद्र जमशेदपुर के द्वारा एक मिलन समारोह रखा गया है। जिसमें क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ,विशिष्ठ अतिथि विद्यानंद सरस्वती शिरकत करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से शरत सिंह सरदार,भीष्व महतो,निर्मल सिंह,कृष्ण पद सिंह,नरेश महतो,सुमित अग्रवाल,सुधीर लाल,पंचानन दास, रखोहरि सिंह,रामनाथ सिंह ,दल गोविंद सिंह,चंदन सिंह,दीनबंधु सिंह,बुद्धेश्वर मुर्मू, एम अप्पा राव,सहित कई लोग मौजूद थे।

### टेलर का चपेट में आने से दो बच्चे घायल, स्थानीय नर्सिंग होम में चल रहा इलाज



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर मिलन चौक में एक टेलर के चपेट में आने से ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के पिलीद गांव के साहिल मछुआ 13 वर्ष एवं आनंद मुंडा 10 वर्ष घायल हो गया। दोनों घायलों को मिलन चौक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना कि सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस नर्सिंग होम पहुंचे और टेलर को जप्त कर आगे की कारवाई में जुटी। मिली जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे अपने साईकिल से मिलन चौक आ रहे थे,तभी सिल्ली कि ओर से जमशेदपुर जा रही टेलर के चपेट में आने से दोनों बच्चे घायल हो गए। दोनों बच्चों का हालत खतरे से बाहर बताया जा रहा है। टेलर का ठोकर से दोनों साईकिल कवाड़ी बन गया। गनिमत रहा कि बच्चे टेलर के बाहर सड़क पर गीरा जिससे एक बड़ी हादसे पर गया। एस आई हिलाल कुमार के पहल पर इलाज के लिए टेलर मालिक द्वारा सहयोग किया गया। पूर्व मुखिया पंचानन पातर ने अस्पताल में घायल बच्चों का जायजा लिया एवं मुआवजे का मांग किया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा साहेबगंज कोर्ट परिसर और शहर के विभिन्न स्थानों में कंबल वितरण




**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज द्वारा कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए आज व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार ने स्वयं वृद्धजनों, दिव्यांगों और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। न्यायालय परिसर में वितरण के पूर्व विगत देर शाम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार के निर्देश पर डालसा सचिव विश्वनाथ भगत ने शहर के विभिन्न इलाकों का भ्रमण किया। उन्होंने नमामि गंगे घाट, कुली पाड़ा, रेलवे स्टेशन और पटेल चौक जैसे क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर लोगों को कंबल ओढ़ाए। डालसा सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि पैरा लीगल वालंटियर्स 'न्याय मित्रों की एक विशेष टीम गठित की गई है। यह टीम रैन बसेरों, आश्रय गृहों और झुग्गी–बस्तियों में जाकर उन लोगों की पहचान कर रही है जो ठंड में अत्यधिक कठिनाई झेल रहे हैं। टीम न केवल कंबल उपलब्ध कराएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगी कि इन लोगों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, न्यायालय के कई अधिकारी, कर्मचारी और पैरा लीगल वालंटियर्स मौजूद थे। डालसा ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की कानूनी मदद या समस्या के समाधान के लिए वे निम्नलिखित माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं: नालसा हेल्पलाइन: 15100 (टोल–फ्री), डालसा साहेबगंज संपर्क : 9471521725, ईमेल: dlsasahibganj@gmail.com, हैं।

### नरसिंह इस्पात लिमिटेड नें कंपनी परिसर में विधायक के हांथो करवाया 7 सौ कंबल का वितरण



**चांडिल :** प्रखंड के खुंटी स्थित नरसिंह इस्पात कंपनी परिसर में गुरुवार को सैकड़ो जरुरतमंद असहाय महिला व पुरुष के बीच नरसिंह इस्पात लिमिटेड ने अपनी नियमित सामाजिक जिम्मेदारियों के तहत गुरुवार को विधायक सविता महतो के हांथो सात सौ कंबल का वितरण किया गया। लोगों के बीच कंबल का वितरण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक सविता महतो के द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक ने कहा बढ़ते ठंड में लोगों को कंबल मिलने से ठंड से राहत मिलेगा। विधायक ने लोगो से कहा ठंड से बचने के लिए लोग घरों में कंबल का उपयोग अवश्य करें। विधायक ने कहा पुरे विधानसभा क्षेत्र में जरुरत मंद लोगो के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर चौका थाना प्रभारी सोनू कुमार, जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, खूंटी पंचायत के मुखिया सुखराम बेसरा, मुसरीबेरा ग्राम प्रधान ज्ञान चंद्र महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईया, श्रीकांत महतो, राहुल वर्मा, आईआर एस ऐम सिंह, एचआरहेड अनुप कुमार साहू, हरे कृष्ण झा, लम्बोदर महतो, हरे कृष्ण रजक आदि काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# पटना में संजय सरावगी का रोड शो, हाथी-घोड़े से वेलकम

## कहा- सरकार तक पहुंचाऊंगा कार्यकर्ताओं की आवाज; इंतजार में 2 घंटे खड़ी रहीं महिलाएं







पटना। दरभंगा नगर सीट से 6 बार के विधायक संजय सरावगी बिहार बीजेपी के नए प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। वो पदभार लेने पटना पहुंच गए हैं। बेली रोड स्थित अंबेडकर मूर्ति से लेकर बीजेपी दफ्तर तक उन्होंने रोड शो किया। इस दौरान महिलाओं ने शंख बजाकर और फूलों से उनका स्वागत किया। सरावगी ने कहा कि, संगठन की जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाऊंगा। मेरी कोशिश होगी कि कार्यकर्ताओं की आवाज सरकार तक पहुंचती रहे।पटना में उनके स्वागत के लिए हाथी-ऊंट, घोड़ा और बैंड-बाजे का इंतजाम किया गया। 8 हजार से ज्यादा कार्यकर्ता झंडा लिए सड़क पर दिखे। इधर, बीजेपी दफ्तर में महिला कार्यकर्ता अपने प्रदेश अध्यक्ष के इंतजार में 2 घंटे खड़ी रहीं। पिछले साल नीतीश सरकार में कैबिनेट विस्तार के दौरान संजय सरावगी को पहली बार मंत्री बनाया गया था। अब वो दिलीप जायसवाल की जगह बिहार में पार्टी की कमान संभालेंगे। संजय सरावगी ने सबसे पहले 2005 में विधानसभा चुनाव जीता। इसके बाद 2005 के नवंबर महीने में हुए चुनाव में भी उन्हें जीत मिली। इसके बाद 2010, 2015, 2020 और 2025 में भी विधायक चुने गए। हालांकि इस बार उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया था। उसी समय ये चर्चा थी कि उन्हें प्रदेश में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। बिहार में अब संगठन का काम संजय सरावगी ही देखेंगे। 55 साल के संजय सरावगी वैश्य समुदाय से आते हैं। वो भाजपा के पुराने और भरोसेमंद चेहरे हैं और कारोबारी वर्ग में गहरी पकड़ रखते हैं। मिथिलांचल की सियासत में दरभंगा का खासा प्रभाव माना जाता है। दरभंगा के गांधी चौक के रहने वाले संजय सरावगी का जन्म 28 अगस्त 1969 को हुआ था। उन्होंने एमकॉम और एमबीए की पढ़ाई की है। स्टूडेंट लाइफ में ही संजय सरावगी ने पॉलिटिक्स जॉइन की थी। भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से उन्होंने छात्र राजनीति की शुरूआत की। साल 1995 में संजय सरावगी ने भाजपा की सदस्यता ली। वह मार्च 2005, नवंबर 2005, 2010, 2015, 2020 और 2025 में बीजेपी के टिकट पर दरभंगा सदर से विधायक चुने गए। संजय सरावगी दरभंगा नगर निगम से वार्ड पार्षद भी रह चुके हैं। उनकी छवि साफ छवि के नेता की रही है। दरभंगा शहर की जनता के बीच वे चर्चित चेहरा हैं। 2018 में उन्हें विधानसभा की प्राकलन समिति का अध्यक्ष भी बनाया गया था। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का दरभंगा से जाले विधायक जीवेश मिश्रा ने स्वागत किया। अंबेडकर मूर्ति से लेकर बीजेपी दफ्तर तक वो रोड शोपटना के बेली रोड स्थित अंबेडकर मूर्ति से लेकर बीजेपी दफ्तर तक वो रोड शो किया। , मैं अंबेडकर के चरण में सिर झुका कर मिथिला की धरती को प्रमाण करने आया हूं। मुझे जो दायित्व दिया गया है, उसे ईमानदारी से पूरा करूंगा। कार्यकर्ता की आवाज सरकार तक पहुंचती रहे ये कोशिश करूंगा।बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना पहुंच गए हैं। उन्होंने अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया फिर बीजेपी दफ्तर के लिए निकल गए। ंजय सरावगी आज पटना बीजेपी दफ्तर में बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष का पदभार संभालेंगे। उनका स्वागत की तैयारी की गई है। इस दौरान पटना के कई इलाकों में जाम की स्थित बन गई है।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी कुछ देर में पटना बीजेपी दफ्तर पहुंचेंगे। इससे पहले तैयारियों का जायजा लेने के लिए डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पार्टी दफ्तर पहुंच गए हैं।बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्र ने कहा है कि आज हमारे प्रदेश अध्यक्ष पदभार ग्रहण करेंगे। हम पटना में उनका जोरदार स्वागत हाथी, घोड़ा, ऊंट के साथ कर रहे हैं। आज बेली रोड पूरा जाम रहेगा। पूरे बिहार से युवा मोर्चा के लोग आ रहे हैं।

## 'पति बच्चों के सामने संबंध बनाने की जिद करता



पटना। में एक विकलांग महिला ने अपने ही पति पर जबरदस्ती संबंध बनाने की जिद करने का आरोप लगाया है। वह भी तब जब बच्चे मौजूद हो। उसका कहना है कि उसका पति बच्चों के सामने ही कभी कमर पकड़ लेता है, तो कभी कपड़ा उतारने लगता है। इससे वह काफी परेशान है। इतना ही नहीं, अगर वह उसकी बात नहीं मानती है तो उसके साथ मारपीट भी करता है। महिला का कहना है कि पति का दूसरी महिला से चक्कर भी है। वह उस औरत को कहता है कि उसकी पत्नी मर चुकी है। इन्हीं सब बातों से प्रताड़ित होकर महिला सखी पटना के वन स्टॉप सेंटर पहुंची है। पति पर मारपीट का लगाया आरोप पीड़िता ने कहा कि मेरे पति रोज रात में शराब पीकर आते हैं और मेरे साथ मारपीट करते हैं। बच्चों के सामने वह मेरा कपड़ा उतारने लगते हैं, और जब मैं मना करती हूं तो फिर मुझे मारते हैं। कोई भी मां अपने बच्चों के सामने कपड़े नहीं उतारेगी। मैं इतना अत्याचार सह कर उनके साथ नहीं रहना चाहती हूं। मेरे पति का दूसरी औरत के साथ भी संबंध है। वह मुझे रात में बोलकर जाते थे कि रिक्शा चलाने जा रहा हूं, ताकि ज्यादा पैसे कमाऊं। मैं भी यह सोचती थी कि मेरा पति बाहर कमाने गया है।जब 10 दिन तक यह सिलसिला चलता रहा, तब मेरे पड़ोस की चाची ने बताया कि उन्होंने रात में मेरे पति को दो नंबर की औरत के साथ देखा है। इस पर जब मैंने अपने पति से सवाल पूछा तब उन्होंने मेरे साथ मारपीट की और तभी से हमारा झगड़ा हमेशा होते रहा है। एक दिन मैंने अपने आंखों से मेरे पति को दूसरी औरत के साथ बिस्तर पर देखा था। मेरे पति ने मुझे दूसरी औरत के सामने जीते जी मार दिया। उन्होंने कहा कि मैं उनकी भाभी हूं, उनकी पत्नी मर चुकी है। सुबह 6 बजे फोन आता था बिजी दूसरी ओर महिला के पति विष्णु (36) ने कहा कि मेरे ऊपर लगाए गए सारे इल्जाम गलत है।

## मूर्तिकार रामसुतार नहीं रहे, सबसे ऊंची कास्य मूर्ति बनाई थी

पटना। के गांधी मैदान में दुनिया की सबसे ऊंची कांस्य मूर्ति बनाने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार रामसुतार का निधन हो गया। इन्होंने 100 साल की उम्र में नोएडा आखिरी सांस ली है। इन्हें पद्मश्री और पद्म भूषण सम्मान मिल चुका हैं। लंबे समय से ये बीमार थे। इनके मौत की जानकारी आज सामने आई है। गांधी मैदान में स्थापित प्रतिमा 72 फीट ऊंची है। इसका आधार 24 फीट का है। रामसुतार को पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है।मूर्ति के मुख्य डिजाइनर रामसुतार और उनके बेटे अनिल सुतार रहे हैं। 15 फरवरी 2013 को इस प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा था कि इससे लोगों को प्रेरणा मिलेगी। दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा यह होगी। संसद परिसर में लगी महात्मा की योग मुद्रा वाली प्रतिमा अब तक सबसे ऊंची थी।नीतीश कुमार ने कहा था कि गांधी के विचारों को दुनिया स्वीकार कर रही है। उनकी प्रतिमा लगने से बिहार का भी मान बढ़ेगा। सभी जगहों के लोगों को यह प्रतिमा आकर्षित करेगी।

# गोपालगंज में थावे भवानी का 51 लाख का मुकुट चोरी



गोपालगंज । बिहार के गोपालगंज जिले के प्रसिद्ध थावे भवानी मंदिर में चोरी हुई है। चोरों ने गर्भगृह में घुसकर मां दुर्गा की प्रतिमा से सोने-चांदी के हार और लॉकर में रखा उनका मुकुट और अन्य जेवरातों की चोरी की। चोरों ने मंदिर के अंदर रखे लॉकर (दानपेटी) को भी निशाना बनाया। चोर 50 किलो की दानपेटी उठाकर अपने साथ ले गए। 251 ग्राम सोने के मुकुट की कीमत 51 लाख है। इसके साथ जेवरात, चांदी का छत्र, दान पेटी भी चोरी हुई है। जिसकी कीमत करोड़ों में बताई जा रही है। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें दो चोर नजर आ रहे हैं। एक ने काले मफलर से अपना चेहरा ढंक रखा है, वहीं दूसरे ने टोपी पहन रखी थी। एक ने चप्पल नहीं पहनी हुई है।वारदात से श्रद्धालुओं में गुस्सा है। चोर सीढ़ी और रस्सी के सहारे मंदिर में घुसे थे। मंदिर से सटी छत से सीढ़ी लगाई गई थी। एक चोर के हाथ में कटर है, जिससे ताला काटा गया। सीसीटीवी में दिख रहा है कि चोर दानपेटी और मां के जेवर ले जा रहे हैं। उस समय कोई भी सुरक्षा कर्मी वहां नहीं दिखा। इस दौरान वहां तैनात सुरक्षा कर्मी सोते रहे। 51 लाख का सोने का मुकुट गौरतलब है पिछले साल झारखंड के एक व्यवसायी ने मां थावे वाली को 251 ग्राम वजन का सोने का मुकुट चढ़ाया था। जिसकी कीमत करीब 51 लाख रुपये मूल्य है। इसके साथ ही चोर सोने और चांदी के हार और चांदी का छत्र भी चुरा ले गए। गुरुवार सुबह जब पुजारी और कर्मचारी मंदिर पहुंचे, तो बिखरा हुआ सामान और मां की प्रतिमा से गायब आभूषण देखकर उनके होश उड़ गए। घटना की खबर आग की तरह फैली और देखते ही देखते मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों में इस बात को लेकर काफी आक्रोश है कि इतने प्रसिद्ध और संवेदनशील धार्मिक स्थल पर सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने पूरे मंदिर परिसर को घेर लिया है। साथ ही कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। इस घटना ने न केवल मंदिर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था को भी गहरी चोट पहुंचाई है। SP अवधेश दीक्षित ने बताया, कल रात साढ़े 11 से 12 बजे के करीब 2 चोरों ने थावे मंदिर में चोरी की। मैं अभी घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचा हूं। जांच के लिए FSL की टीम और डॉग स्कॉड को भी बुलाया गया है। MLC राजीव कुमार ने बताया, मां थावे भवानी मंदिर में चोरी की घटना बेहद दुखद है। PM मोदी जब भी बिहार आते है, उनके संबोधन में मां भवानी का नाम होता है। जांच में सारे अधिकारी लगे है। एसपी साहब खुद से मॉनिटरिंग कर रहे है। CCTV से चोरों की पहचान की जा रही है। आरोपियों को पकड़कर उनपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


उन्होंने बताया, मंदिर की सुरक्षा के लिए कप्तान साहब से बात हुई है कि सभी मठों के लिए न्यास बोर्ड की तरफ से ऑडिट कराया जाए, जो भी संपत्ति है उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, निगरानी के लिए CCTV लगाए और उसका आईडी-पासवर्ड प्रशासन को दे।

# छेड़खानी की शिकायत के बाद स्कूल पहुंचे पेरेंट्स



दरभंगा। के भरवारा मिडिल स्कूल में उस समय हंगामा हो गया, जब पिछले कई दिनों से छात्राओं के साथ हो रही कथित छेड़खानी के मामले को लेकर आक्रोशित पेरेंट्स और ग्रामीण गुरुवार को स्कूल पहुंच गए। आरोप है कि गांव के ही 8 से 10 युवक स्कूल कैंपस और छत पर चढ़कर शराब और गांजा का सेवन करते हैं और इसके बाद छात्राओं को परेशान करते हैं। इस कारण कई छात्राएं डर के कारण स्कूल आने से कतराने लगी थीं।बताया जाता है कि पिछले तीन दिनों से छात्राओं के साथ छेड़खानी और फब्तियां कसी जा रही थीं। जब परिजनों ने बच्चियों से स्कूल न आने का कारण पूछा, तो उन्होंने पूरी बात बताई। इसके बाद नाराज पेरेंट्स स्कूल पहुंचे और शिक्षकों से जवाब-तलब किया। मामले की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन हेडमास्टर के किसी मीटिंग में जाने के कारण तत्काल लिखित शिकायत दर्ज नहीं हो सकी।ग्रामीण बोले- गांव के मनचले लड़के यहां आकर नशा करते हैंग्रामीण लाल मोहम्मद खान ने बताया कि स्कूल शैक्षणिक स्थल होता है, लेकिन गांव के कुछ उद्दंड युवक यहां आकर नशा करते हैं। आरोप है कि हेडमास्टर की ओर से न तो समय पर पुलिस को सूचना दी जाती है और न ही अभिभावकों को जानकारी दी जाती है। नशे की हालत में ये युवक छात्राओं के साथ बदतमीजी करते हैं, जिससे बच्चियां स्कूल आने से डर रही हैं। वार्ड पार्षद मो नौशाद ने कहा कि पिछले दो-तीन दिनों से 8 से 10 युवक मिलकर स्कूल आने वाली बच्चियों को तंग कर रहे हैं। उनके नाम हेडमास्टर की डायरी में नोट किए गए हैं। पुलिस को सूचना दी गई थी और वे मौके पर भी आई, लेकिन हेडमास्टर की अनुपस्थिति में लिखित शिकायत नहीं हो पाई। उन्होंने मांग की कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर शीघ्र कार्रवाई हो, ताकि बच्चियां बेखौफ होकर स्कूल आ सकें। उन्होंने यह भी बताया कि दो महीने पहले भी नशे की हालत में स्कूल की नलों को तोड़ा गया था, जिस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। टीचर बोले- 3 दिन पहले 7वीं की छात्रा ने छेड़खानी की शिकायत की थी स्कूल के शिक्षक रंजीत कुमार यादव ने बताया कि तीन दिन पहले सातवीं कक्षा की एक छात्रा ने स्कूल आते समय रास्ते में छेड़खानी की शिकायत की थी। उन्होंने स्वीकार किया कि मुहल्ले के कुछ युवक पीछे से चढ़कर स्कूल की छत पर जाते हैं और वहां बीड़ी, सिगरेट, गांजा का सेवन करते हैं। डांटने पर वे भाग जाते हैं।

# भोजपुर में 5 साल की बच्ची की रेप-हत्या



भोजपुर। 'बच्ची के चेहरे पर खरोंच के निशान थे, लेकिन शरीर पर किसी तरह का कोई निशान नहीं था। जब प्राइवेट पार्ट का एग्जामिनेशन किया जा रहा था, तब हम लोगों ने देखा कि बच्ची के प्राइवेट पार्ट का हाइमन फटा हुआ था। मतलब उसका प्राइवेट पार्ट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। काफी ब्लीडिंग हो रही थी। संभवत इसी वजह से बच्ची की मौत हुई है। मैंने अपने करियर में ऐसी घटना नहीं देखी।' ये बातें आरा सदर अस्पताल के डॉक्टर सौरभ कुमार ने दरअसल, मंगलवार की रात घर में सो रही 5 साल की बच्ची की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी। वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पहले बच्ची की लाश को बरामद किया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही फरार आरोपी की तलाश में जुट गई। वारदात को आरोपी ने कैसे अंजाम दिया, घटना के दौरान बच्ची के परिजन कहां थे, वारदात की जानकारी कैसे मिली, आरोपी के बारे में पीड़ित परिवार ने क्या बताया और बच्ची की लाश का पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर ने क्या बताया?बच्ची की लाश का चार डॉक्टरों की टीम ने आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम किया। इस दौरान एक महिला डॉक्टर और तीन पुरुष डॉक्टर शामिल थे। इनमें से एक डॉक्टर सौरभ ने बताया कि पोस्टमॉर्टम करने के दौरान शर्मिंदगी महसूस हो रही थी और गुस्सा भी आ रहा था। मन में सवाल चल रहा था कि आखिर हमारा समाज कहां जा रहा है? लेकिन हम लोगों का पेशा ही ऐसा है, पोस्टमॉर्टम तो करना ही था।

हम लोगों ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट से स्वाब लिया है। बच्ची के सिर का बाल, नाखून और कई क्लू को त्रह्रछ को भेजा गया है। 5 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी कतई किसी को मंजूर नहीं होगी। जब भी इस तरह का मामला हम लोगों के पास आता है, सिर शर्म से झुक जाता है। ऐसे केस में हम डॉक्टरों को काफी दिक्कतें होती हैं, हाइमन के फटने से साफ प्रतीत होता है कि बच्ची के साथ दरिंदगी की गई है। फिलहाल, जो नमूना हम लोगों को एफएसएल को भेजना था, वो भेज दिया है। बाकी रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है।मृतक बच्ची की चाची सीमा देवी ने बताया कि, बच्ची के पिता बाहर में रहकर काम करते हैं। मंगलवार की रात मेरी जेठानी यानी बच्ची की मां बाहर गई थी। जेठानी ने बच्ची को घर में कंबल ओढ़ाकर सुला दिया था। मैं अपने घर में टीवी देख रही थी। किसी काम से थोड़ी देर के लिए बाहर आंगन में आई तो देखा कि आरोपी 35 साल का मुकेश घर में ताक-झांक कर रहा है। मैं आरोपी को टोकने ही वाली थी कि मेरी जेठानी आ गई। हम दोनों टीवी देखने लगे। इस दौरान मेरे जेठ का फोन आ गया। फिर वो घर के बाहर बात करने चली गई। बात खत्म हुई तो रात करीब 11 बजे उन्होंने देखा कि बेटी कंबल के अंदर नहीं है। मेरी जेठानी ने मुझसे बच्ची के बारे में पूछा, मैंने बताया कि अभी तो उसे देखा था, सो रही थी। फिर, हम दोनों को लगा कि बच्ची टॉयलेट करने गई होगी। हम दोनों टॉर्च लेकर निकले और बच्ची का नाम लेकर आवाज लगाने लगे, लेकिन जब रिस्पॉन्स नहीं मिला तो घर के आसपास खोजा। पड़ोसियों से भी पूछा। करीब एक से दो घंटे तक हम लोग बच्ची की तलाश करते रहे, लेकिन जब वो नहीं मिली तो देर रात हम लोगों ने डायल 112 को कॉल किया और घटना की जानकारी दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए डायल 112 की टीम हम लोगों के घर पहुंची और बच्ची की तलाश में जुट गई। देर रात तक हम लोग जगे रहे, मन में तरह-तरह के ख्याल आ रहे थे।

बच्ची की चाची ने बताया कि बुधवार की सुबह अचानक हल्ला हुआ कि अगिआंव नहर के पास सवान खंदा नहर के पास सड़क किनारे पानी में लाश पड़ी है। मेरा तो कलेजा फट गया। अचानक मुकेश का चेहरा याद आ गया। घर में जो भी थे, घटनास्थल की ओर रोते-बिलखते दौड़े। डायल 112 की पुलिस भी आई, फिर मैंने रात की पूरी बात पुलिस को बताई। आरोपी और मृतक बच्ची का गांव आसपास मृतक बच्ची की चाची ने बताया कि, आरोपी का गांव हमारे गांव से बस कुछ ही दूरी पर है। आरोपी नशेड़ी है, दिन रात गांव में घूमता रहता है। हालांकि, वो हमारे गांव का नहीं है, तो हम लोगों को उसके बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है, लेकिन गांव में आने जाने के दौरान उसे देखा था, उसके बारे में लोग बातचीत करते थे, तो उसका नाम पता था। भगवान दरिंदे को काफी बुरी मौत दे। हमारे घर की खुशियां छीन ली है। बच्ची की लाश मिलने के बाद लोगों ने उसकी लाश को सड़क पर रखकर करीब 2 घंटे तक जाम किया। आक्रोशित लोगों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और उचित मुआवजे की मांग की। मौके पर मौजूद गड़हनी थाने के SHO कमलजीत ने काफी मशक्कत के बाद आक्रोशितों को शांत किया। उन्होंने गांव के लोगों को आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी, तब जाकर लोगों ने जाम हटाया।

## संक्षिप्त डायरी

### दरभंगा में 24 घंटे में दो युवकों ने की आत्महत्या




दरभंगा। के विशनपुर के बिसौल गांव में 24 घंटे के अंदर दो युवकों ने आत्महत्या कर ली। पहली घटना हनुमान नगर प्रखंड के वार्ड नंबर 9 की जबकि दूसरी घटना बिसौल गांव की ही है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई। जानकारी के मुताबिक, हनुमान नगर प्रखंड के वार्ड नंबर 9 के रहने वाले 26 साल के बिरजू सहनी का शव उसके कमरे में पंखे से लटका मिला। परिजनों के अनुसार, बिरजू यूपीएससी की तैयारी कर रहा था और इसी साल उसका पहला प्रयास था। पढ़ाई के साथ-साथ वह अपने खर्च के लिए पार्ट-टाइम कोचिंग भी पढ़ाता था।बिरजू के परिवार में तीन बहनें हैं, जबकि छोटा भाई विकास कुमार हैदराबाद में काम कर परिवार का भरण-पोषण करता है। ग्रामीणों के अनुसार बिरजू परिवार का एकमात्र सहारा था और शांत स्वभाव का युवक था, जो अधिकांश समय पढ़ाई में ही व्यस्त रहता था। वह वार्ड नंबर9 का सचिव भी था। गुरुवार सुबह बिरजू की मां ने सबसे पहले उसकी लाश देखी, जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए डीएमसीएच भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की जांच के लिए जिला से फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। चचेरा भाई बोला- दो दिन पहले ही मुलाकात हुई थी मृतक के चचेरे भाई विजय कुमार सहनी ने बताया कि दो दिन पहले ही मेरी बिरजू से मुलाकात हुई थी। वो किसी भी तरह की परेशानी या तनाव में नहीं दिख रहा था। बिरजू रोज खाना खाने घर आता था और उसके बाद लाइब्रेरी चला जाता था। वह पूरा दिन लाइब्रेरी में पढ़ाई करता था और पढ़ाई में काफी तेज छात्र था। परिजनों के अनुसार, किसी लड़की या प्रेम-प्रसंग से जुड़ी कोई बात भी उसने कभी नहीं बताई थी।मृतक के दोस्त वंदन कुमार ने बताया कि बिरजू की मां ने उसे कमरे में फंदे से लटका हुआ देखा। वो चिल्लाने लगीं, जिसके बाद आसपास के लोग जुटे और युवक को पंखे से लटका पाया गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वंदन कुमार के अनुसार, घर में फिलहाल मृतक की मां मौजूद हैं, जबकि उसका छोटा भाई बाहर प्रदेश में रहकर काम करता है और वहीं से परिवार का खर्च चलता था। वंदन कुमार ने बताया कि कल शाम को भी वो बिरजू से मिले थे। दोनों ने साथ बैठकर बातचीत की थी और मोटरसाइकिल से उसे घर तक छोड़कर आए थे। उस समय उसके व्यवहार, बातचीत या चेहरे से किसी तरह के तनाव या परेशानी का कोई संकेत नहीं मिला था।दोस्त ने कहा कि उन्हें अब भी यकीन नहीं हो रहा है कि बिरजू इस तरह का कदम उठा सकता है।

### बगहा में पत्नी की हत्या मामले में पति गिरफ्तार



बगहा। पुलिस के बथवरिया थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या और शव गायब करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 4 दिसंबर की शाम की बताई जा रही है। बिशुनपुरवा गांव निवासी रंजीत राम पर अपनी पत्नी संगीता देवी की हत्या का आरोप है। रंजीत अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और उसे अपने जीजा के साथ अवैध संबंध होने का शक था। इसी शक के चलते 4 दिसंबर की शाम उसने संगीता के साथ मारपीट की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ससुर ने शव को लगाया ठिकाना घटना के बाद आरोपी पति रंजीत राम घर छोड़कर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि रंजीत के पिता खोभारी राम ने कुछ लोगों की मदद से संगीता के शव को ठिकाने लगा दिया था। लगभग 14-15 दिनों तक संगीता से मायके पक्ष की कोई बातचीत नहीं हो पाई, जिससे उन्हें संदेह हुआ। संगीता के पिता सागर राम जब पता लगाने पहुंचे, तो घर पर कोई नहीं मिला और संगीता का भी कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने बथुवरिया थाना में पुलिस को सूचना दी और आवेदन दिया। आरोपी पति ने हत्या की बात की कबूल थानाध्यक्ष अनुपम कुमार राय के निर्देश पर पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रंजीत राम को बगहा से गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में बथवरिया थाना में कांड संख्या 109/25 दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी रंजीत राम ने पत्नी की हत्या की बात स्वीकार कर ली है, लेकिन शव के संबंध में वह स्पष्ट जानकारी नहीं दे सका। पुलिस अब उसके पिता खोभारी राम और अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने कुछ अहम सुराग मिलने का दावा किया है और जल्द ही शव बरामद होने की उम्मीद जताई है।रंजीत राम की शादी करीब पांच साल पहले चौतरवा थाना क्षेत्र के मुडिला गांव निवासी सागर राम की बेटी संगीता से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, जो वर्तमान में नाना और बुआ के घर रह रहे हैं।

### बिहार में ठंड बढ़ी,20 शहरों में दोपहर में कोहरा छाया



पटना। बिहार में अब ठंड बढ़ने लगी है। गुरुवार को सुबह से पटना, भागलपुर, बांका, लखीसराय, बेगूसराय, समस्तीपुर, बेतिया, गोपालगंज, सीतामढ़ी समेत 12 जिलों में घना कोहरा दिखाई दिया। पटना के कई इलाकों में विजिबिलिटी 20 मीटर है। दरभंगा में भी विजिबिलिटी कम रही। इन जिलों में दोपहर 2 बजे तक कोहरा और बादल छाए हुए हैं। लोग सड़कों पर गाड़ी की लाइट जलाकर चल रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे 26 जिलों में कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। बाकी जिलों में भी कोहरे का अलर्ट है। 2 दिन बाद से प्रदेश में शीतलहर की भी चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे में 8.5 डिग्री टेंपरेचर के साथ समस्तीपुर सबसे ठंडा रहा। इधर, गोपालगंज में कोहरे के कारण 2 बस और एक ट्रक में टक्कर हो गई। जिसमें ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि कई लोग जख्मी हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गयाजी में घने कोहर की वजह से डिप्टी CM सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर उड़ नहीं पाया। वे पटना से गयाजी जाने वाले थे। वहां कअर के कार्यक्रम में शामिल होना था।राजधानी में भी सुबह के वक्त हल्का से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। विजिबिलिटी कम रह सकती है। दिन में आंशिक धूप निकल सकती है, लेकिन पछुआ हवाओं के कारण ठंड से पूरी तरह राहत नहीं मिलेगी। पटना में न्यूनतम तापमान में अगले कुछ दिनों तक और गिरावट देखने को मिल सकती है। 3 जोड़ी फ्लाइटें रद्द, 8 ट्रेनें लेट खराब मौसम के कारण बुधवार को पटना एयरपोर्ट आने-जाने वाली तीन फ्लाइटें रद्द रहीं। इंडिगो एयरलाइंस की बेंगलुरु-पटना की फ्लाइट 65 805चेन्नई-पटना सेक्टर की फ्लाइट 6S597एयर इंडिया एक्सप्रेस की बेंगलुरु-पटना की फ्लाइट आइएक्स 1187इंडिगो एयरलाइंस की ओर से बताया गया कि सुबह में कम विजिबिलिटी होने से फ्लाइट को रद्द किया गया, जबकि शाम को पटना से बेंगलुरु जाने वाली फ्लाइट भी खराब मौसम की वजह से रद्द कर दी गई।



# रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने में मदद करते हैं नींबू के पत्ते

**नींबू के पत्ते विटामिन सी से भरपूर होते हैं। नींबू के पौधे में पाया जाने वाला विटामिन पी आपके शरीर में रक्त वाहिकाओं को मजबूत करने में भी मदद करता है। साथ ही नींबू के पत्तों को एंटी-इंफ्लेमेंटरी प्रभाव के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में नींबू की पत्तियों का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।**

नींबू के फायदे तो आपने बहुत सुना होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं इसकी पत्तियां भी किसी औषधी से कम नहीं होती है। नींबू के पत्ते का उपयोग आप कई तरह की बीमारियों से बचाव के लिए और इसे कंट्रोल करने के लिए कर सकते हैं। पर कई लोगों को ऐसा लगता है कि नींबू के पत्ते कड़वा होता है और किसी काम का नहीं होता। लेकिन आप जानकर हैरान होंगे कि इन पत्तों को खाने या इनके जूस ही इन्हें केवल सूंघ लेने से भी कई तरह के फायदे होत हैं।

## नींबू के पत्तों का सेवन कैसे करें?

नींबू सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है लेकिन इसे चबाकर खाने से बचना चाहिए। इसका सेवन आप चाय में मिलाकर, जूस के रूप में कर सकते हैं।
नींबू के पत्तों म एंटीवायरल, एंटी ऑक्सीडेंट, एल्कलॉइड, टैनिन, फ्लेवोनोइड और फेनोलिक तत्व शामिल होते हैं। साथ ही इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और वसा जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं। इसके अलावा इसमें एंथेल्मिंटिक, एंटी-फ्लैटुलेंस, एंटीमाइक्रोबियल, एंटी-कैंसर, एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव भी पाया जाता है।

## किडनी में नहीं बनने देता स्टोन

एनसीबीआई में प्रकाशित एक स्टडी के अनुसार, नींबू के पत्ते में पाया जाने वाला सिट्रिक एसिड किडनी में स्टोन को बनने और बढ़ने से रोकता है। ऐसे यदि आपको बार-बार किडनी में स्टोन हो जाता है तो यह आपके लिए यह किसी रामबाण से कम नहीं है।

## माइग्रेन के दर्द से मिलेगी राहत

एक अध्ययन के अनुसार, नींबू के पत्ते माइग्रेन से पीड़ित लोगों के लिए फायदेमंद होता है। दरअसल, नींबू की पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाया जाता है। माना जाता है कि एंटी-ऑक्सीडेंट प्रभाव शरीर के ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करके माइग्रेन की समस्या को सुधारने का काम करता है। एक्सपर्ट माइग्रेन और मानसिक रोगों से राहत पाने के लिए नींबू के पत्तों को सूंघने की सलाह देते हैं।

## सोने की समस्या को करता है खत्म

रिसर्च के अनुसार, यदि आपको रात में नींद नहीं आती है, अनिद्रा की समस्या का शिकार हैं, तो नींबू के पत्ते आपके लिए दवा का काम कर सकते हैं। इसमें मौजूद सिट्रिक एसिड और अल्कलॉइड नींद से जुड़ी समस्या को दूर करने का काम करता है। ऐसे में नींबू के पत्तियों से बनाए गए तेल आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

## वजन रहता है कंट्रोल

यदि आप बढ़ते वजन से परेशान हैं तो नींबू के पत्ते आपकी इस परेशानी को खत्म कर सकता हैं। माना जाता है कि नींबू के पत्ते से बने जूस में पेक्टिन नामक घुलनशील फाइबर होता है, जो वजन घटाने में कारगर साबित हो सकता है। नींबू के पत्तों को पानी में उबालकर उस पानी को पीएं।

## पेट के कीड़ों को मारता है

मेडिकल रिसर्च के मुताबिक, नींबू की पत्तियों में एंथेल्मिंटिक गुण होता है तो पेट के कीड़ों से छुटकारा दिलाने का काम करता है। ऐसे में नींबू की पत्तियों का उपयोग पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए किया जा सकता है। आप नींबू के पत्तों का रस और शहद को मिलाकर सेवन कर सकते हैं।



# घर पर ही करें ये एक्सरसाइज

**मोटापा ना सिर्फ वॉडी शेप बिगाड़ता है बल्कि कई बीमारियां को भी न्योता देता है। मोटापे को कम करने और बॉडी को टोंड बनाने के लिए एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी है। इससे वजन तो कम होता ही है साथ में शरीर में लचीलापन और एनर्जी बढ़ती है। अगर आप जिम नहीं भी जा पाती तो घर पर ही कुछ एक्सरसाइज करें। चलिए आज हम आपको ऐसी एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं जिन्हें आप घर पर आसानी से कर भी सकते हैं और इससे कैलोरी भी बर्न तेजी से बर्न होगी। वजन कम करने के लिए एक्सरसाइज -**

## बर्पी एक्सरसाइज

बर्पी एक्सरासइज वजन कम करने के लिए बहुत असरदार है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन के अनुसार, इस एक्सरसाइज के जरिए 81 किलो का इंसान एक बार में लगभग 15 कैलोरी बर्न कर सकता है। वहीं, 60 सेकेंड में 10 बार बर्पी करने से वजन तेजी से कम होगा लेकिन एक्सरसाइज को लगातार रुटीन में किया जाए तो।

## स्विमिंग एक्सरसाइज

घुटने की किसी चोट की वजह से अगर आप एक्सरसाइज नही कर पा रहे तो स्विमिंग करना आपके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है। इससे एक बार में 255 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। इसके साथ बटरफलाई स्ट्रोक कर के 1/2 घंटे में 400 कैलोरी बर्न हो सकती है। दरअसल **स्विमिंग करते समय पूरा शरीर काम करता है जिससे मोटापा तेजी से कम होता है। इसे सबसे अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज माना जाता है।**

## स्क्वेट एक्सरसाइज

स्क्वाट की मदद से भी आप मोटापे को कम कर सकते हैं। सही तरीके से स्क्वेट करना काफी फायदेमंद होता है। शरीर के निचले भाग से वजन कम करने के लिए यह सबसे अच्छी एक्सरसाइज में से एक है। यह बॉडीबिल्डर और एथलीट के बीच काफी पॉपुलर है।

## हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग एक ऐसी एक्सरसाइज है जिससे आप कम समय में ज्यादा वजन कम कर सकते हैं। इससे शरीर की फैट बर्न करने की क्षमता बढ़ जाती है। कई घंटों जिम में पसीना बहाने से अच्छा यह एक्सरसाइज 20 मिनट के लिए करना ज्यादा फायदेमंद है।

## जुंबा डांस एक्सरसाइज

अगर आप ज्यादा भार वाली एक्सरसाइज नही करना चाहते तो जुंबा डांस सबसे बेहतर है। यह आपकी पूरी बॉडी पर वर्क करती है। एंजॉय करने के साथ इससे आप वजन भी कम कर सकते हैं। यह तनाव कम करता है और शरीर में एनर्जी बढ़ाता है। हाईइंटेसिटी मूवमेंट की वजह से वजन जल्दी कम होता है।

## पावर योगा

पावर योगा काफी असरदार है। यह ट्रेडिशनल योगा के मुकाबले जल्दी वजन कम करने में मदद करता है। इसमें ज्यादा मुश्किल योगासन होते हैं जो जल्दी-जल्दी किए जाते हैं इसलिए यह बेस्ट है।

## साइकिलिंग

साइकिलिंग भी वजन कम करने का आसान और अच्छा ऑप्शन है। इससे आप काफी कैलीरी बर्न कर सकते हैं। रोजाना सुबह **कम से कम लगातार आधा घंटा साइकिलिंग जरूर करें, आप पहले पहल 15 मिनट से शुरुआत कर सकते हैं।**





# नींद की कमी से होता है थायराइड

**अगर आप ये सोचती हैं कि आप अपने बारे में सब कुछ जानती हैं तो ऐसा नहीं है। शरीर और सेहत से जुड़ी ऐसी बहुत-सी बातें हैं, जो ज्यादातर महिलाओं को पता ही नहीं होती और आज हम आपको उसी के बारे में बताएंगे। इसे पढ़ने के बाद आपको अंदाजा होगा कि कितना कुछ था जो आप अपने बारे में नहीं जानती हैं। तो चलिए आपको बताते हैं वो बातें, जिसे जानना हर महिला के लिए जरूरी है।**

### ज्यादा कसरत से होते हैं पीरियड्स अनियमित

महिलाएं वजन कंट्रोल करने के लिए हद से ज्यादा व्यायाम करने लगती हैं लेकिन ज्यादा कसरत करने से पीरियड्स अनियमित हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप नियमित मात्रा में एक्सरसाइज करें। साथ ही कसरत के बाद शरीर में हुई पानी की कमी को दूर करने के लिए दूध का सेवन करें।

### ब्रेस्ट साइज में बदलाव

माहवारी के दौरान शरीर के हॉर्मोन लेवल में उतार-चढ़ाव आते हैं, जिसका असर ब्रेस्ट साइज पर भी पड़ता है। साथ ही गर्भधारण व मेनोपॉज के दौरान भी ब्रेस्ट और निपल्स के साइज का बदलना स्वाभाविक है।

### व्हाइट डिस्चार्ज की समस्या

पीरियड्स के बाद होने वाले डिस्चार्ज को लेकर परेशान न हों। इसके अलावा नार्मली होने वाला डिस्चार्ज भी अगर सफेद और साफ है तो आपको टेंशन लेने की कोई जरूरत नहीं है। मगर डिस्चार्ज का रंग हल्का पीला होने या उसमें से बदबू आने पर आपको तुरंत चेकअप करवाना चाहिए।

### कम नींद से थायरॉइड

यह तो सभी जानते हैं कि भरपूर नींद अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। मगर क्या आपको पता हैं कि 70% महिलाओं को थायराइड की समस्या नींद की कमी से होती है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपनी पूरी नींद लें।

### नाखूनों का बढ़ना

महिलाओं के नाखूनों की तुलना में पुरूषों के नाखून तेज गति से बढ़ते हैं। ऐसा हार्मोंस के कारण होता है। साथ ही नाखून के बढ़ने की गति गर्मियों में अधिक तेज होती है क्योंकि उस दौरान शरीर को ज्यादा मात्रा में विटामिन डी मिलता है।

### धूप के कारण होती है झुर्रियां


महिलाएं अक्सर कम उम्र में झुर्रियां पड़ने को लेकर परेशान रहती है। मगर आप यह नहीं जानती कि 80% महिलाओं में झुर्रियां अत्यधिक धूप के कारण होती हैं। इसे दूर करने के लिए महिलाएं बोटॉक्स सर्जरी का सहारा लेती हैं लेकिन आप विटामिन सी का सेवन कर झुर्रियों को दूर कर सकती हैं।

### पीरियड्स का ज्यादा ब्लीडिंग है डिसमेनोरिया का संकेत

पीरियड्स के दौरान प्राइवेट पार्ट में दर्द हल्का दर्द होना सामान्य है। कई बार वेजाइना का यह दर्द बर्दाशत करना मुश्किल हो जाता है। अगर हर बार इस तरह की तकलीफ हो रही है तो वह डिसमेनोरिया का संकेत हो सकता है। यह वुमेन हेल्थ कंडीशन है जो 7 में से 1 महिला को हो सकती है।

### महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा होती है नींद की जरूरत

महिलाएं मल्टीटास्किंग होती हैं, जिसकी वजह से वो घर व ऑफिस में मेंटल एनर्जी का पुरुषों से ज्यादा इस्तेमाल करती हैं। अगर वो भरपूर नींद न लें तो खपत हुई ऊर्जा को दोबारा बनाए रखने में बहुत परेशानी होती है। धीरे-धीरे इसका असर उनकी सेहत पर भी पड़ता है इसलिए उन्हें पुरुषों से ज्यादा नींद की जरूरत होती है।



# क्या है के पॉप डाइट

फिट और स्लिम रहने की चाह हर व्यक्ति की होती है, लेकिन आजकल का बिजी लाइफस्टाइल, खान-पान से जुड़ी बुरी आदतें और वर्कआउट की कमी के चलते यह सपना बहुत कम ही लोगों का पूरा हो पाता है। ऐसे में कई बार लोग अपने बढ़े हुए वजन से छुटकारा पाने के लिए खाना-पीना ही बंद कर देते हैं। जिसकी वजह से शरीर कमजोर होकर कई रोगों का घर बनने लग जाता है। अगर आपकी भी यही समस्या है तो कोरियन वेट लॉस डाइट आपकी मदद कर सकती है। दुनिया भर में लोग कोरियाई ब्यूटी टिप्स और उनके डाइट प्लान के दिवाने हैं। आइए जानते हैं आखिर क्या होती है यह कोरियन 'के पॉप डाइट' और क्या हैं इसके फायदे।

## क्या है के-पॉप डाइट?

कोरियन डाइट या के-पॉप डाइट आजकल लोगों के बीच काफी चर्चा में बनी हुई है। इस डाइट की मदद से व्यक्ति बड़ी आसानी से अपना वजन कम कर सकता है। दरअसल, कोरियन डाइट में मील्स के बीच में स्नैक्स नहीं लिए जाते। इस डाइट में फैटी एसिड, शुगर या प्रोसेस्ड फूड को भी शामिल नहीं किया जाता है। के-पॉप डाइट में खाने को कम से कम प्रोसेस किया जाता है ताकि उसके गुण सुरक्षित रहें। इसमें ज्यादातर सब्जियां शामिल होती है और शुगर या फैट की मात्रा बहुत कम होती है। इससे वजन तो कम होता ही है साथ ही स्किन अच्छी होती है।

## कोरिया की के-पॉप डाइट में क्या होता है

कोरियन डाइट में ज्यादातर सब्जियां शामिल होती है लेकिन शुगर या फैट की मात्रा बहुत कम होती है। डाइट फॉलो करनेवाले लोगों को आहार में कम कैलोरी वाले फूड्स जैसे-फल, सब्जियां, सूप और सलाद शामिल करना चाहिए, जो पौष्टिक होने के साथ पेट भरते हों। इसके अलावा डाइट में लीन मीट (चिकन), अंडे, टोफू, मशरूम और शिताके भी शामिल कर सकते हैं।

## कोरियन डाइट प्लान के नियम

- कोरियन वेट लॉस डाइट प्लान में तय सीमा में कैलोरी लेने की सलाह नहीं दी जाती है। इस डाइट में व्यक्ति अपनी मर्जी से कैलोरी ले सकता है। इस डाइट प्लान में व्यंजनों, सूप और सब्जियों के ज्यादा से ज्यादा सेवन की सलाह दी जाती है।
- इस डाइट प्लान के साथ ज्यादा से ज्यादा योग और एक्सरसाइज करने की सलाह दी जाती है।
- इस डाइट को फॉलो करने वाले लोग दिन में 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद भी जरूर लें।

## के-पॉप डाइट के फायदे

- कोरियन डाइट में फाइबर की अधिकता होने से पेट भरा हुआ लगता है, जिससे व्यक्ति को बार-बार भूख नहीं लगती। कैलोरीज का सेवन कम करने की वजह से वजन कम करने में मदद मिलती है।
- हल्का खाने से आपको कब्ज या पेट दर्द जैसी समस्या नहीं होती। इसमें हल्का खाना होता है जिससे पेट को आराम मिलता है।
- इस डाइट में प्रोटीन ज्यादा लिया जाता है। जो बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा माना जाता है। कोरियन डाइट लेने से आपके बालों को जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं जिससे बाल लंबे और घने बनते हैं।
- इस डाइट में आप तली हुई चीजें, फास्ट फूड या तेल का इस्तेमाल नहीं करते जिसके चलते चेहरे पर मुंहासों की समस्या से निजात मिलता है।

# लाल मिर्ची के इस्तेमाल से हार्ट अटैक पर पाया जा सकता है काबू



**आजकल के ज्यादातर लोगों में सबसे गंभीर बीमारी हार्ट अटैक सामने आ रही है। अगर देखा जाए तो इस बीमारी की कोई उम्र सीमा नहीं हैं। यह बीमारी हमारे जीवनशैली यानी हमारे लाइफस्टाइल की वजह से होती हैं।**

तनाव इस बिमारी की मुख्य वजह हैं। इस बीमारी का शिकार लोगों का ईलाज में लाखों रुपए लग जाते है। वहीं इस बीमारी का ईलाज आप 60 सेकंड में घर में भी कर सकते है वो भी मिर्च से। जी हां, मिर्च ऐसी चीज है अगर खाने में ना हो खाना ही बेस्वाद लगता है। और अगर यह खाने में ज्यादा हो जाए तो भी खाने वाले का बुरा हाल। अब बताते है कि लाल मिर्ची के इस्तेमाल से हार्ट अटैक पर केवल 60 सेकंड में काबू पाया जा सकता हैं। दरअसल एक मशहूर डॉक्टर जॉन क्रिस्टोफर का कहना हैं की, मैंने आज तक जितने भी हार्ट अटैक मरीजो के घर गया हू उनमे से कोई भी मरा नहीं हैं। मैं उन्हें लाल मिर्च की चाय पिलाता हूं (एक कप गर्म पानी में एक चम्मच लाल मिर्च) और वह मिंटो में अपने पैरो पर खडे हो जाते हैं।

# भारतीय टीम पांचवें टी20 को जीतकर सीरीज समाप्त करने उतरेगी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। पांच मैचों की इस टी20 सीरीज का चौथा मैच कोहरे और धुंध के कारण रद्द कर दिया गया था। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐसे में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य किसी भी प्रकार ये मैच जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर लाना रहेगा।

वहीं भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि अब उसे सीरीज है हारने का खतरा नहीं है। वह अंतिम मैच हारती भी है तो भी सीरीज बराबरी पर ही रहेगी। अब इस अंतिम मैच में सभी की नजरें कप्तान सूर्यकुमार यादव पर रहेंगी। वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पार रहे। ऐसे में ये इस मैच में अच्छा स्कोर बनाना चाहेंगे। टीम प्रबंधन भी उनके फार्म को लेकर चिन्तित है। सूर्यकुमार ने पिछले 20 मैचों की 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए थे। वहीं उपकप्तान शुभमन गिल का इस मैच में खेलना संदिग्ध है कयोंकि वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे।

ऐसे में उनकी जगह इस मैच में पारी की शुरुआत के लिए संजू सैमसन को अवसर दिया जा सकता है। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर बेहद सफल रहे हैं। शुभमन के आने के बाद उन्हें मध्यक्रम में उतारा जा रहा था पर वह वहां सफल नहीं रहे हैं। ऐसे में इस मैच में वह पारी की शुरुआत करते हुए बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे।

भारतीय टीम का पलड़ा इस मैच में भारी है। उसके पास अच्छे बल्लेबाज व गेंदबाज हैं। टीम के पास हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे जैसे ऑलराउंडर होने के साथ ही तिलक वर्मा जैसा बल्लेबाज है।

तेज गेंदबाजी की बात करें तो बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अच्छे फार्म में हर्षित राणा ने भी अब तक अच्छी गेंदबाजी की है। जसप्रीत बुमराह की भी इस मैच में वापसी होगी। स्पिनर के तौर पर टीम के पास वरुण चक्रवर्ती जैसा गेंदबाज है। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही है। ऐसे में बड़ा स्कोर बनना तय है।

वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम की बात करें तो उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। ऐसे में उसे सीरीज में बराबरी करने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसकी बल्लेबाजी कप्तान एडेन मार्क्रम के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक , डेविड मिलर पर आधारति रहेगी।

दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच में रीजा हेंड्रिक्स की जगह मार्क्रम को शीर्ष क्रम में उतार सकती है। हेंड्रिक्स इस दौरे पर रन नहीं बना पाये हैं। उसके युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका को इस मैच में मार्को यानसन की सेवाएं नहीं मिल पायेंगी। ऐसे में लुंगी एनगिडी और ओटनेल बार्टमैन पर गेंदबाजी की जिम्मेदारी रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत दर्ज करने हर क्षेत्र में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करना होगा।




### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, शाहबाज अहमद, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्क्रम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रीजा हेंड्रिक्स, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, कॉर्बिन बॉश, डोनोवन फरेरा, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, ओटनील बार्टमैन, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, लूथो सिपाम्ला।

# बीसीसीआई अब उत्तर भारत में पड़ने वाले मैच स्थलों में बदलाव करेगा: राजीव शुक्ला



**–15 दिसंबर से 15 जनवरी तक के मैच कहीं और आयोजित होंगे**

**एडीलेड (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घने कोहरे के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 रद्द होने से सबक लेते हुए अब आगे के मैचों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला किया है। बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के अनुसार अब 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होने वाले मुकाबलों को कहीं और आयोजित किया जा सकता है जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों को कोई परेशान न हो। इसके साथ ही सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में होने वाले मैचों को कहीं और आयोजित करने पर विचार होगा।

बीसीसीआई को ये बदलाव इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द करना पड़ा था। मैच के दिन स्टेडियम में शाम होते-होते दृश्यता इतनी कम हो गई कि अंपायरों को कई बार मैदान का निरीक्षण करना पड़ा। हालात न सुधरने पर आखिरकार मैच को बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। इस फैसले से हजारों दर्शकों को निराश होकर वापसी लौटना पड़ा। मैच रद्द होने के बाद बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि उत्तर भारत में 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होने वाले मैचों के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करने पर विचार किया जाएगा। शुक्ला के मुताबिक, कोहरा अब सिर्फ अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट को भी प्रभावित कर रहा है, और ऐसे में मैचों को दक्षिण भारत या वेस्ट इंडिया में आयोजित किया जा सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी जिसके मुकाबले वडोदरा, राजकोट और इंदौर में होने हैं और इसमें भी खराब मौसम से बाधा आ सकती है। वहीं घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे ट्रॉफी 24 दिसंबर से 18 जनवरी तक खेली जाएगी, जिसमें जयपुर में भी मैच रखे गये हैं। ऐसे में कोहरे को देखते हुए इन मैचों का आयोजन भी प्रभावित होगा।

# लियोन टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने

**–टेस्ट इतिहास में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने**



**एडीलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने यहां एडिलेड में खेले जा रहे तीसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच में दूसरा विकेट लेते ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब लियोन टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गये हैं। वहीं विश्व स्तर पर टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले छठे गेंदबाज बने हैं।

उन्होंने इससे पहले नंबर एक पर रहे दिग्गज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा को सबसे अधिक विकेट के मामले में पीछे छोड़ दिया है। अब उनसे आगे केवल दिवंगत महान स्पिनर शेन वॉर्न ही हैं। वार्न ने अपने करियर में 708 विकेट टेस्ट क्रिकेटर में लिए थे।

तीसरे टेस्ट की पहली पारी मे लियोन ने इंग्लैंड के डकेट को बोल्ड कर मैक्ग्रा को विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर धकेल दिया। उसी के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में उनके विकेटों की तादाद 564 पहुंच गई और वह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस मैच से पहले तक मैक्ग्रा ने टेस्ट क्रिकेट में 563 विकेट लिए थे। लियोन ने पहले ओली पोप और उसके बाद डकेट को आउट किया।

लियोन अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनसे आगे इस सूची में श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, भारत के अनिल कुंबले और इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड शामिल हैं। मुरलीधरन ने 800, वॉर्न ने 708, एंडरसन ने 704, कुंबले ने 619 और ब्रॉड ने 604 विकेट टेस्ट क्रिकेट में लिए हैं।

# 'सबसे खराब टेक्नोलॉजी' : एडिलेड टेस्ट में स्निको विवाद पर मिशेल स्टार्क का तीखा हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशेज सीरीज के एडिलेड टेस्ट में अंपायरिंग और टेक्नोलॉजी एक बार फिर बड़े विवाद की वजह बन गई। दूसरे दिन लगातार दो फैसलों ने खिलाड़ियों और दर्शकों, दोनों को हैरान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क ने स्निको टेक्नोलॉजी पर खुलकर नाराज़गी जताते हुए इसे 'सबसे खराब टेक्नोलॉजी' करार दिया और यहां तक कह दिया कि इसे हटाने की ज़रूरत है। विवादित फैसलों के बीच इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया, दोनों ही खेमों में असंतोष साफ दिखाई दिया।

### पहला विवाद: स्मिथ के हेलमेट पर लगी गेंद, फिर भी स्निको स्पाइक

विवाद की शुरुआत तब हुई जब पैट कमिंस की एक तेज़ शॉर्ट बॉल इंग्लैंड के बल्लेबाज़ स्मिथ पर अजीब उछाल लेकर आई। स्मिथ ने खुद को बचाने की कोशिश की और गेंद फर्स्ट स्लिप की ओर गई, जहां उस्मान ख्वाजा ने आगे की ओर डाइव लगाई।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने ज़ोरदार अपील की, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर को संदेह था कि गेंद बल्ले या ग्लव्स से लगी है या नहीं। मामला थर्ड अंपायर के पास गया। रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद स्मिथ के हेलमेट से टकराई थी, इसके बावजूद स्निको मीटर में स्पाइक नजर आया। अंततः फैसला नॉट-आउट रहा, लेकिन इसी स्पाइक ने पूरे विवाद को जन्म दे दिया।

### 'स्निको को हटाने की जरूरत'

इस फैसले के बाद मिशेल स्टार्क को स्टंप माइक पर अंपायर से चर्चा करते हुए सुना गया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्निको टेक्नोलॉजी भरोसेमंद नहीं रही है। स्टार्क ने कहा कि यह टेक्नोलॉजी पहले भी गलत साबित हो चुकी है और एक बार फिर खिलाड़ियों को भ्रमित कर रही है। उनके मुताबिक, ऐसे अहम टेस्ट मैच में इतनी बड़ी गलती स्वीकार्य नहीं है।

### दूसरा झटका: जेमी स्मिथ का विवादित आउट

पहले विवाद की गर्मी अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि जेमी स्मिथ के आउट होने पर एक और बहस छिड़ गई। पैट कमिंस की शॉर्ट गेंद पर स्मिथ ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन संपर्क साफ नहीं था। गेंद विकेटकीपर एलेक्स कैरी तक पहुंची और अंपायर ने फैसला थर्ड अंपायर को भेजा। हालांकि वीडियो रिप्ले में बल्ले और गेंद के बीच साफ गैप नजर आ रहा था, लेकिन गेंद के बल्ले के पास से गुजरते ही स्निको में एक स्पाइक दर्ज हुआ। इसी आधार पर थर्ड अंपायर ने स्मिथ को आउट करार दे दिया।

### बेन स्टोक्स ने टेक्नोलॉजी पर सवाल उठाए

इस फैसले के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स काफी नाराज़ दिखे। उनका मानना था कि सिर्फ स्निको स्पाइक के आधार पर फैसला देना सही नहीं है, खासकर तब जब वीडियो सबूत कुछ और कहानी बता रहे हों। मैच में DRS का इस्तेमाल न होने के बावजूद, थर्ड अंपायर का फैसला पूरी तरह टेक्नोलॉजी पर निर्भर रहा, जिसने बहस को और तेज कर दिया।



### स्निको टेक्नोलॉजी की विश्वसनीयता पर बहस

एडिलेड टेस्ट की घटनाओं ने एक बार फिर स्निको टेक्नोलॉजी की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खिलाड़ी, पूर्व क्रिकेटर और फैंस अब यह सोचने पर मजबूर हैं कि क्या सिर्फ ऑडियो स्पाइक के आधार पर बड़े फैसले लेना सही है।

# स्पेनिश टेनिस स्टार अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

मैड्रिड ।दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नये साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नये कोच होंगे।22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया, 'हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।' स्पेनिश स्पोर्ट्स अखबार डियारियो एएस की रिपोर्ट में बताया गया है कि पाब्लो कैरेनो बुस्टा को कोचिंग देने वाले सैमुअल लोपेज 2026 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए अल्काराज के नए कोच होंगे।



# धोनी से सीखना चाहते हैं प्रशांत



मुम्बई ।आईपीएल 2026 के लिए हुई नीलामी में 14.2 करोड़ रुपये हासिल करने वाले अनफैप्ड ऑलराउंडर प्रशांत वीर का सपना चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के साथ खेलना और सीखना है।प्रशांत का कहना है कि वह धोनी के साथ खेलने को लेकर उत्साहित हैं।उत्तर प्रदेश की ओर से खेलने वाले प्रशांत वीर को सीएसके ने नीलामी में 14.2 करोड़ में खरीदा है।प्रशांत ने कहा कि वह चेन्नई सुपर किंग्स से जुड़कर बेहद खुश हैं क्योंकि वहां एमएस धोनी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि धोनी जिस तरह से निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं।उनकी मानसिक मजबूती बातचीत का तरीका और खेल के दौरान उनका ध्यान ये सभी चीजें सीखने लायक हैं।उन्होंने अंत में कहा, 'अगर मैं उन जैसे महान खिलाड़ी से 4 से 5 फीसदी भी सीख पाता हूं, तो वह मेरे करियर के लिए बहुत सहायक होगा।' सीएसके ने प्रशां के अलावा कार्तिक शर्मा को भी 14.2 करोड़ में खरीदा है।जिससे ये दोनो ही आईपीएल के सबसे महंगे गैरअनुभवी खिलाड़ी बन गये हैं।कार्तिक के लिये भी सीएसके और हैदराबाद के बीच खींचतान हुई, लेकिन आखिरकार चेन्नई की फ्रेंचाइज़ी ने इस विस्फोटक बल्लेबाज को 14.2 करोड़ में खरीद लिया।ये दोनों ही खिलाड़ी लीग के इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी बन गये।इससे पहले यह रिकॉर्ड आवेश खान के पास था जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2022 में 10 करोड़ में खरीदा था।

# पीएसजी ने फ्लेमेंगो को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

**दोहा (कतर) (एजेंसी)।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में ब्राज़ील की फ्लेमेंगो टीम को पेनल्टी शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम कर लिया। यह पीएसजी की इस साल की छठी बड़ी ट्रॉफी है, जिससे क्लब का सुनहरा सीजन और भी यादगार बन गया।

अल रेयान स्थित अहमद बिन अली स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल में निर्धारित समय और अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहा। इसके बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से मात देकर खिताबी जीत दर्ज की।

### रोमांचक रहा फाइनल मुकाबला

मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। पीएसजी को पहला गोल 38वें मिनट में ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने दिलाया, जिससे फ्रेंच क्लब ने बढ़त हासिल की। हालांकि, हाफटाइम के बाद फ्लेमेंगो ने जोरदार वापसी की। 62वें मिनट में जोर्जिन्हो ने पेनल्टी को गोल में बदलते हुए स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद दोनों टीमों को कई मौके मिले, लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। मैच के अंतिम क्षणों में पीएसजी गोल के बेहद करीब पहुंचा, मगर फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने शानदार बचाव कर टीम को बचाए रखा।




### शूटआउट में पीएसजी का दबदबा

निर्धारित समय और अतिरिक्त समय में कोई गोल नहीं होने के बाद मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। यहां पीएसजी के खिलाड़ियों ने बेहतर संयम दिखाया और फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।


### पीएसजी का सुनहरा सीजन

फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीतने के साथ ही पीएसजी ने इस साल अपनी छठी ट्रॉफी हासिल की। इससे पहले क्लब ने लीग 1, कूप डी फ्रांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब भी अपने नाम किए थे।

यह जीत पीएसजी के लिए न सिर्फ एक और ट्रॉफी है, बल्कि उनके ऐतिहासिक और सफल सीजन की पुष्टि भी करती है।

# फ्रांस के पूर्व स्ट्राइकर हेनरी को मिलेगा स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

लंदन। आर्सेनल और फ्रांस के पूर्व स्ट्राइकर थियरी हेनरी को 2025 के बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर कार्यक्रम में आज लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।2014 में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने वाले हेनरी ने इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने को लेकर कहा कि यह सम्मान मिलना बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा, 'फुटबॉल ने मुझे सब कुछ दिया है और मैंने भी इसे अपना सब कुछ दिया है।इस लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड के साथ इसके इतिहास का हिस्सा बनने के लिए पहचाना जाना, और फैंस और मेरे टीम के साथियों के लिए अपनी पहचान बनाना, यह कुछ ऐसा है जिसे मैं कभी हल्के में नहीं लूंगा।' आर्सेनल के साथ दो बार खेलते हुए, हेनरी ने 377 मैचों में 228 गोल किए, और 2005 में इयान राइट को पीछे छोड़कर क्लब के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर बन गए।गनर्स के साथ उनके सम्मानों में दो प्रीमियर लीग खिताब और तीन एफए कप शामिल हैं, जिसमें सबसे खास 2003-04 का सीजन था जब आर्सेनल अजेय रहा और 'इनविंसिबल' का दर्जा हासिल किया। हेनरी ने चार बार प्रीमियर लीग गोल्डन बूट जीता, जो एक संयुक्त रिकॉर्ड है और लगातार 6 सीजन तक पीएफए टीम ऑफ द ईयर में नामित हुए।



# श्रीलंकाई टीम के क्षेत्ररक्षण कोच होंगे श्रीधर

कोलंबो ।श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने भारत के आर श्रीधर को को आगामी टी20 विश्वकप कप के लिए अपनी टीम का क्षेत्ररक्षण कोच बनाया है।श्रीधर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लेवल 3 क्वालिफाइड कोच हैं। श्रीधर इससे पहले साल 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ भी सलाहकार के तौर पर काम किया।अब वह श्रीलंकाई टीम के क्षेत्ररक्षण को सुधारने की जिम्मेदारी संभालेंगे।वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे।वहीं श्रीधर ने इस जिम्मेदारी पर उत्साहित होते हुए कहा, श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा वाले होने के साथ ही सामूहिक रुप से खेलने पर जोर देने के लिए जाने जाते हैं।मेरा काम उनपर किसी प्रकार का नया दबाव बनाना नहीं है।वहीं ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी अपनी क्षमता, जागरूकता के क साथ मैदान पर स्वाभाविक रूप से बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ सके।उन्होंने कहा, फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं।श्रीलंका की पारंपरिक ताकतें तेज हाथ, तेज रिफ्लेक्स और निडर इरादा रहा है।इन्हीं क्षमताओं को और निखारा जाएगा।वहीं श्रीलंकाई बोर्ड ने कहा है कि श्रीधर के आने से टीम का प्रदर्शन बेहतर होने का उन्हें भरोसा है।



# आईपीएल 2026 : नीलामी में नहीं बिके ये बड़े खिलाड़ी, आकाश चोपड़ा ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की नीलामी में जहां करोड़ों की बोली और नए सितारों के उभार ने सुर्खियां बटोरीं, वहीं कुछ बड़े अंतरराष्ट्रीय नामों का ना बिकना क्रिकेट जगत के लिए हैरानी भरा रहा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मशहूर विश्लेषक आकाश चोपड़ा ने माइकल ब्रेसवेल, जेमी स्मिथ और जॉनी बेयरस्टो जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को किसी भी टीम द्वारा नहीं खरीदे जाने पर खुलकर सवाल उठाए। उनका मानना है कि इस बार नीलामी में कई फैसलों ने क्रिकेट लॉजिक को पीछे छोड़ दिया।

### आकाश चोपड़ा को क्यों हुआ सबसे ज्यादा आश्चर्य?

आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर आईपीएल ऑक्शन को लेकर बेबाक राय रखी। उन्होंने कहा कि जहां एक तरफघरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बड़ा इनाम मिला, वहीं अंतराष्ट्रीय स्तर पर खुद को साबित कर चुके खिलाड़ियों को नजरअंदाज किया गया। चोपड़ा के मुताबिक यह नीलामी कई मायनों में ÷सरप्राइज पैकेज÷ रही।

### माइकल ब्रेसवेल: ऑलराउंडर, फिर भी अनसोल्ड

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को लेकर आकाश चोपड़ा सबसे ज्यादा हैरान दिखे। उन्होंने याद दिलाया कि ब्रेसवेल भारत के खिलाफबड़े मैचों में शतक जड़ चुके हैं और वह बल्लेबाजी के साथ-साथ ऑफस्पिन भी कर सकते हैं। आकाश का मानना था कि चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी टीमों को ऐसे खिलाड़ी की सख्त जरूरत थी, लेकिन किसी ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। टी20आई में संतुलित रिकॉर्ड और बड़े मैचों का अनुभव होने के बावजूद उनका अनसोल्ड रहना कई सवाल खड़े करता है।

### जेमी स्मिथ: विकेटकीपर-बल्लेबाज, फिर भी मौका नहीं

इंग्लैंड के युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को लेकर भी आकाश चोपड़ा ने 'लॉजिक फेल' करार दिया। उन्होंने कहा कि स्मिथ को कई बार नीलामी में लाया गया, यहां तक कि एक्सेलरेटेड राउंड तक पहुंचे, लेकिन हर बार टीमों ने उन्हें नजरअंदाज कर दिया। आकाश के मुताबिक जेमी स्मिथ ऐसे खिलाड़ी हैं जो टॉप ऑर्डर और मिडिल ऑर्डर दोनों में बल्लेबाजी कर सकते हैं। उनका स्ट्राइक रेट और फिनिशिंग एबिलिटी टी20 क्रिकेट के लिए आदर्श मानी जाती है, फिर भी किसी फ्रेंचाइजी ने उन पर भरोसा नहीं दिखाया।

### जॉनी बेयरस्टो का अनसोल्ड रहना सबसे बड़ा झटका

इंग्लैंड के अनुभवी स्टार जॉनी बेयरस्टो का नाम अनसोल्ड लिस्ट में होना आकाश चोपड़ा के लिए सबसे चौंकाने वाला रहा। उन्होंने कहा कि जब टिम सीफर्ट, फिन एलन, क्विंटन डी कॉक और बेन डकेट जैसे बल्लेबाज बिक सकते हैं, तो बेयरस्टो के लिए जगह न बनना समझ से बाहर है। पिछले सीजन में सीमित मौकों के बावजूद अच्छा प्रदर्शन करने वाले बेयरस्टो अगर पूरे सीजन के लिए उपलब्ध रहते, तो किसी भी टीम के लिए मैच विनर साबित हो सकते थे।




# बाबर आजम बीबीएल में भी असफल हुए, प्रशंसकों ने जमकर हूटिंग की

लाहौर ।पिछले काफी समय से खराब फार्म से जूझ रहे पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम आजकल ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) खेल रहे हैं।बाबर वहां भी असफल रहे हैं।वह अपने शुरुआती मैच में 5 गेंदों में केवल 2 रन ही बना पाये। जिसके बाद से ही उनकी आलोचनाएं शुरु हो गयी हैं।लगातार दूसरे मैच में असफल होने पर प्रशंसकों ने उनका मजाक बताया है।इसी कारण आउट होने के बाद जब बाबर पवेलियन लौट रहे थे तो प्रशंसकों ने उनकी काफी हूटिंग की।बाबर ने यहां सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 10 गेंदों में केवल 9 रन ही बनाये।इससे उनके प्रशंसक भड़क गये।पहले दो मैचों में ही उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा है जिससे अब तीसरे मैच में उन्हें शायद ही अवसर मिले।इससे उनके टी20 विश्वकप के लिए टीम में जगह पक्की करने की दावेदारी भी कमजोर हुई है।

## वीबी- जी राम जी बिल बहुत बड़ा विश्वासघात इसे वापस लेना होगा : संजय सिंह



नई दिल्ली (एजेंसी)। विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी- जी राम जी बिल लोकसभा में गुरुवार को पारित हो गया है। ये बिल यूपीए दौर की मनरेगा योजना की जगह लेगा। इस बिल पर आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह बहुत बड़ा विश्वासघात है और मैं सरकार को आगाह करना चाहता हूं कि जैसे आपने तीनों किसानों के काले कानूनों को वापस लिया वैसे ही आपको इस बिल को भी वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि देश भर में इसके ख़िलाफ़ आंदोलन होगा। इस बिल के नाम के पीछे आप अपना गुनाह छिपाना चाहते हैं। मनरेगा और केंद्र सरकार के नए अधिनियम में नाम के अलावा भी कई बदलाव किए गए हैं और विपक्षी दल सरकार के इस फ़ैसले का विरोध कर रहे हैं।

## अवैध हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के मामले में पटना से अंकल जी गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बिहार से शुरू होकर उत्तरी भारत के विभिन्न हिस्सों में फैले अवैध हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के मामले के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। एनआईए अधिकारियों ने बताया कि पटना निवासी कमलकांत वर्मा उर्फ अंकल मामले में गिरफ्तार होने वाला 11वां आरोपी है। एनआईए की जांच में पता चला है कि कमलकांत ने हरियाणा और अन्य स्थानों के विभिन्न आग्नेयास्त्र कारखानों से अवैध रूप से गोला-बारूद खरीदने वाले गिरोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। एजेंसी ने कहा कि गोला-बारूद की तस्करी उत्तर प्रदेश में की गई और वहां से इस बिहार और देश के अन्य हिस्सों में पहुंचाया गया। कमलकांत की गिरफ्तारी एनआईए द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा में 23 स्थानों पर की गई छापेमारी के कुछ दिनों बाद हुई है, जिसके परिणामस्वरूप चार अन्य आरोपियों रवि रंजन, शशि प्रकाश, विजय कालरा और कुश कालरा को गिरफ्तार किया गया था। चार दिसंबर को की गई छापेमारी के दौरान कई हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किये गये थे।

## नशीले कफ सिरप की कमाई से टेरर फंडिंग... हवाला ऑपरेटर्स की तलाश में जुटी ईडी

लखनऊ (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी से जुड़े बड़े सिंडिकेट की जांच में जुटी हुई है। सूत्रों ने बताया कि इस नेटवर्क में करोड़ों रुपये के लेन-देन हवाला ऑपरेटर्स के जरिए किए जा रहे थे, जिनकी तलाश अब तेज कर दी गई है। जांच एजेंसी को आशंका है कि भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पार करने के बाद कफ सिरप की सप्लाई चेन कुछ इस्लामिक संगठनों के नियंत्रण में चली जाती थी, जहां से प्राप्त कमाई का इस्तेमाल संदिग्ध गतिविधियों में किया जा सकता था। हालांकि, इस दिशा में ठोस सबूत जुटाने के लिए ईडी गहन जांच कर रही है। मामले में मेरठ निवासी आसिफ और वसीम के नाम प्रमुखता से सामने आए हैं, जो भारत में तस्करी सिंडिकेट से जुड़े बताए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि दुबई में रह रहे आसिफ का भारत और बांग्लादेश के नेटवर्क से सीधा संपर्क था। वहां विदेश से ही ऑपरेशन को चलाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। ईडी की टीम इस पूरे लिंक को मजबूत करने के लिए हवाला ऑपरेटर्स की कड़ियों को खंगाल रही है। साथ ही, कफ सिरप की एवज में बांग्लादेश से नकली भारतीय मुद्रा की सप्लाई के संभावित कनेक्शन की भी पड़ताल की जा रही है। यह मामला कोडीन आधारित कफ सिरप की बड़े पैमाने पर तस्करी से जुड़ा है, जो नशीले पदार्थ के रूप में इस्तेमाल होती है। सिंडिकेट फर्जी कंपनियों और दस्तावेजों का सहारा लेकर दवा कंपनियों से सीधे माल खरीदता था और उस माल को सीमापार पहुंचाता था।

## एयर इंडिया की फ्लाइट में आई खराबी, कोच्चि में कराई इमरजेंसी लैंडिंग

### -सभी 160 यात्री सुरक्षित, वैकल्पिक फ्लाइट चलाने, की जा रही व्यवस्था

कोच्चि (एजेंसी)। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में गुरुवार को तकनीकी खराबी आने के बाद केरल के कोच्चि में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, जिससे एक बड़ा हवाई हादसा टल गया। फ्लाइट एआईई-398 जेद्दा से चली थी और कोझिकोड जा रही थी। रास्ते में पायलट को विमान के लैंडिंग गियर में दिक्कत महसूस हुई। इसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए पायलट ने कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की इजाजत मांगी। संदेश मिलने के बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने तुरंत इमरजेंसी प्रोटोकॉल एक्टिवेट कर दिए। जानकारी के मुताबिक विमान सुबह करीब 9.07 बजे सुरक्षित लैंड हुआ, जिसमें एहतियात के तौर पर रनवे पर फायर और रेस्क्यू टीमें, मेडिकल स्टाफ और सुरक्षाकर्मी तैनात थे। लैंडिंग के बाद विमान की जांच में पता चला कि उसके दो टायर फट गए थे, जिससे खराबी की गंभीरता की पुष्टि हुई और कोच्चि की ओर डायवर्ट करने के फ्लाइट क्रू के समय पर लिए गए फैसले को सही साबित किया। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि सभी इमरजेंसी सिस्टम चालू थे और योजना के अनुसार काम कर रहे थे। सभी यात्रियों को एयरपोर्ट लाउंज में ठहराया गया है और उनकी आगे की यात्रा के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं।

## सपा नेता की 14 करोड़ की संपत्ति कुर्क

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता मानसिंह के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न मामलों में दर्ज आरोपों के चलते उनके आवास और अन्य संपत्तियों को कुर्की किया जा रहा है। उनकी 14 करोड़ की संपत्ति पर एक्शन लिया जा रहा है। कोर्ट के आदेश पर आज गैंगेस्टर की होटल की संपत्ति को जिला प्रशासन की मौजूदगी मे कुर्क कर दिया गया। कार्रवाई के आदेश को चस्पा किया गया है। सपा नेता राजा मानसिंह सरियावा थाना पूरा कलंदर के निवासी हैं। उनके और उनकी पत्नी नीतू सिंह के ऊपर भी कार्रवाई हुई।

# हसीना के बेटे ने चेताया कहा- कट्टर इस्लामिक देश बन रहा बांग्लादेश, भारत में बढ़ेगा आतंकवाद?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे और सलाहकार सजेब वाजेद जॉय ने अंतरिम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि ढाका में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार देश को इस्लामिक शासन की ओर ले जाने की कोशिश कर रही है और इससे भारत की सुरक्षा को भी बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकियों को लेकर पूछे गए सवाल पर जॉय ने कहा कि यह भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उनके अनुसार, अवामी लीग की सरकार के दौरान भारत की पूर्वी सीमाएं आतंकवाद से सुरक्षित थीं। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे पहले के दौर में बांग्लादेश का इस्तेमाल भारत में विद्रोह और आतंकवाद फैलाने के लिए किया जाता था, और अब वह स्थिति दोबारा लौट सकती है।एक इंटरव्यू में 54 वर्षीय सजेब वाजेद जॉय ने कहा कि यूनुस सरकार जमात-ए-इस्लामी और अन्य इस्लामी पार्टियों को खुली छूट दे रही है और चुनाव में धांधली कराके इनको सत्ता में लाने की कोशिश कर रही है। वाजेद फिलहाल अमेरिका में रहते हैं। यह इंटरव्यू ऐसे समय में सामने आया है जब भारत ने बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और भारतीय उच्चायोग को धमकी देने वाले चरमपंथी तत्वों की गतिविधियों पर गंभीर चिंता जताते हुए ढाका के उच्चायुक्त को तलब किया। दिल्ली में हालिया आतंकी गतिविधियों और बांग्लादेश में लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय सेल के बीच संबंधों के सवाल पर जॉय ने कहा कि उन्हें यह जानकारी गोपनीय सुरक्षा सूत्रों से मिली है। उन्होंने चेतावनी दी कि बांग्लादेश में आतंकी प्रशिक्षण शिविर फिर से सक्रिय हो चुके हैं, अल-कायदा के जाने-माने आतंकी वहां सक्रिय हैं और पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के कमांडरों ने खुले मंचों से भाषण दिए हैं। उनके अनुसार, इससे भारत और पूरे क्षेत्र के लिए खतरा तत्काल और वास्तविक है।

शेख हसीना के खिलाफ सुनाई गई मौत की सजा के बाद दिए गए अपने बयानों को दोहराते हुए जॉय ने कहा कि बांग्लादेश तेजी से एक असफल इस्लामिक राज्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूनुस सरकार ने जमात-ए-इस्लामी और अन्य इस्लामिक दलों को खुली छूट दे दी है।

जॉय के मुताबिक, बांग्लादेश में इस्लामिक पार्टियों को कभी भी पांच प्रतिशत से अधिक वोट नहीं मिले हैं, लेकिन अवामी लीग और अन्य प्रगतिशील व उदारवादी दलों को चुनाव से बाहर रखकर एक धांधली भरा चुनाव कराया जा रहा है, ताकि इस्लामिक ताकतों को सत्ता में स्थापित किया जा सके।

भारत की भूमिका पर सवाल के जवाब में सजेब वाजेद जॉय ने कहा कि नई दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर बांग्लादेश में लोकतंत्र की वापसी के लिए ज्यादा सक्रिय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग और तीसरी सबसे बड़ी पार्टी जातीय पार्टी (जातीय पार्टी) को चुनाव से बाहर करना, आधे से ज्यादा मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने जैसा है। उनके अनुसार, ऐसे हालात में होने वाला चुनाव लोकतांत्रिक नहीं बल्कि पूरी तरह से धांधली भरा होगा। बांग्लादेश द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण की औपचारिक मांग किए जाने पर जॉय ने कहा कि किसी भी कानूनी प्रत्यर्पण के लिए उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में उनके खिलाफ मामलों में पूरी तरह से ड्यू प्रोसेस का अभाव रहा और उनकी मां को अपने वकीलों से संपर्क तक की अनुमति नहीं दी गई। ऐसे में, जॉय का मानना है कि भारत को इस मामले में कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है।

## इंडिगो संकट पर संसदीय समिति सख्त, एयरलाइन और नियामक से 15 दिन में जवाब मांगा

नई दिल्ली। इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द होने के मामले को लेकर संसदीय समिति ने एयरलाइन और नागरिक उड्डयन नियामक के अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई है। समिति के समक्ष पेश किए गए जवाबों को असंतोषजनक मानते हुए दोनों पक्षों को 15 दिन बाद दोबारा उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान उठाए गए अहम सवालों पर न तो एयरलाइन और न ही नियामक अधिकारी ठोस जवाब दे सके, जिससे समिति की चिंता और बढ़ गई। समिति की बैठक में इंडिगो की ओर से मुख्य परिचालन अधिकारी के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और नियामक संस्था की तरफ से शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा देश की अन्य प्रमुख एयरलाइनों के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद थे। गौरतलब है कि 2 दिसंबर से देशभर में कई दिनों तक सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल रहा, हजारों यात्री फंसे और वैकल्पिक व्यवस्था की कमी साफ नजर आई। बैठक की अध्यक्षता जदयू सांसद संजय झा ने की। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति से जुड़ी संसदीय स्थायी समिति इस मुद्दे पर किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। समिति ने फैसला किया कि उड़ानों के रद्द होने और उससे उपजी अव्यवस्था की जिम्मेदारी तय करने से पहले नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट का इंतजार किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, समिति ने बैठक में कई तीखे सवाल पूछे। सदस्यों ने जानना चाहा कि संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियम लागू होने के बाद मंत्रालय और नियामक क्या ऐसी स्थिति से निपटने के लिए तैयार थे। यह भी सवाल उठाया गया कि क्या पायलटों की ड्यूटी व्यवस्था में बदलाव से छूट हासिल करने के उद्देश्य से एयरलाइन ने दबाव बनाने की रणनीति अपनाई। इन सवालों पर एयरलाइन और नियामक के प्रतिनिधि स्पष्ट और संतोषजनक जवाब देने में विफल रहे। समिति ने यह भी नाराजगी जताई कि यात्रियों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगने के बजाय उड़ानों के रद्द होने का ठीकरा मौसम और तकनीकी कारणों पर फोड़ा गया। समिति का मानना है कि इतने बड़े पैमाने पर उड़ानों का रद्द होना केवल मौसम का परिणाम नहीं हो सकता। इसी वजह से चार सदस्यीय जांच समिति की रिपोर्ट को निर्णायक माना जा रहा है, जिसके 28 दिसंबर तक सौंपे जाने की संभावना है।

## कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामला तकनीकी रूप से खारिज होने की कगार पर

### -बीजेपी का पलटवार, उच्च न्यायालय ने गांधी परिवार को कोई क्लीन चिट नहीं दी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक की राजनीति में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर बढ़ती राजनैतिक बहस के बीच उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने एक ओर केंद्र सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है, वहीं भाजपा ने कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं के अपमान का पलटवार किया है। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार का दावा है कि नेशनल हेराल्ड मामला तकनीकी रूप से खारिज होने की कगार पर है, इसलिए दिल्ली पुलिस को दर्ज एफआईआर वापस ले लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह केवल सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान करने की एक रणनीति है। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने नेशनल हेराल्ड के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए कर्नाटक की महत्वपूर्ण योजनाओं (जैसे गृह लक्ष्मी, ऊपरी भद्रा परियोजना और मनरेगा) का पैसा जानबूझकर रोका है। शिवकुमार ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के प्रदर्शन का बचाव करते हुए अन्य राज्यों (विशेषकर महाराष्ट्र) से इसकी तुलना की। उन्होंने दावा किया कि पिछले 24 महीनों में सरकार ने अपने सभी चुनावी वादों को कुशलतापूर्वक पूरा किया है। उनके अनुसार, केंद्र के असहयोग के बावजूद राज्य की कल्याणकारी योजनाएं जारी हैं। वहीं कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने कांग्रेस के विरोध प्रदर्शनों की आलोचना कर कहा कि उच्च न्यायालय ने गांधी परिवार को इस मामले में कोई राहत या क्लीन चिट नहीं दी है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस जांच से बचने के लिए संवैधानिक निकायों को निशाना बना रही है और राज्य में अशांति का माहौल पैदा कर रही है।

# पंजाब पंचायत चुनाव: जिला परिषद और ब्लॉक समिति में आप का दबदबा, विपक्ष को करारी शिकस्त



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब में जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों के मतगणना परिणामों ने राज्य की राजनीति में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की मजबूत पकड़ को एक बार फिर उजागर कर दिया है। अब तक घोषित नतीजों के अनुसार आप ने दोनों ही स्तरों पर अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज करते हुए कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि अंतिम परिणामों की आधिकारिक घोषणा का अभी इंतजार है, लेकिन मौजूदा आंकड़े स्पष्ट संकेत दे रहे हैं कि ग्रामीण राजनीति में भी आप का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

राज्य चुनाव आयोग के अनुसार मंगलवार को सभी मतगणना केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना प्रक्रिया पूरी कर ली गई। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। आम आदमी पार्टी ने इन चुनावों को संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिहाज से अहम माना था, और नतीजों ने पार्टी की रणनीति को सफल साबित किया है।

जिला परिषद के कुल 346 जोनों के लिए चुनाव कराए गए थे, जिनमें से अब तक 177 जोनों के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इनमें आम आदमी पार्टी ने 98 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि 22 सीटों पर उसके उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। इस तरह घोषित नतीजों में आप के पास कुल 120 सीटें आ चुकी हैं। इसके मुकाबले कांग्रेस को 27 सीटें और शिरोमणि अकाली दल को 21 सीटों से संतोष करना पड़ा है। बहुजन समाज पार्टी ने 3 सीटें जीती हैं, जबकि भाजपा और सीपीआई (एम) अब तक अपना खाता नहीं खोल पाई हैं। खडूर साहिब के एक जोन में वैध नामांकन न मिलने के कारण वहां चुनाव नहीं हो सका।

ब्लॉक समिति की कुल 2838 सीटों में से 352 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे, जबकि 2486 जोनों के लिए मतदान हुआ। अब तक 2097 सीटों के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। इनमें आप ने 892 सीटों पर सीधी जीत हासिल की है और 339 सीटें निर्विरोध जीतकर कुल 1231 सीटों पर कब्जा जमाया है। कांग्रेस को 419 सीटों पर जीत और 3 निर्विरोध सीटों के साथ कुल 422 सीटें मिली हैं। शिरोमणि अकाली दल को 253, भाजपा को 49 और बसपा को 26 सीटें हासिल हुई हैं। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवारों ने 116 सीटों पर जीत दर्ज की है।

अब तक के रुझानों से साफ है कि आम आदमी पार्टी ने ग्रामीण इलाकों में अपनी राजनीतिक पकड़ को और मजबूत किया है। विपक्षी दलों के लिए ये नतीजे चेतावनी के रूप में देखे जा रहे हैं, खासकर कांग्रेस और अकाली दल के लिए, जिनका परंपरागत आधार ग्रामीण क्षेत्रों में माना जाता रहा है। हालांकि चुनाव आयोग की ओर से अंतिम आंकड़े जारी होने के बाद ही पूरी तस्वीर स्पष्ट होगी, लेकिन मौजूदा परिणामों ने पंजाब की राजनीति में आप के बढ़ते प्रभाव को मजबूती से रेखांकित कर दिया है।

# सीरत कपूर उर्फ 'सावी' ने एक्टर्स के परिवार में बड़े होने के अनुभव को किया साझा



**मुंबई (एजेंसी)।** एण्डटीवी के आगामी सुपरनैचुरल कॉमेडी शो घरवाली पेड़वाली में सावी का किरदार निभा रहीं सीरत कपूर बचपन से ही एक्टिंग की दुनिया से जुड़ी रही हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से जुड़े परिवार में पली-बढ़ी सीरत का सफर शुरूआती अनुभवों, अनुशासन और कहानी कहने के प्यार से बना है। बचपन में मॉडलिंग से लेकर अपने पिता और भाई को इंडस्ट्री में काम करते देखने तक, उनका अभिनय का सफर बहुत ही स्वाभाविक और प्रेरणादायक रहा है। अपने बचपन को याद करते हुए सीरत कपूर कहती हैं, हमारा घर शुरू में बिल्कुल सामान्य था क्योंकि मेरे पापा संदीप कपूर करीब 40 साल की उम्र तक कॉरपोरेट जगत में थे। उस वक्त एक्टिंग हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा नहीं थी। हम चंडीगढ़ में रहते थे और पढ़ाई हमेशा पहली प्राथमिकता रही। हालांकि, मेरे पापा को इस इंडस्ट्री से गहरा लगाव था और वहीं से मेरा सफर शुरू हुआ। मैंने पांच साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू की और टीवी कमर्शियल्स व प्रिंट विज्ञापन किए। मेरा पहला टीवी कमर्शियल बांग्लादेश में शूट हुआ था। बाद में मेरे माता-पिता ने कहा कि पढ़ाई पर पूरा ध्यान दूं, जो मैंने पूरी ईमानदारी से किया। वह आगे बताती हैं, जब मेरे भाई विराज कपूर ने चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में काम शुरू किया और मेरे पापा ने डायरेक्शन का कोर्स करके फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा, तो घर में एक्टिंग को लेकर बातें अपने आप बढ़ने लगीं। ये कोई औपचारिक चर्चा नहीं होती थी, लेकिन खाने के दौरान ऑडिशन, स्क्रिप्ट और परफॉर्मेंस जैसी बातें सामने आ ही जाती थीं। चंडीगढ़ और मुंबई के बीच उनका सफर देखकर मुझे समझ आया कि इस प्रोफेशन में कितनी मेहनत लगती है। फिर भी मेरे माता-पिता चाहते थे कि मैं पहले अपनी पढ़ाई पूरी करूं। कॉलेज में दाखिला लेना मेरे लिए एक बड़ा मोड़ था। पापा ने हमें सिखाया कि ये इंडस्ट्री सिर्फ टैलेंट की नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने की भी है। उनकी ये सीख आज भी मेरे साथ है।

# मुस्लिम पर्यावरण की दृष्टि से नदी की पूजा या प्राणायाम करें तो इसमें क्या गलत है?

### होसबोले ने कहा-भारतीय सांस्कृतिक जड़ें एक हैं, पूजा के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं



**गोरखपुर (एजेंसी)।** आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार से मुस्लिमों का क्या बिगड़ जाएगा। अगर नमाज पढ़ने वाले मुस्लिम पर्यावरण की दृष्टि से नदी की पूजा या प्राणायाम करेंगे तो इसमें क्या गलत है? होसबाले ने बुधवार को कहा कि प्रकृति को अपनाना भारत की सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा है और प्रकृति पूजा से जुड़ी प्रथाएं किसी भी धर्म के व्यक्ति के लिए हानिकारक नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि आरएसएस किसी भी व्यक्ति या समुदाय को अपना दुश्मन नहीं मानता और समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए समावेशिता में विश्वास करता है। गोरखपुर के खोराबार मैदान में एक 'हिंदू सम्मेलन' को संबोधित करते हुए होसबाले ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परंपराएं प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण से गहराई से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमान भी नदियों और पेड़ों की पूजा करते हैं, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। ये परंपराएं प्रकृति संरक्षण और सामूहिक भलाई से जुड़ी हैं।

होसबाले ने आगे कहा कि इसे संकीर्ण धार्मिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार एक वैज्ञानिक और स्वास्थ्य-उन्मुख अभ्यास है। इससे किसी को कोई नुकसान नहीं होता है और इसे करने से कुछ भी नहीं खोता है। हम ये नहीं कहेंगे कि तुम ये करो तो वो पूजा छोड़ दो, नमाज़ छोड़ दो। ये तो हम नहीं कहेंगे। सांस्कृतिक एकता पर जोर देते हुए होसबाले ने कहा कि भारतीय संस्कृति धार्मिक सीमाओं से परे सह-अस्तित्व और प्रकृति के प्रति सम्मान को बढ़ावा देती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि आरएसएस समाज के सभी वर्गों के बीच आपसी सम्मान और सद्भाव में विश्वास करता है। 'हिंदू-हिंदुत्व', 'राष्ट्र-राष्ट्रीयता', और 'भारत-भारतीयता' जैसे विषयों पर बोलते हुए होसबाले ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल चरित्र निर्माण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक जड़ें एक हैं। पूजा के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन धर्म एक है- सनातन। धर्म जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के अनुयायियों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल अपने लिए बल्कि दुनिया भर में मानवता के कल्याण के लिए मानवीय मूल्यों को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हिंदू धर्म को मानव धर्म बताया है। किसी भी देश के लोग इसका पालन कर सकते हैं। 21 जून को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव इसका एक स्पष्ट उदाहरण है।

# बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले हुमायू पर एआईएमआईएम की नजर, साथ में लड़ेंगे चुनाव!



**कोलकाता (एजेंसी)।** बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायू कबीर पर एआईएमआईएम की नजरें टिक गई हैं। चूंकि हुमायू 22 दिसंबर को अपनी नई पार्टी का ऐलान करने जा रहे हैं और उन्हे लगने लगा है कि वे पश्चिम बंगाल में निर्णायक भूमिका में आ जाएंगे। हालांकि ये सिर्फ एक सपने से ज्यादा कुछ नहीं है। लेकिन इसकी मजबूती को एआईएमआईएम ने और मजबूत करने का प्रयास किया है। माना जा रहा है आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों एक साथ चुनाव लड़ सकते हैं।

एआईएमआईएम की पश्चिम बंगाल इकाई हुमायूं कबीर के साथ हाथ मिलाने के पक्ष में दिखाई दे रही है। सांसद असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की पश्चिम बंगाल इकाई ने शुक्रवार को निलंबित विधायक के साथ गठबंधन करने की इच्छा व्यक्त की थी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इमरान सोलंकी ने कहा कि कबीर के साथ बातचीत चल रही है, जो छह दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद की नींव रखकर राजनीतिक बवाल खड़ा करने के बाद अल्पसंख्यकों की आवाज मुखरता से उठाने वाले एक बड़े नेता के रूप में उभरे हैं। सोलंकी ने कहा कि उन्होंने कबीर से पहले ही बात कर ली है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष अगले साल के विधानसभा चुनाव में 'कुछ सीट' पर तालमेल की संभावना तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय स्तर पर असदुद्दीन ओवैसी की मजबूत पकड़ के कारण हुमायूं कबीर एआईएमआईएम के साथ गठबंधन करने के इच्छुक हैं। हमारी भी कुछ चुनिंदा सीट पर गठबंधन की संभावना तलाशने में रुचि है। उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय हैदराबाद के सांसद का होगा।

तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर का कहना है कि बाबरी मस्जिद निर्माण के लिए 5 करोड़ का चंदा आ चुका है। उन्होंने बताया कि यह पहले से ज्यादा ऊंची बनने वाली है। साथ ही उन्होंने एसआईआर के मुद्दे पर कहा कि इसका मुर्शिदाबाद में कोई असर नहीं पड़ेगा। कबीर 22 दिसंबर को नई पार्टी का ऐलान करने जा रहे हैं।कबीर ने कहा, जहां वह मॉडल था, वहां से ज्यादा हाइट पर होगा, ज्यादा चौड़ा भी होगा। वो जो था उससे और ज्यादा 65 फुट ऊंचा होगा। उन्होंने मुर्शिदाबाद में 6 दिसंबर को मस्जिद की नींव रखी थी। उन्होंने जानकारी दी, 5 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। और जो मटेरियल आया है, वो भी डेढ़-दो करोड़ रुपये का होगा।विधायक ने नई पार्टी के ऐलान को लेकर कहा, नई पार्टी का ऐलान 22 दिसंबर को दोपहर 12 से 1 बजे तक होगा। इससे पहले उन्हें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी ने पार्टी से निलंबित कर दिया था। खबरें थीं कि मस्जिद की नींव रखने के ऐलान से ममता बनर्जी नाराज थीं। हालांकि, टीएमसी ने इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा था।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंनस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 **A** कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**